फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 216 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 10 मार्च , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Narrow Escape From A Deadly Trap**

We had fallen in a trap, masterminded by some of the timber smugglers, running this illegal activity under the garb of merchant shop in this village.

**The Universe Holds Secrets**

**TRAVEL: Planning To Escape?** Best places in India to beat the heat & chillax



*कम्बोडिया से चुराई गई शाही अंगकोर जूलरी का खजाना कंबोडिया को लौटा दिया गया है। अंगकोर के मध्यकालीन राजवंश की कुल 77 कलाकृतियाँ बीसवीं सदी के ख़मेर रूज काल और गृह युद्ध के दौरान देश से बाहर ले जाई गई थीं। पूर्वी एशिया में 9वीं से 14वीं सदी के बीच अंगकोर राजवंश महानतम ताकतों में से एक था। उनकी धर्मशासित राजधानी अंगकोरवाट, मध्यकालीन विश्व के सात अजूबों में से एक मानी जाती है और आज भी यह पृथ्वी का सबसे बड़ा धार्मिक कॉम्प्लैक्स है। कम्बोडिया के संस्कृति व कला मंत्रालय ने कहा कि, खजाने में कई ऐसे मुकुट भी हैं, जिन्हें राजाओं ने पहला था। सोने व अन्य कीमती धातुओं से बनी इन वस्तुओं में अंगकोर काल और उससे भी पहले के दौर की कलाकृतियाँ व आभूषण हैं, जिनमें मुकुट, हार, ब्रेसलैट, बैल्ट, झुमके और ताबीज़ प्रमुख हैं। सत्तर के दशक में जब कम्बोडिया गृह युद्ध और ख़मेर रूज के नरसंहार से त्रस्त था, उस समय यहां से हजारों कलाकृतियां लूटी गईं और थाईलैंड व हाँगकाँग के डीलर्स के जरिए यूरोप व अमेरिका के रईसों व म्यूज़ियमों को बेची गईं। गत वर्ष अमेरिकी नागरिकों व संस्थाओं ने स्वेच्छा से या कोर्ट के आदेश पर कई वस्तुएं लौटा दी थीं। कम्बोडिया के मंत्रालय ने बताया कि, 77 कलाकृतियाँ ब्रिटिश एंटीक्विटी डीलर डगलस लैचफोर्ड का परिवार ने लौटाई हैं। लैचफोर्ड का 2020 में अमेरिका में निधन हो गया, जहां उस पर कलाकृतियों की तस्करी के आरोप में मुकदमा चलाया जाने वाला था। कलाकृतियों में दसवीं सदी के हिंदू देवता स्कंद की मयूर पर विराजमान अद्भुत मूर्ति भी शामिल है। इससे पहले वाले वर्ष में लैचफोर्ड ने कांसे की और पत्थर की 5 मूर्तियां कम्बोडिया को लौटा दी थीं। कम्बोडिया के संस्कृति मंत्री ने कहा, कलाकृतियों की वापसी को हम नेक कार्य मानते हैं, जो न केवल एक देश की संस्कृति में योगदान को दर्शाता है बल्कि कम्बोडिया के प्रति दोस्ताना रूख को भी दर्शाता है जो ख़मेर रूज के भारी नरसंहार की दुखांतिका से पीड़ित रहा है।*

# 'मोदी के नेतृत्व में भारत पाकिस्तान द्वारा की गई किसी भी छेड़छाड़ का "मिलिटरी" जवाब देगा'

## अमेरिका की इन्टैलीजैंस एजेंसियों ने अमेरिका की कांग्रेस को प्रस्तुत अपनी वार्षिक रिपोर्ट ने अपना यह आकलन पेश किया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 मार्च। अमेरिका अपनी इन्टैलीजेन्स कम्युनिटी की एक सूचना पर उच्च श्रेणी की चौकसी बरत रहा है। इस कम्युनिटी ने अमेरिका के सांसदों को सूचित किया है कि भारत और पाकिस्तान तथा भारत और चीन के बीच तनाव इतना बढ़ चुका है कि इनके बीच अब तक का सबसे भीषण संघर्ष होने की आशंका है।

अमेरिकन इन्टैलीजेंस कम्युनिटी ने यह भी रेखांकित किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के अधीन भारत के द्वारा पाकिस्तान के किसी "वास्तविक या अनुभूत उकसावे के प्रति पहले की तुलना में सैन्य शक्ति का प्रयोग करने की अधिक संभावना है।

बुधवार को प्रस्तुत यह मूल्यांकन यू.एस. इन्टैलीजेंस कम्युनिटी के उउस वार्षिक चुनौती आकलन का भाग है, जिसे कांग्रेस की एक सुनवाई के दौरान डॉयरैक्टर ऑफ नैशनल इन्टैलीजेंस के ऑफिस द्वारा अमेरिकी कांग्रेस को दिया गया।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत और चीन जहां अपनी-अपनी सीमा को लेकर द्विपक्षीय वार्ताओं और बॉर्डर पॉइन्ट्स का मुद्दा सुलझाने में संलग्न है, वहीं वर्ष 2020 में इन दोनों देशों के बीच हुई सदी की सबसे घातक झड़प के बाद इनके संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

- **रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, पाकिस्तान का पुराना इतिहास है कि, वह भारत विरोधी आतंकवादी ग्रुप्स को समर्थन व सहायता प्रदान करता है। कश्मीर में हिंसा, अशांति या आतंकवादी आक्रमण की कोई भी घटना हिन्दुस्तान की ओर से सैनिक (मिलिटरी) कार्यवाही शुरू करवा सकती है।**
- **दूसरी ओर अमेरिका व पाकिस्तान में आतंकवादी विरोधी को रोकने के लिये दो दिन तक वार्ता चली। अमेरिका का अभी भी विश्वास है, दोनों देशों में आतंकवाद को रोकने के बारे में मतैक्यता है तथा यह मतैक्यता इस क्षेत्र में शांति बनाये रखने में अहम् भूमिका रखती है।**

इनमें कहा गया कि विवादित सीमा पर भारत और चीन का विस्तारित सैन्य रूख, इन दोनों परमाणु शक्ति सम्पन्न देशों के बीच सैनय संघर्ष का ऐसा जोखिम बढ़ाता है, जिसमें अमेरिका के नागरिकों और उसके हितों को प्रत्यक्ष चुनौती मिल सकती है, अतः इसमें अमेरिका के हस्तक्षेप करने की जरूरत है। दोनों के बीच पहले हुए गतिरोधों ने दर्शा दिया था कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एल.ए.सी.) पर हल्के-स्तर पर निरन्तर बने हुए टकराव के तेजी से विकराल रूप लेने की आशंका है।

पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में हुई सैन्य झड़प के बाद से भारत और चीन के संबंध एक तरह से बिगड़ चुके हैं।

भारत यह बात कहता आया है कि चीन से लगती सीमा पर जब तक शांति स्थापित नहीं हो जाती, तब तक उसके साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

रिपोर्ट के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच का संकट विशेष रूप से चिन्तित करने वाला है क्योंकि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# मोबाइल फोन क्यों तोड़े, ई.डी. ने सिसोदिया से पूछा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 मार्च। प्रवर्तन निदेशालय तिहाड़ जेल में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया (51) से दूसरी बार पूछताछ कर रहा है। यह पूछताछ शराब नीति में कथित अनियमितताओं के विषय में उनके द्वारा लिये गये नीतिगत निर्णयों तथा उनके द्वारा अपनाई गई टाइमलाइन को लेकर की जा रही है। सिसोदिया से उनके

- **दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट ने तिहाड़ जेल में दूसरी बार पूछताछ की। ई.डी. का कहना है कि, सिसोदिया मोबाइल फोन नष्ट किए जाने का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुसलमानों को लुभाने के लिए भाजपा ने नया नारा दिया

## इस "एक देश, एक डी.एन.ए." के नारे के तहत गतिविधि वैस्टर्न यू.पी. से आरंभ की जायेगी

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 मार्च। अगले वर्ष के संसदीय चुनावों से पहले मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये, भाजपा पुरस्कार और दंड की नीति अपनाती प्रतीत हो रही है।

अल्पसंख्यक मुस्लिमों को लक्ष्य करके बनाये गये एक सम्पर्क-कार्यक्रम के अन्तर्गत, भगवा पार्टी एक "स्नेह मिलन" अभियान चलायेगी, जिसकी टैगलाइन होगी- "एक देश, एक डी.एन.ए.।" इस अभियान की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होगी। पार्टी सूत्रों ने कहा, "मई में ईद के बाद शुरु होने वाले इस अभियान से प्रत्येक गाँव के मुखिया और प्रधान जोड़े जायेंगे।"

भाजपा नेता अपने चुनाव-प्रचार के भाषणों में प्रायः मुस्लिम समुदाय को निशान्त बनाते हुये सुनाई देते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत वर्ष अपने प्रचार के दौरान दिये गये भाषणों "80:20 के अनुपात" का जिक्र किया था। अपने दूसरे कार्यकाल के शुरु होते ही, आदित्यनाथ ने "बुलडोज़र राजनीति" भी अपनाई थी, जिसमें अधिकांशतः

- **वैस्टर्न यू.पी. में, विशेषकर हिन्दू व मुसलमान के बीच कई पुरानी पारम्परिक व सांस्कृतिक समानताएं हैं। यहां तक की "सरनेम" भी कॉमन हैं, जैसे त्यागी, चौहान, तोमर, राव आदि।**
- **भाजपा रणनीतिकार अब यह महसूस कर रहे हैं कि, मुसलमान विरोधी सोच उन्हें यहां तक तो ले आया, पर, अब आगे बढ़ने के लिये मुसलमानों को साथ लेना होगा।**
- **अब तक भाजपा हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिये काफी हद तक मुसलमान विरोधी रवैया व सोच ही रखती थी। यू.पी. के मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी पारी शुरू करने से पहले 80:20 का नारा दिया था तथा जे.सी.बी. अभियान चलाया था "अतिक्रमण" तोड़ने के लिये।**
- **अब रणनीति में कुछ परिवर्तन कर, मुसलमानों को रिझाने के लिये, पसमन्दा मुसलमानों के सम्मेलन, सूफी संवाद महा अभियान, आदि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अडानी मामले में "लाई डिटैक्टर टैस्ट" करवाएं मोदी'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 मार्च। एनफोर्समैन्ट डायरेक्ट्रेट (ई.डी) द्वारा दिल्ली शराब नीति केस में पूछताछ करने के लिये के. कविता को सम्मन भेजे जाने के एक दिन बाद ही, भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) ने मोदी सरकार पर जबरदस्त हमला शुरु कर दिया है। के. कविता बी.आर.एस. प्रमुख तथा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की पुत्री हैं।

- **तेलंगाना के मुख्यमंत्री की पुत्री को दिल्ली के "लिकर कांड" में सम्मन दिए जाने से भड़की, भारत राष्ट्र समिति ने मोदी पर अडानी को लेकर हमला बोला।**

जैसे ही, कविता गुरुवार को पूछताछ के सिलसिले में तथा मोदी सरकार के खिलाफ भूख-हड़ताल करने के लिये पहुँची, उनके भाई के.टी. रामाराव ने दृढ़ स्वर में कहा कि गौतम अडानी प्रधानमंत्री का "प्रॉक्सी" है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खड़गे ने क्यों कहा, वे खुश और संतुष्ट हैं अशोक गहलोत सरकार से

## खड़गे के इस ट्वीट से राजस्थान के कांग्रेसी न केवल हैरान बल्कि स्तब्ध भी हैं

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 मार्च। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सशक्त मैसेज दिया है कि वे अशोक गहलोत सरकार से खुश एवं संतुष्ट हैं।

एक ट्वीट, जिसने राजस्थान को चकित भी कर दिया और स्तब्ध भी, में उन्होंने गहलोत की इंदिरा थाली योजना का समर्थन किया और तारीफ की तथा कहा कि इससे 9.3 करोड़ लोगों को लाभ हुआ है।

यह योजना काफी समय से चल रही है, इसलिए सवाल यह उठता है कि खड़गे ने गहलोत सरकार की इतनी तारीफ क्यों की और क्यों यह संकेत दिया कि गहलोत सरकार अच्छा काम कर रही है। ऐसे समय में जब वरिष्ठ नेता सचिन पायलट नेतृत्व परिवर्तन के लिए मांग कर रहे हैं कि राजस्थान में नेतृत्व बदला जाए, तब खड़गे ने यह ट्वीट क्यों किया है।

सवाल पूछा जा रहा है, क्या यह उचित है कि खड़गे राजस्थान सरकार पर एक तरफा राय बनाएं व दूसरे गुट के नजरिए की पूरी तरह से अनदेखी कर दें। सवाल फिर से यही उठता है कि खड़गे गहलोत को पूरी तरह से समर्थन देने जा रहे हैं और उन्हें राजस्थान, जहां चुनाव होने जा रहे हैं, में पार्टी का सबसे सशक्त दांव मानते हैं तो सचिन पायलट

- **सवाल यह उठता है अगर नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व उनकी सरकार से खुश और संतुष्ट हैं तो सचिन पायलट से किए गए वायदों का क्या होगा।**
- **मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान सरकार की 8 रू. की इंदिरा थाली योजना के लिए गहलोत सरकार की प्रशंसा में ट्वीट किया, जिससे राजनैतिक हलकों में बहस छिड़ गई है।**
- **सूत्रों का कहना है कि गांधी परिवार खड़गे के निर्णय में हस्तक्षेप नहीं करेगा, संभवतया वह हस्तक्षेप करने का इच्छुक भी नहीं लगता है।**
- **पार्टी के एक नेता ने कहा कि अगर सोनिया व राहुल में गहलोत को हटाने की हिम्मत होती तो वे अब तक ऐसा कर चुके होते।**
- **बात स्पष्ट है राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका ने सचिन को मुख्यमंत्री बनाने के वायदे तो कई बार किए पर आज तक इस पर अमल नहीं किया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जब तक एडवोकेट प्रोटैक्शन बिल पेश नहीं होगा, हड़ताल जारी रहेगी, वकीलों की चेतावनी

## वकीलों की हड़ताल का मुद्दा हाई कोर्ट पहुंचा, हाई कोर्ट ने बार एसोसिएशन को नोटिस जारी किया, 21 मार्च को होगी सुनवाई

जोधपुर/जयपुर, 9 मार्च (कासं)। राजस्थान में चल रही वकीलों की हड़ताल का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। गुरुवार को जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट की स्पेशल डिवीज़नल बैंच ने सुनवाई की।

कार्यवाहक चीफ जस्टिस एम एम श्रीवास्तव व जस्टिस विजय विश्नोई की बैंच ने राज्य भर के सभी बार संघ को नोटिस जारी किया। साथ ही, इन संघ के अध्यक्ष व सचिवों से 21 मार्च तक शपथ पत्र मांगा है।

नोटिस में पूछा गया है कि उन्होंने किस कारणवश हड़ताल की है और क्यों नहीं उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। अब इस मामले में 21 मार्च को अगली सुनवाई होगी। प्रदेशभर के वकीलों एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर 13 मार्च को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की। वकीलों की हड़ताल के चलते नोटेरी से लेकर सारे न्यायिक काम ठप पड़े हैं।

गौरतलब है कि 18 फरवरी को जोधपुर के माता का थान क्षेत्र में वकील जुगराज चौहान की बीच रास्ते चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद जोधपुर के वकील हड़ताल पर चले गए और वे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लाने की मांग करने लगे।

धीरे-धीरे इस एक्ट के समर्थन में प्रदेश के अन्य वकील भी उतर गए। प्रदेशभर के एडवोकेट हड़ताल पर हैं। वकीलों का कहना है कि उन पर लगातार हमले हो रहे हैं। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होना चाहिए। इधर, वकीलों की हड़ताल के चलते कोर्ट के सारे काम ठप पड़े हैं। लगातार 21 दिनों से न्यायिक कार्य प्रभावित होने के चलते हाईकोर्ट ने 2 मार्च को संज्ञान लिया था। इसी दिन पहली सुनवाई थी। इस दौरान समझाने का भी प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को नोटिस जारी किया है। एडवोकेट एसोसिएशन, जोधपुर के अध्यक्ष रणजीत जोशी ने बताया कि 13 मार्च को राजस्थान के सभी एडवोकेट विधानसभा का घेराव करेंगे। लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि भंसाली ने बताया कि राजस्थान में 1 लाख 10 हजार वकील हड़ताल पर हैं। प्रदेश में मुख्य रूप से 5 बार एसोसिएशन हैं, तीन जयपुर में व दो जोधपुर में, प्रदेशभर में 300 बार एसोसिएशन हैं। अभी हड़ताल के चलते कोर्ट में केस की सुनवाई, जमानत, स्टे पिटीशन दायर करने के काम प्रभावित हो रहे हैं। वकीलों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति और वकीलों के बीच सहमति बनी है। गुरुवार को वकीलों के साथ मंत्रिमंडलीय उप समिति ने चर्चा की।

विधि व संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लालचंद कटारिया, रामलाल जाट व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सुभाष गर्ग वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए और कैबिनेट मंत्री महेश जोशी व प्रतापसिंह खाचरियावास फिजिकल तौर पर शामिल हुए। वहीं विधि विभाग के प्रमुख विधि सचिव ज्ञान प्रकाश गुप्ता, विधि सचिव अनुपमा बिजलानी व एजी के प्रतिनिधि के तौर पर एएजी डॉ. विभूति भूषण शर्मा भी शामिल हुए, जबकि वकीलों की ओर से बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा, महासचिव मनोज कुमार

- **सी.जे. श्रीवास्तव की बैंच ने बार एसोसिएशन व वकीलों को नोटिस जारी कर पूछा कि, उन्होंने हड़ताल क्यों की है, क्यों ना उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।**
- **इधर गुरूवार को वकीलों व मंत्रिमंडल उपसमिति के बीच सहमति बनी है, एडवोकेट प्रोटैक्शन बिल 15 मार्च को विधानसभा में पेश हो सकता है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'इंसाफ विपक्षी दलों का कॉमन प्लेटफॉर्म बन सकता है'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 मार्च। जाने-माने सीनियर एडवोकेट एवं निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल का कहना है कि उनका नवगठित संस्थान "इंसाफ" गैर-चुनावी है, किन्तु यह एक राजनीतिक प्लेटफॉर्म है और भारत में वर्ष 2014

- **वरिष्ठ वकील व स्वतंत्र सांसद कपिल सिब्बल ने गत शनिवार को स्थाापित "इंसाफ" मंच के बारे में बताते हुए यह भी कहा कि, यह राजनैतिक प्लेटफॉर्म है, पर चुनाव नहीं लड़ेगा।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**नारी की उन्नति पर ही राष्ट्र की उन्नति या अवनति निर्धारित है। –अरस्तु**

# महिलाओं के साथ व्यक्तिगत कानूनों में भेदभाव किया गया है, अत: वे समाप्त होने चाहिये। समान नागरिक संहिता लागू करना आवश्यक है।

जस्टिस अरूण मिश्रा चेयरपर्सन राष्ट्रीय ह्यूमन राइट कमीशन ने मानव अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये अपने अभिभाषण में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है, जिसके अभाव में उनकी सामाजिक उन्नति नहीं हो सकती। इसके अतिरिक्त उनकी दयनीय दशा को सुधारना भी जरूरी है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। महिलाओं में क्वालिटी एमपावरमेंट के लिये विकास व शिक्षा आवश्यक है। समय आ गया है जब महिलाओं में भेदभाव तथा जेन्डर वायलेंस अब समाप्त होना चाहिये। मानव अधिकार दिवस पर आयोजित सभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि थीं तथा यूनाइटेड नेशन्स प्रेसीडेन्ट कार्डिनेटर शोम्बी शार्प भी उपस्थित थे।

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को पुरूष के समान अधिकार मिलने चाहिये तथा उन्हें गरिमामय जीवन प्राप्त होना चाहिये, जिनके अभाव में कार्यक्रम निर्थक ही रहेगा। जस्टिस मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि अब अनुच्छेद 44 को लागू करना अर्थात् समान नागरिक संहिता बनाना और लागू करना आवश्यक है। उनके कथन का समर्थन यू.एन. के अध्यक्ष कोर्डिनेटर ने जो लिखित संदेश यू.एन. के सेक्रेटरी जनरल द्वारा भेजा गया है उसको पढ़ा उससे भी यही अभिव्यक्त होता है।

लेखक ने पूर्व में एक सम्पादकीय में अनुच्छेद 44 की व्याख्या करते हुये लिखा था कि अनुच्छेद 37 में दिये गये निर्देश, प्रवर्तनीय हैं, क्योंकि संविधान के भाग 3 में तथा भाग 4 में अधिकार वस्तुत: मानव अधिकार ही हैं जो न्यायालय से लागू कराये जा सकते हैं। भाग 3 के अधिकर राजनैतिक मूल अधिकार हैं, और भाग 4 के अधिकार सामाजिक व आर्थिक मूल अधिकार हैं। इन्हें कोर्ट के द्वारा लागू कराये जा सकते हैं। डा. अम्बेडकर ने निदेशक तत्वों के संबंध में कहा था कि ये निदेशक तत्व (सिद्धान्त) केवल मात्र पूज्यनीय घोषणायें नहीं हैं अपितु अनुदेशों के दस्तावेज के रूप में हैं। ये सिद्धान्त कल्याणकारी राज्य की स्थापना के हेतु आवश्यक हैं और शासन के कर्त्तव्य हैं।

पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ने विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कहा था, अनुच्छेद 44 को लागू न करना भारतीय डेमोक्रेसी की असफलता है, हम जितनी जल्दी प्रयास करें वही अच्छा होगा। जस्टिस हेगडे पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि धर्म के आधार पर पर्सनल लॉ अब मध्यकाल की बात है। इसे लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है।

समान नागरिक संहिता को लेकर समय समय पर याचिकायें सुप्रीम कोर्ट में पेश होती रही हैं और यह कहकर उनका निस्तारण किया गया है कि अनुच्छेद 37 जो संविधान के भाग 4 का भाग है वह नीति निदेशक तत्वों का ही एक हिस्सा है और कोर्ट, राज्य को अथवा संसद को यह निर्देश नहीं दे सकती कि संसद समान नागरिक संहिता पर कानून बनाये। कुछ समय पूर्व भी कई याचिकायें सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई हैं, जिनमें भी यही आपत्ति उठाई गई हैं कि अनुच्छेद 37 के अनुसार नीति निदेशक सिद्धान्तों को कोर्ट के माध्यम से लागू नहीं कराया जा सकता।

माननीय सुप्रीम कोर्ट अब पिटीशन्स को इस आधार पर खारिज नहीं करना चाहती है और आपसी सहमति से न्याय संगत मार्ग ढूंढ रही है। सभी पक्षों से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

समान नागरिक संहिता गोवा में लागू है। कई राज्यों में घोषणायें की हैं कि वे इस विचार धारा के पक्ष में हैं, राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जावेगी। लॉ कमीशन भी यह मानता है कि समान नागरिक संहिता लागू हो। वर्तमान ह्यूमन राइट कमीशन के चेयरपर्सन जस्टिस अरूण मिश्रा ने कुछ दिनों पूर्व ही कहा था कि व्यक्तिग कानूनों में महिलाओं के साथ भेदभाव किया गया है।

**इसके अतिरिक्त संसार के सभी देश अब यह मानते हैं कि मानव अधिकार वहीं हैं, जिन्हें संविधान में मूल अधिकार दिया है और नीति निदेशक तत्व नागरिकों को सोशल व आर्थिक अधिकार देता है। इसका अर्थ यही है हमें संविधान ने जो मूल अधिकार दिये हैं तथा भाग 4 में नीति निदेशक तत्वों का उल्लेख है वे सब मानव अधिकार ही हैं।**

सन् 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो व श्रीमती जोर्डन डेंग देह के केसेज में तथा इनके 10 वर्ष बाद सरला मुदगल के केस में स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता पर कानून बनाना चाहिये, किन्तु माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये मामले कानून बनाने से संबंध रखते हैं और संसद के अधिकार क्षेत्र हैं। इन दिनों में जो याचिकायें प्रस्तुत की गई हैं उनमें यही आपत्तियां उठाई गई हैं। न्यायालय का ध्यान भी आकर्षित किया गया है कि कई राज्यों ने समान नागरिक संहिता पर कानून बनाने की घोषणा की है। विधि आयोग की सिफारिश भी कानून बनाने की है।

अनुच्छेद 37 को हमें संविधान के अन्य प्रावधानों को समझना है। अनुच्छेद 45 में 10 साल की अवधि निर्धारित की थी जिस अवधि में 8वीं क्लास की शिक्षा राज्य को फ्री व अनिवार्य रूप से देनी थी। यह बंधन राज्य के ऊपर बाध्यकारी था, किन्तु उसे अनाधिकृत रूप से तरमीम कर दिया। अन्य प्रावधानों के हेतु राज्य की आर्थिक स्थिति के अनुरूप योजना को शीघ्र से शीघ्र लागू करना था। इसके अतिरिक्त संविधान के भाग 4 में जो नीति निदेशक तत्व दिये हैं उन्हें लागू करना होगा यदि उनकी समीक्षा के समय मूल अधिकार खण्डित होते हों वर्तमान में राज्य की स्थिति शिक्षा के भार को वहन करने में समर्थ है तथा ह्यूमन राइट कमीशन के अध्यक्ष जस्टिस मिश्रा ने अपने एक सम्बोधन में कहा था कि महिलाओं के सशक्तिकरण विकास व शिक्षा की आवश्यकता है। महिलाओं के साथ Discreminiation भेदभाव और जेन्डर वॉयलेन्स समाप्त होना चाहिये। इसका अर्थ है महिलाओं को जीने का अधिकार पुरूषों जैसे समान अधिकार देना आवश्यक है। अब समय आ गया है जब समान नागरिक संहिता लागू करना ही चाहिये। अनुच्छेद 44 निर्देश देता है वह Dead Letter नहीं रह सकता।

इसके अतिरिक्त संसार के सभी देश अब यह मानते हैं कि मानव अधिकार वहीं हैं, जिन्हें संविधान में मूल अधिकार दिया है और नीति निदेशक तत्व नागरिकों को सोशल व आर्थिक अधिकार देता है। इसका अर्थ यही है हमें संविधान ने जो मूल अधिकार दिये हैं तथा भाग 4 में नीति निदेशक तत्वों का उल्लेख है वे सब मानव अधिकार ही हैं। लगभग सभी देश यह मानते हैं कि All Human Rights are Fundamental Rights चूंकि भाग III व भाग IV के अधिकार कोर्ट में Enforceable है अत: अनुच्छेद 37 यहाँ लागू नहीं है। इसी आधार पर यह कहा जा सकता है कि शाहबानो का 1985 का केस अब Relevant नहीं रहा।

समान नागरिक संहिता के केस को न्यायालय को नई दृष्टि से परीक्षण व निर्णित करना है। नीति निदेशक तत्वों को देश के विकास के साथ आगे बढ़ाना होगा। संविधान ने हमें जो सुनहरे सपने दिखाये हैं, उन्हें पूरा करना होगा।

व्यक्तिगत कानून सभी धर्मों के अलग-अलग हैं, किन्तु जैन व सिखों को परिभाषा के द्वारा हिन्दू मान लिया गया। सिखों ने इसे चुनौती भी कोर्ट में दी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय दिनांक 21.8.2006 **Kanya Junior High School Bal Vidhya Mandair Vs State of U.P.; 2006(11) SCC 92" में यह माना है कि जैन हिन्दू नहीं हैं। जैन हिन्दू धर्म से बहुत प्राचीन है वह स्वतंत्र धर्म है। 26 जनवरी 1950 से पूर्व ही उन्होंने प्रोटेस्ट किया था, किन्तु आज तक उसे हिन्दू धर्म का एक भाग माना है और सिख व जैन धर्मावलम्बी को हिन्दू मैरिज एक्ट आदि में हिन्दू माना गया है जो संवैधानिक रूप से उचित नहीं है। अनुच्छेद 25 के सब क्लॉज (बी) ऑफ क्लॉज 2 को पढ़ें तो सच उजागर होगा कि जैन, सिख, बौद्ध मंदिरों में प्रवेश के लिये इन्हें हिन्दू माना गया है। प्रत्येक धर्म के अपने-अपने सिद्धान्त हैं, अत: डीमिंग क्लॉज द्वारा जैनों को हिन्दू नहीं माना जा सकता है। संविधान लागू होने से पहले ही जैनों ने प्रोटेस्ट किया था और उन्हें समझाया गया था कि जैन बौद्ध व सिख केवल मंदिर में प्रवेश के हेतु ही हिन्दू हैं। जैनों ने बाद में भी कई प्रतिवेदन सरकार को किये किन्तु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। जैनों ने कोई कार्यवाही नहीं की क्योंकि संविधान ने समान नागरिक संहिता लागू करने का विश्वास दिया था।

देश की एकता व अखण्डता के लिये। सभी नागरिकों में समता, समरसता व समानता का व्यवहार हो, कोई भेदभाव नहीं इस हेतु समान नागरिक संहिता लागू करना आवश्यक है। नीति निदेशक तत्वों के चेप्टर IV में जिन विषयों का उल्लेख है, उसमें समान नागरिक संहिता भी है। व्यक्तिगत कानूनों में महिलाओं के साथ भेदभाव है। संविधान निर्माताओं ने चेप्टर IV में राज्य को निर्देश दिये हैं कि राज्य समान नागरिक संहिता लागू करेगा, यह प्रावधान काफी विचार-विमर्श के साथ लागू किया गया था अत: इस पर अब कोई विपरीत बात नहीं की जा सकती। इसे लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है। संविधान लागू होने के बाद अब बहस का विषय नहीं हो सकता। भाग III व भाग IV के विषय संविधन के आधारभूत ढांचे के अभिन्न अंग हैं।?

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# दुनिया को सेहतमंद बनाएगा भारतीय मोटा अनाज



डॉ. एम अंगमुथु

अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (आईवाईओएम) 2023 में जी-20 की थीम 'मिलकर उबरेंगे, मिलकर मजबूत होंगे' के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारत पौष्टिकता से भरपूर मोटे अनाज के निर्यात पर अधिक जोर देकर एक सेहतमंद दुनिया बनाना चाहता है। परंपरागत रूप से उगाए और औषधीय गुणों वाले अनाज भारत की नई पहचान बना रहे हैं। इसकी खेती से पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होता है। बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू अब विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहे हैं।

कोविड-19, जलवायु परिवर्तन, कैलोरी सेवन संबंधी जागरूकता को लेकर ऐसे नुकसानदेह परिवर्तन देखने को मिले हैं, जिससे दुनिया का ध्यान इस स्मार्ट फूड (पौष्टिक मोटा अनाज) और इसके पोषण लाभ की ओर गया।

19 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत मोटे अऩाज का सबसे बड़ा उत्पादक है और अब देश ने मोटे अनाज की क्रांति लाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा रखी है। एपीडा की मार्केटिंग रणनीति के साथ दुनियाभर में मोटे अनाज के आयात को लक्षित कर भारत के निर्यात में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया जा रहा है।

मोटे अनाज की निर्यात संवर्धन रणनीति के हिस्से के रूप में संबंधित संस्थान ने मिलेट सम्मेलन आयोजित किया। इसका उद्देश्य भारत को आगे ले जाने और व्यापार करने वाले शीर्ष 100 देशों के बीच पोषण महत्व के साथ मोटे अनाज के मूल्यवर्धित नए उत्पादों की व्यापक श्रृंखला को प्रदर्शित कर जागरूकता लाना था। भारत की ओर से पेश किए जाने वाले अनूठे उत्पादों को दिखाने के लिए खरीदारों को आमंत्रित किया गया। दुनियाभर में हर शख्स के खाने की प्लेट और हर भोजन में भारतीय मोटे अनाज की जगह सुरक्षित करना मकसद है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाले कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की योजना 2025 तक 100 मिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने की है। भारत की क्षमता का आकलन करते हुए एक व्यापक वैश्विक मार्केटिंग अभियान तैयार किया जा रहा है। इसके अनुसार 30 आयातक देशों और 21 मोटे अनाज के उत्पादक राज्यों का ई-कैटलॉग तैयार किया गया है। मोटे अनाज और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए एक वर्चुअल ट्रेड फेयर प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है।

पूरी दुनिया पोषण सुरक्षा की तरफ बढ़ रही है, ऐसे में एक दशक में मोटे अनाज के अंतर्राष्ट्रीय आयात में 5.4 प्रतिशत मूल्य में और 14 प्रतिशत मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई है। अपनी विशेष और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण मोटे अनाज की तरफ पूरी दुनिया का ध्यान गया है क्योंकि यह ग्लूटेन-मुक्त, उच्च प्रोटीन और उच्च फाइबर का स्त्रोत होता है। चावल और गेहूं का विकल्प होने के नाते, मोटा अनाज मधुमेह प्रबंधन, वजन घटाने में निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) में मदद के साथ ही खून की कमी, रक्तचाप और हृदय संबंधी परेशानियों में फायदेमंद है।

हर तरह से मोटे अनाज को गेहूं, चावल और मक्के से बेहतर माना जाता है और अगर भारत पौष्टिक मोटे अनाज के साथ रोग उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ता है तो ये मधुमेह रोगी और खून की कमी वाली महिलाओं के लिए सुझाए गए आहार में एक तिहाई अनाज की जगह ले सकता है। रोज प्रति व्यक्ति 100 ग्राम मोटा अनाज खाया जाता है तो भारत पोषक अनाज वर्ष (आईवाईओएम) के 'मोटा अनाज, हर आहार में एक प्रमुख भोजन' के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। भारतीय मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार 16 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कर विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में व्यापारियों, एफपीओ/ एफपीसी, निर्यातकों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम कर रही है। एफएओ द्वारा रोम, इटली में अपने मुख्यालय में आयोजित आईवाईओएम 2023 के एक कार्यक्रम में भारत पहले ही मोटे अनाज और इसके मूल्य-वर्धित उत्पादों को बढ़ावा दे चुका है। भारतीय दूतावास के सहयोग से जकार्ता और मेडन, इंडोनेशिया में क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित की गईं। गल्फफूड 2023- दुबई यूएई, फूडेक्स- जापान, फाइन फूड- ऑस्ट्रेलिया, अनुगा फूड फेयर, जर्मनी आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भागीदारी और 'मोटा अनाज' की थीम के साथ प्रचार में सहयोग के लिए योजनाएं तैयार हैं।

बाजरे को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख आयातकों/डिपार्टमेंटल स्टोर/सुपर मार्केट/हाइपर मार्केट श्रृंखला को भारतीय दूतावास के जरिए जोड़ा जाएगा और भोजन के नमूने व स्वाद चखने का अभियान आयोजित किया जाएगा। आईबीईएफ के सहयोग से लक्षित देशों और बाजारों में भारतीय मोटे अऩाज की ब्रांडिंग/प्रचार किया जाएगा। सोशल मीडिया के जरिए भी प्रचार अभियान चलाया जाएगा।

राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश भारत के पांच बड़े मोटे अनाज के उत्पादक राज्य हैं।

मोटे अनाज की 16 प्रमुख किस्में पैदा की जाती हैं जिसका उत्पादन और निर्यात किया जाता है। इसमें सोरघम (ज्वार), पर्ल मिलेट (बाजरा), फिंगर मिलेट (रागी), छोटे दाने वाला बाजरा (कंगनी), प्रोसो मिलेट (चेना), कोदो मिलेट (कोदो), बार्नयार्ड मिलेट (सावा/सांवा/झांगोरा), छोटा बाजरा (कुटकी), दो छद्म बाजरा (बकवीट/कुट्टू), अमरंथ (चौलाई), ब्राउन टॉप बाजरा शामिल हैं।

भारत से मोटे अनाज के निर्यात में मुख्य रूप से साबूत अनाज शामिल है और मोटे अनाज के मूल्यवर्धित उत्पादों की हिस्सेदारी नगण्य है। सरकार खाने के लिए तैयार (आरटीई) और परोसने के लिए तैयार (आरटीएस) श्रेणी के मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को भी तैयार कर रही है।

इसमें नूडल्स, पास्ता, ब्रेकफास्ट अनाजों का मिश्रण, बिस्कुट, कुकीज, स्नैक्स, मिठाई आदि शामिल हैं।

भारत के प्रमुख मोटा अनाज निर्यातक देश यूएई, नेपाल, सऊदी अरब, लीबिया, ओमान, मिस्त्र, ट्यूनीशिया, यमन, यूके और यूएसए हैं। भारत से निर्यात की जाने वाले मोटे अनाज की किस्मों में बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू शामिल हैं। सोरघम, कैनरी, बाजरा और रागी के निर्यात से अच्छे दाम देने वाले देशों में अमेरिका शीर्ष पर है जबकि सऊदी अरब कुट्टू और दूसरे मोटे अऩाज निर्यात पर बेहतर रिटर्न देता है। आमतौर पर, सोरघम (ज्वार) और अन्य मोटे अनाज की तुलना में कुट्टू को अच्छी कीमत मिलती है। दुनिया में मोटे अनाज का आयात करने वाले प्रमुख देशों में इंडोनेशिया, बेल्जियम, जापान, जर्मनी, मेक्सिको, इटली, अमेरिका, यूके, ब्राजील और नीदरलैंड हैं।

हर आहार में मुख्य भोजन के रूप में मोटे अनाज को शामिल करने के उद्देश्य के साथ भारत दुनिया भर में मोटे अनाज को बढ़ावा दे रहा है।

**–डॉ. एम अंगमुथु,**
**अध्यक्ष, एपीडा**

# पंकज कुमार सिंह ने उत्तर-पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल के डी.आर.एम. का कार्यभार संभाला

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल में नए मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व इन्होंने उत्तर रेलवे के परिचालन, कोच रखरखाव, लोको ऑपरेशन, लोको मेंटेनेंस, कोच डिजाइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर इत्यादि विभिन्न उत्तरदायित्वों पदों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया हैं।

- **सिंह 1992 बैच के रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सर्विस के अधिकारी हैं**

सिंह 1992 बैच के रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सर्विस के अधिकारी हैं। इन्होंने मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग डिग्री करने के बाद आईआईटी दिल्ली से मास्टर डिग्री हासिल की और सीएमसी लिमिटेड में बतौर कंप्यूटर इंजीनियर की नौकरी शुरू की।



उत्तर-पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल में नए मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया।

जोधपुर रेल मंडल के नए डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सुश्री गीतिका पाण्डेय भी शामिल हुए। इससे पहले दोनों के बीच लंबी चर्चा हुई। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज जैन एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक मनोज गुप्ता ने गीतिका पाण्डेय का पुष्पगुच्छ व साफा पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ ही दोनों अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा नए डीआरएम को भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। नए डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यह मेरा जोधपुर आने का पहला सौभाग्य रहा है। जोधपुर मंडल पर संरक्षा और सुरक्षा पर फोकस किया जाएगा तथा यात्री सुविधाओं पर विशेष नजर रहेगी। इसके साथ ही मंडल पर चल रहे डेवलपमेंट कार्यों को और तीव्र गति से बढ़ाते हुए कार्यों का निष्पादन किया जाएगा।

मंडल में आयोजित सभागार कक्ष में विदाई समारोह के दौरान गीतिका पाण्डेय ने कहा कि मंडल रेल प्रबंधक, जोधपुर के पद पर कार्य करते हुए लगभग ढाई साल के सफल व यादगार कार्यकाल को पूर्ण करने की मुझे हार्दिक प्रसन्नता है। इसकी सफलता का श्रेय मैं अपने सभी रेल यात्रियों, रेल उपभोक्ताओं, रेल कर्मियों और रेलवे से जुड़े सभी आमजन को देती हूं। इनके द्वारा समय-समय पर दिए गए कीमती सुझावों पर रेल प्रशासन ने कार्य कर, यात्री संतुष्टि के लक्ष्य को हासिल किया है। मेरी आप सभी से अपील है कि एक नई व स्वच्छ रेल बनाने में आप रेल प्रशासन को अपना निरंतर सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

# किशनगढ़ बास और गांव जाटका की सीमा के फेर में फंसे ट्यूबवैल

- **स्वीकृत नलकूप नहीं लगाए गए तो गर्मी में पीने के पानी की किल्लत बन सकती है**
- **ग्रामीणों के विरोध के चलते 10 दिन से मशीन खड़ी है**
- **विधायक व एसडीएम से वार्ता कर अधिकारी लगे हैं प्रयास में**

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** पानी की किल्लत को देखते स्वीकृत 4 नलकूप पहले महीनों से टेंडर नहीं हो पाने के कारण अटके रहे। अब टेंडर हो गए तो लोग होने नहीं दे रहे हैं। नलकूपों का कार्य बीच में ही रोक देने से अधर झूल में अटका है और 10 दिन से मशीन खड़ी है। ग्रामीणों का आरोप है अधिकारी गांव की जमीन पर ट्यूबवेल कराकर किशनगढ़ बास पानी लेकर जाना चाहते हैं। ग्रामीणों के विरोध के बाद अधिकारी कार्मिक अब असमंजस की स्थिति में है। चर्चा है ग्रामीणों की समझाइश को लेकर अधिकारी विधायक और एसडीएम से भी मिले हैं लेकिन अभी तक ट्ययूबेल का काम शुरू नहीं हो सका है।

पानी की किल्लत को देखते हुए 4 ट्यूबवेल किशनगढ़ बास में स्वीकृत किए हुए हैं लेकिन वर्क आर्डर जारी नहीं होने के कारण नलकूप का कार्य नहीं हो पा रहा है। समय रहते किशनगढ़ बास में स्वीकृत नलकूप नहीं लगाए गए तो गर्मी में पीने के पानी की किल्लत बन सकती है। खबर प्रकाशित होने के 15 दिन बाद ही ट्ययूबेल लगाए जाने के लिए विभाग की ओर से वर्क आर्डर ठेकेदार को जारी कर दिए गए। विभाग के अधिकारी कार्मिकों ने बताया चार नए ट्यूबवेल लगाए जाने की स्वीकृति मिलने पर किशनगढ़ बास के बांसड़ा गांव की पहाड़ी के पास स्थित इंदिरा कॉलोनी में ट्यूबवेल करा दिया गया है इसमें ढेड से दो इंची पानी है जिससे इंदिरा कॉलोनी के आसपास मकानों की पूर्ति की जाएगी। एक ट्ययूबवेल बास कृपाल नगर में होना है। इसके अलावा तिजारा रोड भारतीय कॉलेज और कोटकासिम सर्किल के पास ट्ययूबेल कराने का कार्य शुरू किया तो आसपास के लोगों ने विरोध कर हो रहे ट्ययूबेल के काम को बीच में ही यह कहकर रोक दिया कि गांव की जमीन के पानी को किशनगढ़ बास नहीं ले जाने देंगे। भारतीय कॉलेज और कोटकासिम सर्किल की सीमा ग्राम पंचायत जाटका की है जबकि ट्ययूबवेल किशनगढ़ बास के लिए स्वीकृत है। अब सवाल यह उठता है कि अधिकारियों को यह बात पहले से मालूम थी तो फिर दूसरे गांव की सीमा में ट्ययूबेल क्यों कराए।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता प्रदीप शर्मा ने बताया कि किशनगढ़ बास में 4 नए ट्ययूबवेल कराए जाने है बांसड़ा की इंदिरा कॉलोनी में ट्ययूबवेल का कार्य पूरा हो चुका है। एक ट्ययूबेल बास कृपाल नगर में किया जाना है तथा दो ट्ययूबवेल किशनगढ़ बास के तिजारा रोड पर होने हैं।


शर्मा ने बताया कि तिजारा रोड पर ट्ययूबवेल कराए जाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था लेकिन विरोध के कारण रुका हुआ है। विधायक एवं एसडीएम से वार्ता हो चुकी है जल्द ही ट्ययूबवेल कराए जाएंगे। किशनगढ़ में पानी की कमी को देखते हुए तिजारा रोड पर पर्याप्त पानी की संभावनाओं को मध्य नजर रखते हुए ट्ययूबवेल लगाए जाने के प्रपोजल बनाए गए थे।

## ओलावृष्टि से फसलें खराब

**नागौर, (निसं)।** भारतीय किसान यूनियन ने पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि के बाद गिरदावरी कराकर किसानों को मुआवजा देने की मांग उठाई है। इस संदर्भ में यूनियन के जिला अध्यक्ष अर्जुनराम लोमरोड़ के नेतृत्व में अमरपुरा और गुडला के किसानों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर से मिलकर राज्य सरकार से विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को नुकसान का मुआवजा देने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया है। साथ ही ज्ञापन में पीएमएफबीवाई फसल बीमा में नियमों के तहत कंपनी को पाबंद कर किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। उसके बाद किसा नेता अर्जुन लोमरोड के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल संयुक्त निदेशक कृषि शंकरराम बेड़ा से भी मिला तथा उन्हें भी ज्ञापन दिया।

भारतीय किसान यूनियन के जिला आईटी व मीडिया प्रभारी रामपाल धौलिया ने बताया कि कंपनी किसानों के साथ चालाकी कर रही है। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधिमंडल में किसान रामसुख सांगवा, पदमाराम भोबिया, गिरधारी, दयालराम, झूमरराम आदि मौजूद थे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 10 मार्च, 2023

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, चित्रा नक्षत्र शुक्रवार प्रात: 7:11 तक, वृद्धि योग रात्रि 8:38 तक, वणिज करण प्रात: 9:19 तक, चन्द्रमा सांय 6:37 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-कुम्भ, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से रात्रि 9:43 तक है। भद्रा प्रात5 9:19 से रात्रि 9:43 तक हे। आज कल्पादि है।

सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया: चर सूर्योदय से 8:14 तक, लाभ-अमृत 18:14 से 11:09 तक, शुभ 12:37 से 2:05 तक, चर 5:01 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:46, सूर्यास्त 6:28

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगा।

**कन्या**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। आर्थिक व्यावसायिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मन में दुविधा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। घर-परिवार में सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में वयस्तता अभी बनी रहेगी।

# हेमाराम चौधरी ने ओलावृष्टि से नष्ट हुई रबी की फसल का लिया जायजा

## मंत्री हेमाराम चौधरी ने किसानों को फसल का बीमा एवं मुआवजा पूर्ण रूप से दिलाने का भरोसा दिलाया

**धोरीमन्ना,** (निसं)। राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने बाड़मेर जिले में धोरीमन्ना उपखंड क्षेत्र विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर अतिवृष्टि व ओलावृष्टि के फसल खराबे का जायजा लिया।

इस दौरान चौधरी ने पिछले दों दिनों से क्षेत्र में हुई बेमौसम बरसात व अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से किसानों की नष्ट हुई रबी की फसल जीरा एवं ईसबगोल का किसानों के खेतों में पहुंचकर नुकसान का उनसे रूबरू होकर जायजा लिया। चौधरी ने इस दौरान कहा कि सरकार किसानों के हित का पूरा खयाल रखेगी। किसानों की कडी मेहनत से बोई हुई रबी की फसल जीरा एवं इसबगोल का अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से नष्ट हो जाना बहुत ही दुखद है। सरकार संकट की घडी में किसानों साथ है। चौधरी ने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया से क्षेत्र में हुए रबी की फसल के नुकसान का आंकलन करके उनको पूरी जानकारी से अवगत करा दिया है।

कृषि मंत्री ने व बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने किसानों को बेमौसम बारिश एवं अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से नष्ट हुई रबी की फसल का बीमा एवं मुआवजा पूर्ण रूप से दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि विधानसभा शुरू होते ही वह किसानों के इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे। चौधरी ने शोभाला जेतमाल मेहलु दूधु रावो की बेरी लुखु धोरीमन्ना नेडीनाडी गडरा बोलो का डेर राणासर बुल भारते की बेरी मीठडा खुर्द लोलो की बेरी कातरला खिले रियान खरड कुंडावा भीलो की ढाणी कला सहित दर्जनों ग्राम पंचायतों का दौरा कर किसानों की रबी की नष्ट हुई फसल के नुकसान का खेतों में पहुंचकर जायजा लिया।

वन एवं पर्यावरण मंत्री चौधरी के साथ इस दौर में पूर्व प्रधान ताजाराम चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति के बीसुका सदस्य दिनेश कुलदीप धोरीमन्ना सरपंच मनोहर बिश्नोई प्रधान प्रतिनिधि महेश कडवासरा पंचायत समिति सदस्य रायचंद थोरी आईटी सेल प्रदेश संयोजक मंगलाराम तेतरवाल, युवा नेता रमेश गोदारा, लोलो की बेरी सरपंच रामा राम बेनीवाल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि हनुमान सिंह जाणी, कांग्रेस नेता मेघ सिंह राणासर सहित कई गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने सायला क्षेत्र में बेमौसम बारिश से फसल में हुए नुकसान का लिया जायजा

## कलेक्टर ने एस.डी.एम. को विशेष गिरदावरी कार्य को पूर्ण कर रिपोर्ट भिजवाने को लेकर निर्देश दिए

**जालोर,** (कासं)। जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने गुरूवार को सायला उपखण्ड क्षेत्र के सिराणा ग्राम पहुंचकर बेमौसम बारिश से हुए रबी की फसल को हुए नुकसान का जायजा लिया।

■ **जीरे व ईसबगोल की फसल को हुए बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया**

जिला कलैक्टर ने सिराणा में किसानों से संवाद करते हुए जीरे व ईसबगोल की फसल को हुए बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से बात करते हुए उपखण्ड अधिकारी को विशेष गिरदावरी कार्य को पूर्ण कर रिपोर्ट भिजवाने को लेकर निर्देश दिए।

गौरतलब है कि मुख्य सचिव द्वारा वीसी में दिए गए निर्देशों की पालना में जिले में विशेष गिरदावरी कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। जिसे पूर्ण की उसकी रिपोर्ट सात दिवस में आपदा प्रबंधन एवं सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग को भिजवाया जाना है। जिससे किसानों को फसल खराबे का मुआवजा मिल सकें। जिला कलैक्टर के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों द्वारा बेमौसम बारिश से हुए नुकसान के संबंध में क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा है। साथ ही ग्राम स्तर पर पटवारियों द्वारा किसानों से संवाद स्थापित कर बीमा क्लेम के संबंध में आवेदन प्रक्रिया भी समझाई जा रही है। वहीं फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को किसानों की फसल नुकसान से संबंधित प्राप्त सूचनाओं को रजिस्टर्ड कर आवश्यक कार्यवाही करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

**जिला कलैक्टर ने जीवाणा अनार मण्डी का किया अवलोकन:-** जिला कलेक्टर निशान्त जैन द्वारा दूधवा ग्राम में अनार उत्पादक किसानों से चर्चा कर अनार की खेती, संग्रहण, रख-रखाव, विक्रय आदि प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अनार बगीचे में पहुंचकर किसानों द्वारा अपनाई जा रही नवाचार पद्धतियों को देखा एवं उत्पादन के बारे में जानकारी ली। इसके उपरांत जिला कलक्टर द्वारा जीवाणा अनार मण्डी का अवलोकन कर व्यापारियों से चर्चा की।

इस दौरान सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, तहसीलदार कौशल्या जांगिड़, कृषि अधिकारी अर्जुनसिंह सहित कृषक उपस्थित रहे।



**जालोर के निकट सायला क्षेत्र में बेमौसम बारिश से फसलें खराब होने पर जिला कलेक्टर निशांत जैन ने जायजा लिया।**

# ई.सी.बी. कार्मिकों की ज्वाइनिंग की मांग को लेकर आमरण अनशन जारी

## अनशन स्थल पर हनुमान चालीसा के पाठ किए



**भाजपा नेता महावीर रांका के नेतृत्व में आमरण अनशन के दौरान हनुमान चालीसा के पाठ किए।**

**बीकानेर,** (कांस)। ईसीबी (बीकानेर इन्जीनियरिंग कॉलेज) कार्मिकों की ज्वाइनिंग की मांग को लेकर भाजपा नेता महावीर रांका के नेतृत्व में जिला कलक्ट्रेट के समक्ष चल रहे आमरण अनशन के 32वें दिन हनुमान चालीसा के पाठ किए गए।

■ **जिला कलक्ट्रेट के समक्ष आमरण अनशन 32वें दिन भी जारी रहा**

यूआईटी के पूर्व चैयरमेन महावीर रांका ने कहा कि एक माह के बाद भी मंत्री, मुख्यमंत्री व प्रशासन नींद से नहीं जागा है। हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना करके जनता के समक्ष अपनी तानाशाही छवि को प्रदर्शित कर रहे मंत्री व मुख्यमंत्री को करारा जवाब दिया जाएगा। भाजपा के पवन महनोत ने बताया कि ईसीबी कर्मचारियों के न्याय के लिए संघर्षरत अनशनकरियों को इस तानाशाह राजस्थान सरकार से लडने हेतु शक्ति प्रदान करने और इस सरकार को सद्बुद्धि हेतु हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। अनशन स्थल पर डॉ.भगवान सिंह मेडतिया, सुभाष गोयल, करणीसिंह राजपूत, विनोद भंसाली, रतनलाल जयपाल, जसराज सिवर, लक्की पँवार, रतनलाल पारीक, जितेन्द्र भाटी, महेंद्र जनागल, उगमसिंह भाटी, भंवर सिंह, गुमान सिंह, रूप सिंह, तेजाराम राव, राजेन्द्र शर्मा, सुभाष गोदारा, लक्ष्मण चौधरी, राकेश खीचड़, मधुसूदन शर्मा, भगवतीप्रसाद गौड़, विष्णु तंवर, भव्य भाटी, पंकज कच्छावा, पवन सुराणा, मोहनलाल पड़िहार, दिनेश सांखला, मालचंद जोशी, टेकचंद यादव, शम्भू गहलोत, कन्हैयालाल सांखला, विशाल चौपड़ा, कनजी, सेवाराम अग्रवाल, राजेन्द्र व्यास, अजीत सिंह चारण, आदर्श शर्मा, लोकेश छाबडा, लोकेश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे। अनशन पर नरपत सिंह भाटी, घनश्याम जाजड़ा, महेन्द्र सिंह राठौड़, गौरीशंकर देवड़ा एवं सत्यनारायण कच्छावा डटे हैं।

# छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाले शिक्षकों को सस्पेंड करने की मांग

**पावटा,** (निसं)। पावटा उपखंड के प्रागपुरा कस्बे में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में दो शिक्षकों द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। शिक्षकों की करतूत से ग्रामीणों में भारी रोष देखा गया। वहीं जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए आरोपी शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए सस्पेंड करने की मांग की। वहीं धरने पर बैठे पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पावटा चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, प्रमोद शर्मा, उप चेयरमैन अशोक सैनी, अजय सैनी, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, राव जीतू, विक्रम सिंह, रूप सिंह, शक्ति सिंह, लोकेश यादव, नरेश स्वामी, मनोज शर्मा, शंकर पारीक, अरुण शर्मा, प्रमोद शर्मा, शिवपाल राठी, राजेश हाडिया सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बताया कि 21 फरवरी को विद्यालय में कार्यरत दो शिक्षक सुमित कविया अध्यापक लेवल-2, रामनिवास मीणा अध्यापक लेवल-1 के खिलाफ ग्रामीणों ने उपस्थित होकर छात्राओं के साथ अश्लील व बदनीयती से की गई हरकतों व अशोभनीय कृत्य को लेकर विद्यालय वातावरण को दूषित करने का आरोप लगाते हुए स्टाफ बैठक का आयोजन भी किया गया था।

■ **गुस्साए ग्रामीण धरने पर बैठे, जांच टीम के अधिकारियों ने एक सप्ताह का समय दिया**

जहां दोनों शिक्षकों ने सभी उपस्थित स्टाफ के सामने अपनी गलती मानते हुए क्षमा याचना भी की थी। लेकिन अति संवेदनशील मामले को देख दोनों शिक्षकों सुमित कविया, रामनिवास मीणा के खिलाफ ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए जांच कमेटी से दोनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की व दोनों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर तालाबंदी व बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी विद्यालय प्रशासन की होगी।

वाइस चेयरमैन अशोक सैनी ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व दोनों शिक्षकों को एपीओ करके विद्यालय प्राचार्य व एसीबीईओ पावटा ने इतीश्री कर ली व मामले को दबा दिया। अशोक सैनी ने दोनों शिक्षकों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की मांग की। पावटा प्रधान जगन चौधरी व चैयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी ने कठोर कार्यवाही की मांग की व कहा कि शिक्षा के मंदिर में गलत कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस अवसर पर विक्रम यादव, शंकर पारीक, जीतेन्द्र शर्मा, शक्ति सिंह शेखावत ने बताया कि विद्यालय के कुछ शिक्षक इस गलत कार्य को दबाने का प्रयास कर रहे थे व उन्होंने बताया कि इसमें कुछ शिक्षक और भी शामिल हो सकते हैं। जिस पर जांच कमेटी में सुनीता यादव व सरजीत सिंह शेखावत को अधिकारी नियुक्त किया गया। एसीबीईओ सुरेश कसाना ने कार्यवाही के लिए जाँच पूरी करते हुए एक सप्ताह का आश्वासन दिया।

# मंदबुद्धि नाबालिग लड़की से पड़ोसी ने किया रेप

**हनुमानगढ़,** (निसं.)। पीलीबंगा थाना इलाके में एक मंदबुद्धि नाबालिग लड़की के साथ उसके ही पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने रेप की वारदात को अंजाम दिया। पीलीबंगा पुलिस ने मामला दर्ज कर लड़की का मेडिकल कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

जांच अधिकारी एसआई रजनदीप कौर ने बताया कि पीलीबंगा थाना क्षेत्र की एक मंदबुद्धि लड़की के साथ जबरदस्ती रेप का मामला दर्ज हुआ है। मंदबुद्धि लड़की के चाची ने थाने में आकर मामला दर्ज करवाया है कि 6 मार्च को उसके जेठ की लड़की घर पर अकेली थी। पास में ही रहने वाला

■ **पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया**

युवक दीपक उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। घर ले जाकर उसने लड़की के साथ जबरदस्ती रेप की वारदात को अंजाम दिया।

एसआई रजनदीप कौर ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने गंभीरता को देखते हुए तुरंत मौका मुआयना किया। मंदबुद्धि बालिका का मेडिकल करवाया जा चुका है। उसके साथ ही आरोपी युवक दीपक कुमार को भी हिरासत में लिया गया है। फिलहाल लड़की के कोर्ट में 164 के बयान दर्ज करवाए जाने हैं।

# नाबालिग से 3 युवकों ने किया रेप

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के एक थाना क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। नाबालिग ने 2 भाइयों सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है और जांच भादरा डीएसपी नरेंद्र पूनिया कर रहे हैं।

थाना प्रभारी सीआई कविता पूनिया ने बताया कि नाबालिग लड़की अपने परिजनों के साथ आई और 2 भाइयों समेत 3 युवकों के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया है।

नाबालिग ने रिपोर्ट में बताया कि होली की रात करीब 12 बजे रवि पुत्र रोहताश और अमित पुत्र रोहताश अपने साथी विनोद सिंह के साथ आए और उसे घर से जबरन उठाकर हरियाणा के भिवानी जिला के रिवासा गांव में किसी राकेश राजपूत के घर ले गए थे, जहां पर उसके साथ रेप किया। कविता पूनिया ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रेप समेत पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

# ठगी का मास्टरमाइंड बंगाल से गिरफ्तार

**नागौर,** (निसं)। जिले के साढ़े 17 लाख की चर्चित ऑनलाइटन ठगी प्रकरण में पुलिस ने अब मुख्य आरोपी मास्टर माइंड को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि मेड़ता सिटी की सुशीलादेवी पत्नी बस्तीराम बिश्नोई ने 6 फरवरी 2023 को रिपोर्ट दी थी कि उसकी फर्म मैसर्स श्री चारभुजा ऑटोमोबाइल्स के खाते से उसकी बिना अनुमति किसी अज्ञात ने बिना ओटीपी के ही 17 लाख 63 हजार रुपए तीन अन्य खातों में विड्रोल कर लिए हैं। इस ऑनलाइन ठगी का मुकदमा दर्ज होते ही इस टीम ने पूर्व में इसी प्रकरण में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# अनियंत्रित पिकअप पलटी, एक महिला की मौत, पांच घायल

## शादी का सामान और डीजे ले जाते हुए आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर मजदूर महिलाओं पर पलट गई थी

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। समीप के पीपलहेड़ा में महिला मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 5 महिलाएं घायल हो गई। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गम्भीर हालात में एक महिला को जयपुर रेफर किया जहां उसकी मौत हो गई।

नई मंडी थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाया। थाने के सहायक उपनिरीक्षक प्रतापसिंह ने बताया मृतका पीपलहेड़ा निवासी ग्यारसी योगी (45) पत्नी श्यामलाल है। ड्यूटी चिकित्सक डॉ. राजपाल मीना ने बताया घायलों में पीपलहेड़ा निवासी सुनीता योगी पत्नी शिवराम, पिंकी, कमलेश चौबदार पत्नी पप्पू और रेखा पत्नी चेतन योगी है। बुधवार को मृतका और अन्य घायलों के परिजन चेतन योगी, केदार जाटव ने बताया कि इन दिनों खेतों में खड़ी गेहूं की फसलों की कटाई का काम चल रहा है। जिसमें सभी महिलाएं गांव पीपल हेड़ा से गेहूं फसल की कटाई के काम के लिए तिघरिया का पुरा गई हुई थी। मजदूरी करने के बाद महिलाएं गांव वापस लौट रही थी। इसी दौरान एक पिकअप पिपल्हेड़ा की ओर से जा रही थी। जिसमें महिलाएं सवार होकर गांव जा थी। पीपलहेड़ा के पास चारागाह मोड़ पर अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गई। जिससे पिकअप में सवार महिलाएं घायल हो गई। घायलों में से ग्यारसी देवी जोगी अंदुरूनी चोट पहुंचने गम्भीर स्थिति में घायल हो गई। जिसे डॉक्टर ने जयपुर रेफर दिया। बताया जा रहा है कि महिला की रास्ते मे मौत हो गई।

■ **घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया**

■ **महिला मजदूर खेतों में फसल काटकर लौट रही थी गांव**

बताया जा रहा है कि घटना बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। इधर इधर मृतका की घायल बेटी पिंकी योगी (23) ने वाहन चालक के खिलाफ तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने की रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया गया कि पिंकी, उसकी मां ग्यारसीदेवी समेत 6 महिलाएं गेंहू की फसल कटाई मजदूरी कार्य के लिए नजदीकी गांव तिघरियाका पुरा गए हुए थे। मजदूरी कार्य कर दोपहर को सभी महिलाएं पैदल -पैदल पीपलहेड़ा लौट रही थी। पैदल चल थक जाने पर सभी महिलाएं गांव से करीब 400 मीटर दूरी पर चरागाह मोड़ पर आराम करने के लिए बैठ गई। इस दौरान शादी का सामान और डीजे ले जाते हुए तेज गति में आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर मजदूर महिलाओं पर पलट गई। जिसमे ग्यारसी देवी, उसकी पुत्री पिंकी सहित सभी महिलाओ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान ग्यारसी को जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर ले जाते वक्त रास्ते मे ग्यारसीदेवी की मौत हो गई। शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और रात शव मोर्चरी रखवा दिया। बताया जा रहा है कि मृतका के पति की भी एक वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में मौत हो गई। जिसके बाद ग्यारसीदेवी मजदूरी कर बेटे सुरेंद्र, देवेंद्र बेटी पिंकी का लालन पोषण शुरू किया। फिलहाल पिंकी भी जिम्मेदारी संभालते मां मजदूरी लिए जाने लगी। साथ उसने पढ़ाई बीएड की डिग्री हासिल कर रीट एग्जाम दे चुकी है। होली के दौज भाईयों के लिए मिठाई खरीदने के लिए मां के साथ मजदूरी पर हुई थी। चिकित्सक अनुसार पिंकी के पीठ में फ्रेक्चर है।

# 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**डूंगरपुर,** (नि.सं.)। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के रंगपुर गांव में 20 वर्षीय युवक का शव घर से कुछ ही दूरी पर पेड़ से लटका हुआ मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रंगपुर निवासी मृतक राजू उर्फ राजेंद्र अहारी अहमदाबाद में मजदूरी का काम करता है। होली के त्यौहार पर अहमदाबाद से अपने घर आया था। बीती रात को परिजन के साथ खाना खाने के बाद राजू उर्फ राजेंद्र घर के बाहर आंगन सो गया। अगले दिन सुबह परिजनों ने देखा तो राजू उर्फ राजेंद्र नहीं दिखा। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो घर से कुछ ही दूरी पर खेत में पेड से फंदे से राजू लटका हुआ मिला। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके चौरासी पुलिस मौके पर पहुंची तथा फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने राजू उर्फ राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी के रखवाया। गुरुवार को मृतक के परिजनों की कार्यवाही की रिपोर्ट पेश करने पर पुलिस ने शव का पोर्टमार्टम करवाकर शव परिजनों सुपुर्द किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी।

# तीन युवकों को लगा करंट, एक की मौत

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। श्रीमहावीरजी क्षेत्र के सिमाड़ा के पास बुधवार देर शाम बारात की बस में छत पर बैठे एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे में कुल 3 लोग घायल हुए थे। घायलों को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र श्रीमहावीरजी पहुंचाया।

यहां से एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर्स ने युवक बिना पोस्टमार्टम करवाए ही अंतिम संस्कार के लिए गए। राजोली निवासी रेखसिंह (25) पुत्र बत्तीलाल घायल गए। जिन्हें श्रीमहावीरजी में कराया गया। मृतक परिजनों ने बताया राजोली गांव सवाई माधोपुर के खेड़ली की ओर बारात आ रही थी जिसमें बस छत पर कुछ सवारियां बैठी थी। इसी दौरान सड़क के ऊपर से गुजर बिजली लाइन की चपेट में छत पर बैठे लोग आ गए। घटना के बाद घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# कार की टक्कर से बारात की जीप पलटी

## दूल्हे के नाना की मौत, 6 घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के रावतसर थानाक्षेत्र के गांव पोहड़का से पाण्डुसर जा रही बारात की जीप और कार में टक्कर होने से दूल्हे के नाना की मौत हो गई। वहीं, जीप में सवार 6 लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार पोहड़का निवासी कालूराम नायक के लड़के की शादी थी। उसकी बारात पोहड़का से पाण्डूसर जा रही थी। तभी हमीरदेसर तिराये के पास पीछे से आई एक कार ने आगे जा रही बारात की जीप में टक्कर मार दी, जिससे जीप पलट गई। इससे जीप में सवार दूल्हे के नाना कृष्णलाल (80) पुत्र रामचन्द्र नायक निवासी खोड़ा की मौत हो गई। वहीं, मनीराम (28) पुत्र लीलूराम नायक, लालचन्द (34) पुत्र आशाराम, प्रमोद (11) पुत्र लालचन्द नायक, मुकेश (15) पुत्र भागाराम नायक निवासी पोहड़का, सुरेन्द्र (25) पुत्र प्रीतम निवासी सिरसा और दौलतराम (62) पुत्र केशराराम निवासी 22 एनडीआर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को स्थानीय राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से मनीराम पुत्र लीलूराम को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं, शेष घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई ओमप्रकाश नोखवाल मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली।

वहीं जिले के रावतसर में होली खेलने के बाद डिग्गी में नहाने गए दो युवकों की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत गंधेली निवासी मुकेश पुत्र हंसराज टेलर और विनय पुत्र गोपीराम रेगर अपने दोस्तों के साथ शाम को नहाने के लिए अपने दोस्त के खेत में बनी डिग्गी में चले गए। जहां मुकेश व हंसराज ने निहाने के लिए डग्गी में छंलाग लगा दी। कुछ समय तक दिखाई नहीं देने पर आसपास खड़े अन्य दोस्तों ने बचाने की कोशिश की परन्तु दोनों को नहीं बचा पाए।

इस पर दोस्तों ने ग्रामीणों को फोन कर सूचना दी। जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुचें तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। इसके पश्चात ग्रामीणों की मदद से देर शाम को दोनों के शव निकवाए गए। बुधवार सुबह गमगीन माहौल में दोनों का अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (नि.सं.)। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना विकासनगर ने बीते दिन एक तेज रफ्तार पॉवर बाइक ने घर के बाहर खड़े व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी हादसे में व्यक्ति मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिन विकासनगर निवासी महेंद्र पुत्र शंकरलाल लोहार उम्र 45 वर्ष घर के बाहर परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ खडे थे। इस दौरान झौथरी गांव की तरफ से एक तेज रफ्तार पॉवर बाइक ने महेंद्र को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महेंद्र लौहार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने निजी वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान महेंद्र की मौत हो गई। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को मोर्चरी में रखवाया। सुबह परिजनों के मोर्चरी पहुंच कर पुलिस को बाइक सवार के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दी।

# बुजुर्ग पर युवकों ने किया हमला

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के सरकण गांव में खेत में काम कर रहे बुजूर्ग पर तीन युवकों ने हमला कर दिया। एक युवक ने बुजुर्ग के सिर पर कुल्हाडी से वार कर घायल कर दिया।

■ **कुल्हाड़ी से सिर पर किया वार, सदर थाना क्षेत्र के सरकण गांव का है मामला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकणगांव निवासी काऊवा पुत्र नानाजी रोत उम्र 60 वर्ष गुरूवार सुबह अपने खेतों में काम कर रहे थे। इस दौरान शंकर, राकेश, तुलसीराम पुत्र बसु खेत में आए तथा काऊवा के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान तुलसीराम ने कुल्हाड़ी से काउवा के सिर पर वार कर दिया। जिससे काऊवा के सिर से खून बहने लगने से मौके तीनों आरोपी भाग खड़े हुए। काऊवा के चिल्लाने पर मौके पर परिजन पहुंचे तथा ऑटो की मदद से काऊवा का जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां काऊवा के सिर पर तीन कांटे आए। काऊवा के परिजनों ने तीन के खिलाफ सदर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई।


**कार्यालय जिला परिषद दौसा**

क्रमांक-जिपदा/निविदा/2022-23/19602 दिनांक-3.3.2023

**निविदा सूचना 1/2022-23**

जिला परिषद् दौसा के अधीन पंचायत समिति रामगढ पचवारा में पंचायती राज. अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायत समिति भवन रामगढ पचवारा का निर्माण कार्य अनुमान राशि 200 लाख रुपये हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निविदा जिला परिषद् स्तर पर दिनांक 22.3.2023 तक खुली निविदा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. ZDA2223WSOB00199

(आर.के.मीना) मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा

# सिटी पार्क में 20 रुपये प्रवेश शुल्क लागू करते ही घूमने वाले लोगों की संख्या घटी

## हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन का दावा है कि गुरूवार को 5150 लोगों ने टिकट लेकर पार्क का भ्रमण किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मानसरोवर के सिटी पार्क में 20 रुपये का प्रवेश शुल्क शुरू होते ही यहां घूमने वाले लोगों की संख्या घट गई है। हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन का दावा है कि गुरूवार को 5150 से ज्यादा लोगों ने टिकट लेकर पार्क का भ्रमण किया। जबकि सूत्रों की मानें तो यहां पार्क बनने के बाद से अभी तक वर्किंग-डे में रोजाना 7-8 हजार तथा शनिवार-रविवार को 22 से 25 हजार लोग उमड़ते थे।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा का कहना है कि पार्क के रखरखाव के लिए 20 रुपये का न्यूनतम शुल्क रखा है। इससे पार्क में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगेगी। मंडल की सचिव अल्पा चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, आवासन अभियंता के.के. दीक्षित समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को विधिवत तरीके से टिकट व्यवस्था को प्रारंभ करवाया। पहले दिन जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए गए थे तथा कैश काउंटर पर ऑफलाइन पेमेंट के साथ ऑनलाइन की भी सुविधा दी गई थी।



- ज्ञात रहे कि सिटी पार्क बनने के बाद से वर्किंग-डे में रोजाना 7-8 हजार तथा शनिवार-रविवार को 22 से 25 हजार लोग पहुंचते थे
- पार्क में सुबह 6 बजे से 9 तक शुल्क न लेने तथा 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश निःशुल्क रखने पर लोगों ने खुशी जताई
- अधिकारियों का कहना है कि जयपुर के किशनबाग में 50 रुपए, कुलिश स्मृति वन और जलधारा में 30-30 रुपये तथा रामनिवास बाग के सावन भादो में 20 का प्रवेश शुल्क पहले से ही लिया जा रहा है, ऐसे में सिटी पार्क में 20 रुपये का शुल्क ज्यादा नहीं है।

उन्होंने बताया कि पार्क में सुबह आने वाले मॉर्निंग वॉकर्स ने प्रातः 6 बजे से 9 तक प्रवेश शुल्क ना लेने और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश पर खुशी जाहिर की। पार्क में पहुंचे 75 वर्षीय किशन पारवानी ने कहा कि कुछ लोग शाम को आना पसंद करते हैं। ऐसे में सालभर के लिए 999 का रियायती पास वॉकर्स के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।

झुंझुनू से आए मोहित सुंडा ने कहा कि शहर के अन्य पार्कों मसलन किशन बाग में 50 रुपए, कुलिश स्मृति वन में 30, जलधारा में 30 में रामनिवास बाग स्थित सावन भादो में 20 का प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है। ऐसे में केवल 20 रुपए प्रवेश शुल्क किसी भी स्तर पर ज्यादा नहीं है। काबिले गौर है कि प्रदेश के अलावा देश के अन्य शहरों में स्थित मशहूर पार्कों में भी टिकटिंग की व्यवस्था काफी समय से संचालित हो रही है। पार्क में आए लोगों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड से पेमेंट को सराहा। परिसर में जगह-जगह क्यूआर कोड प्रदर्शित किए गए जिनसे आसानी से पेमेंट हो पा रहा था। आमजन गूगल प्ले स्टोर से सिटी पार्क जयपुर ऐप डाउनलोड कर आसानी से प्रवेश शुल्क का भुगतान कर रहे थे।

# सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी

## सुसाइड नोट में ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने ससुराल वालों के टॉर्चर से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। विवाहिता अपने कमरे में रस्सी के फंदे से लटकी मिली। मौत से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसे मानसरोवर थाना पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर महिला का शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट में मृतका ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मृतका शिवानी बढाणा (25) पुत्री नरेन्द्र कुमार बढाणा किरण पथ मानसरोवर की रहने वाली थी। 7 मार्च को होली पर वह अपने पीहर में थी। परिवारवाले होली की तैयारियों में जुटे थे। इस बीच, शाम करीब 4 बजे शिवानी ने अपने पीहर में ही कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। काफी समय बाद जब शिवानी कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने उसे आवाज लगाई। जवाब नहीं मिला तो जाकर देखा कि कमरा अंदर से बंद था।

गेट खटखटाने के बाद भी शिवानी ने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर गेट तोड़कर देखा तो वह फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में परिजन उसे किरण पथ मानसरोवर स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पडौसियों ने

- पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, मामले की जांच शुरू

बताया कि धुलंडी पर शिवानी ने अपनी सहेलियों के साथ होली खेली थी। हंसी-खुशी होली खेलने के बाद बाजार से पिज्जा मंगवाकर पार्टी की थी। दोपहर में उसके पिता की सुसरालवालों से बातचीत हो रही थी।

त्योहार होने के कारण उन्होंने अगले दिन आने को कहा था ताकि बैठकर बातचीत की जा सके। मोबाइल स्पीकर पर था और शिवानी ने भी उनकी बातें सुन लीं। इसके बाद शिवानी ने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

मृतका के पिता नरेन्द्र कुमार बढाणा ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2021 में बेटी शिवानी की शादी मनोहरपुर (शाहपुरा) निवासी प्रसनजीत से हुई थी। प्रसनजीत भुवनेश्वर में सबइंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी में कार-कैश से लेकर भरपूर दहेज दिया था। फिर भी शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालवाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज के लिए शिवानी को बहुत टॉर्चर किया गया। होली से 2-3 दिन पहले ही शिवानी को उसका ससुर और जेठ बुखार की हालत में कपड़ों सहित घर के बाहर छोड़कर गए थे। दहेज के लिए मेंटल टॉर्चर से परेशान होकर ही शिवानी ने अपनी जान दे दी।

## संक्षिप्त

### ट्रोले की टक्कर से विद्युत पोल टूटा

**जयपुर** (कासं)। टोंक रोड पर गुरूवार को दुर्गापुरा एलिवेटेड रोड से कुछ मीटर पहले एक ट्रोला रफ्तार में बेकाबू हो गया। गोपालपुरा से सांगानेर की तरफ जा रहा ट्रोला डिवाइडर की रेलिंग को तोड़कर दूसरी तरफ की सड़क पर पहुंच गया। बेकाबू ट्रोले की टक्कर से डिवाइडर पर लगा विद्युत पोल टूटकर दुर्गापुरा से गोपालपुरा की तरफ आ रही एक लग्जरी कार पर जा गिरा। इससे कार के आगे व पीछे के कांच टूट गए। हादसे में कार सवार बाल-बाल बचे। घटना के बाद ट्रोला चालक मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक बस चालक की मदद से ट्रोल को एक तरफ करवाकर रास्ता सुचारू करवाया। पुलिस ट्रोला नंबर के आधार पर चालक को तलाश रही है। वहीं कार चालक रामचन्द्र ने बताया कि पलभर में ट्रोला डिवाइडर कूदकर सामने आ गया। उन्हें पता ही नहीं चला कि कब विद्युत पोल उनकी कार पर आकर गिर गया। इसी प्रकार बुधवार को भी सूरजपोल अनाज मंडी के सामने दिल्ली बाईपास पर बेकाबू ट्रोले की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक की टक्कर से महिला के शव के टुकड़े सड़क पर बिखर गए थे।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर थाने में एक युवती ने खुद के साथ दुष्कर्म होने की एफ.आई.आर. दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि उसका दोस्त उसके साथ पिछले कई समय से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा है। अब युवती ने उससे शादी की जिद की तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर उससे शादी करने से इनकार कर दिया। इस युवती अपनी शिकायत लेकर वैशाली नगर थाने पहुंची और पुलिस को खुद के साथ दुष्कर्म होने की रिपोर्ट दी। वैशाली नगर पुलिस ने युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि विकास नाम के युवक के साथ उसकी काफी समय से दोस्ती थी। विकास ने उसे आश्वस्त किया था कि वह उससे ही शादी करेगा, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी विकास ने जब शादी करनी से मना कर दिया तो युवती ने उसके खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### महिला सशक्तिकरण सप्ताह में कार्यक्रम

**जयपुर** । ईएसआई मॉडल चिकित्सालय में महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतर्गत महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसमें हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, एवं अन्य सभी महिला स्टाफ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. मीता सिंह, डॉ. पूर्वा एवं चारु विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। इस अवसर पर चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. आर पी मीणा ने सभी उपस्थित सदस्यों को महिला दिवस की बधाई देते हुए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किये गये।

# सिटी पार्क में प्रवेश-पार्किंग शुल्क वसूले जाने के विरोध में उतरे विधायक लाहोटी

## सांगानेर विधायक ने मुख्यमंत्री गहलोत को पत्र लिखकर आपत्ति जताई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मानसरोवर के सिटी पार्क में आमजन से 20 रु. का प्रवेश शुल्क वसूलने के विरोध में सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी उतर आए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर इस पर आपत्ति जताई है। लाहोटी ने मांग उठाई है कि लोगों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं वसूला जाए और प्रवेश शुल्क के अलावा वाहनों की पार्किंग की निःशुल्क व्यवस्था की जाए।

विधायक अशोक लाहोटी ने कहा कि हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन ने सिटी पार्क में प्रवेश के लिए आमजन पर प्रवेश-पार्किंग, फोटो खींचने के नाम पर कई प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष शुल्क थोप दिए हैं। सड़क, बिजली-पानी, सीवरेज की तरह ही पार्क भी लोगों की मूलभूत सुविधा है। स्टेच्यू सर्किल स्थित सेंट्रल पार्क में भी आमजन से कोई शुल्क नहीं वसूला जा रहा, फिर सिटी पार्क में ही क्यों?



विधायक अशोक लाहोटी

लाहोटी ने कहा कि पार्क जनता की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं। साथ ही इनका निर्माण लॉन्गटर्म विजन के साथ किया जाता है। ऐसे में महज 3 महीने के भीतर ही आनन-फानन में पार्क से कमाई की योजना कैसे तैयार कर ली गई। हाऊसिंग बोर्ड ने प्री-वेडिंग फोटो शूट के नाम पर युवा जोड़ों से 10-10 हजार रुपए वसूलने का फैसला किया है, जो कि बिलकुल अनुचित है। यह

- 'पार्क में प्री-वैडिंग फोटोशूट के नाम पर हाऊसिंग बोर्ड द्वारा युवाओं से 10-10 हजार रु. वसूलना गलत'
- ''सड़क, बिजली-पानी व सीवरेज की तरह ही पार्क भी मूलभूत सुविधा है। स्टेच्यू सर्किल स्थित सेंट्रल पार्क में भी ऐसा कोई शुल्क नहीं, फिर मानसरोवर के सिटी पार्क में 3 महीने के भीतर ही यह लागू क्यों?''

युवाओं के साथ कुठाराघात है। अगर लोगों को सरकारी जगहों पर भी फोटोग्राफी का पैसा देना पड़ेगा तो फिर यह सवर्था अनुचित है। इसलिए राज्य सरकार इस तमाम मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय ले।

लाहोटी ने कहा कि मानसरोवर में सिटी पार्क बनाने पर हाऊसिंग बोर्ड ने 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस पार्क के कारण यहां जमीनों के भाव तीगुने-चौगुने हो गए है। हाल इस पार्क के बनने से आवासन मंडल की जमीनों के दाम बढ़े हैं। इससे हाऊसिंग बोर्ड को करोड़ों रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। अगर पार्क पर 100 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं तो इन जमीनां के बेचान से भी यह पैसा निकाला जा सकता है। साथ ही यह पैसा आसपास की कॉलोनियों के रखरखाव पर खर्च होना चाहिए।

लाहोटी ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय में द्रव्यवती नदी का कायाकल्प हुआ था। करीब 2 हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में मात्र 150-200 करोड़ रुपए खर्च होना बाकी है, लेकिन कांग्रेस सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। अगर इसका काम पूरा हो जाए तो जनता को बदबू से निजात मिलेगी।

# खनन एमनेस्टी योजना का लाभ 30 सितंबर तक

**जयपुर** । राज्य के माइंस विभाग की एमनेस्टी योजना की अवधि इस वर्ष 30 सितंबर तक बढा दी है। अब इस योजना का लाभ 31 मार्च 2022 तक के बकायादार खनन पट्टाधारियों, क्वारी लाइसेंस धारकों एवं रॉयल्टी ठेकेदारों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने 2023-24 के बजट में माइंस विभाग की एमनेस्टी योजना को 30 सितंबर तक बढाने और 31 मार्च2022 तक के बकायादारों को योजना के दायरें में लाने की घोषणा की है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलिय डॉ.सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विभाग ने एमनेस्टी योजना का दायरा और अवधि बढ्राने के आदेश जारी कर दिए गए है। योजना में खनन पट्टों, क्वारी लाइसेंसों, बजरी के लिए जारी अस्थाई कार्यानुमति के डेडरेंट, अधिशुल्क, अधिक अधिशुल्क, शास्ति, आरसीसी, ईआरसीसी ठेकों की बकाया, परमिट, एसटीपी एवं निर्माण विभाग के ठेकेदारों की बकाया व अन्य विभागीय बकाया के अब 31 मार्च 2022 तक के प्रकरणों पर लागू कर दी गई है। इससे बकाया राजस्व की वसूली में तेजी आई है। साथ ही वसूली प्रयासों में लगने वाले अनावश्यक समय-धन की बचत होगी।

# महिला जज को ब्लैकमेल करने वाले की पहचान हुई

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में कार्यरत महिला जज की एडिट फोटो कर धमकी देकर 20 लाख रुपए मांगने वाला आरोपी की पुलिस ने पहचान कर ली है। आरोपी सीकर के फतेहपुर का रहने वाला अमित है। प्रदेश की पुलिस अमित के आवास पर पहुंची, लेकिन वह घर पर नहीं गया।

डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि आरोपी अमित की तलाश में अलग-अलग पुलिस टीम सीकर व अन्य स्थानों पर भेजी है। आरोपी पहले से महिला जज के परिवार से परिचित है और इस तरह का कृत्य करने के पीछे उसका क्या उद्देश्य है। उसके पकड़े जाने के बाद ही खुलासा होगा। इस पूरे घटनाक्रम की साजिश अमित ने अकेले रची या फिर उसके साथ और कौन शामिल है। इसकी भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि

- आरोपी ने महिला जज की फोटो एडिट कर उनसे 20 लाख रुपए मांगे थे

7 फरवरी को कोर्ट में पहुंचकर महिला जज के नाम एक पार्सल दिया गया। पार्सल में महिला जज की एडिट की हुई फोटो और 20 लाख रुपए की मांग करते हुए धमकी लिखा पत्र था। महिला जज ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर पार्सल देकर जाने वाले की पहचान अमित के रूप में की थी। लेकिन तब मामला दर्ज नहीं करवाया। इसके बाद में 27 फरवरी को आरोपी फिर महिला जज के आवास पर पार्सल देकर चला गया। तब पीड़ित जज ने मामला दर्ज कराया।

# विवाहिता ने जहर खाया, अस्पताल में मौत

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में विवाहिता ने सुसाइड नोट लिखकर जहर खा लिया। तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। करधनी पुलिस ने एस.एम.एस. हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के बेड के नीचे मिले सुसाइड नोट को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पति की रिपोर्ट पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मृतका बबीता (32) खोरा बिसल करधनी की रहने वाली थी। वह अपने पति नेमीचन्द (34) और बेटे रिशु (9) व गुनू (5) के साथ यहां रहती थी। गत 5 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे बबीता ने घर पर जहर खा लिया। मां की तबीयत खराब होते देखकर बेटे ने पिता को कॉल कर बताया। घर पहुंचने पर नेमीचन्द को बबीता बेहोशी की हालत में मिली, जिसे तुरंत कावंटिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। बबीता का हालत गंभीर देखकर उसे एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।, जहां इलाज के दौरान 7 मार्च को बबीता की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पति ने बताया कि इलाज के दौरान बबीता ने थोड़ी देर होश में आने पर बताया था कि रामदेव बुनकर और उनके बेटों व बाबूलाल को मत छोड़ना। उन्होंने मेरी जिंदगी खराब कर दी है। इतना कहकर बबीता फिर बेहोश हो गई थी। बबीता की मौत के बाद घर पर बेड के गद्दे के नीचे डायरी रखी मिली। डायरी में बबीता का लिखा सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में लिखा था, ''मैं बबीता सुसाइड कर रही हूं। क्योंकि मुझे रामदेव गांधी और उसके दोनों बेटे व जंवाई बाबूलाल बहुत परेशान कर चुके है। इन लोगों ने मेरी बेहोशी का फायदा उठा कर मेरी वीडियो बनाई। जिस दबाव में आकर मैंने इनसे एग्रीमेंट किया। जो कि इन्होंने पुलिस से धमकी दिलवा कर करवाया। रामदेव गांधी के पैसे के चक्कर ही नहीं था। ये तीनों बाप-बेटे खुद में दो चूड़ियां बिकवाए थे। कुछ मेरे पति के जोड़े हुए थे। ये सब पैसे वाले है, इसलिए सब इनकी ही सुन रहे है। परसो, मुझे मुरलीपुरा इनके बेटे मिले थे। उन्होंने बोला या तो मैं चुपचाप मकान उनको दे दूं। नहीं तो वो मुझे बदनाम और मेरे बच्चो को मारवा देंगे। इसलिए किसी ने मेरी सुनवाई नहीं की। पापा-मम्मी मुझे माफ कर देना। अब मैं सहन नहीं कर सकती और मेरे रिशु और गुनू से कभी दूर मत होना। ठेकेदार का भी ध्यान रखना, ये अकेला पड़ जाएगा। बस गांधी को मत छोड़ना, उनके कारण मुझे ये करना पड़ रहा है। सॉरी सबको, आपकी बेटी बबीता।''

## सार-समाचार

### विजय कुमार को सी.बी.आई.पी. अवार्ड



**जयपुर** । राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के जवाहर सागर विद्युत गृह के अधिशाषी अभियन्ता विजय कुमार को विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय सिंचाई एवं बिजली बोर्ड पुरस्कार (सीबीआईपी अवार्ड) से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में आर.के.सिंह, केन्द्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा श्री विजय कुमार को सीबीआईपी अवार्ड-2022 से पुरस्कृत किया गया। विजय कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2019 में भीषण बाढ़ के दौरान जवाहर सागर विद्युत गृह को डूबने से बचाने के आपदा प्रबन्धन के लिए विद्युत उत्पादन निगम द्वारा गणतन्त्र दिवस समारोह-2020 में जवाहर सागर विद्युत गृह को पुरस्कृत किया जा चुका है।

### स्वच्छता अवॉड्र्स के लिए आवेदन मांगे

**जयपुर** । स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में महिलाओं के प्रभाव को उजागर करने के लिए केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वुमन आइकॉन्स लीडिंग स्वच्छता अवॉड्र्स 2023 की घोषणा की। अवॉड्र्स 2023 का उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों, व्यक्तिगत रूप से सक्रिय महिलाओं द्वारा शहरी स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में की गई प्रेरक और अनुकरणीय पहलों का जश्न मनाते हुए उनका प्रसार करना है। अवॉड्र्स के लिए आवेदनों की प्रक्रिया 8 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक खुली रहेगी। पुरस्कारों के लिए आवेदन स्वयं सहायता समूहों सूक्ष्म उद्यमों, गैर-सरकारी संगठनों, स्टार्टअप और व्यक्तिगत महिला नेताओं/स्वच्छता चैम्पियन के लिए खुले हैं। राज्य और शहर अपनी वेबसाइट, पोर्टल और सोशल मीडिया के माध्यम से क्विंस अवॉड्र्स 2023 के बारे में विस्तृत जानकारी लोगों तक पहुंचाएंगे। इसमें आवेदन करने के लिए सभी नागरिकों को आमंत्रित किया जाता है। सभी शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) प्रविष्टियों का मूल्यांकन करेंगे और स्वच्छतम पोर्टल के माध्यम से राज्य में अधिकतम 5 आवेदकों को नामांकित करेंगे। यूएलबी द्वारा चुने गए आवेदकों का शहर के विजेताओं के रूप में सार्वजनिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है।

### प्राणशक्ति चिकित्सा विधि पर चर्चा

**जयपुर** । एस.एस.जैन. सुबोध पी जी महिला महाविद्यालय, रामबाग सर्किल में एनएसएस के विशेष शिविर में प्राचार्य डॉ रेनू जोशी ने छात्राओं को एनएसएस की उपयोगिता और महत्व के बारे में समझाया और समाज सेवा व अनुशासित जीवन को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दूसरे दिन प्राणिक हीलिंग व मेडिटेशन विषय पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ के रूप में कविता सेठिया एवं अदिति गोटन ने प्राणिक हीलिंग जिसे प्राणशक्ति चिकित्सा भी कहते है के लाभ व विभिन्न रोगों के उपचार में इसकी भूमिका की विस्तार से चर्चा की तथा सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह के लिए विभिन्न मैडिटेशन अभ्यास भी करवाएं। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ इंदु शर्मा एवं अन्य व्याख्याता भी उपस्थित रहे। सात दिवसीय शिविर में छात्राओं के द्वारा अन्य कार्यक्रम जैसे कच्ची बस्ती मैं अपनी सेवाएं देना, गोद लिए गए गांव में जाकर श्रमदान करना विभिन्न एनजीओ में जाकर उनके कार्यों में हाथ बंटाना जैसे काम होंगे।

### सोने की जगह पीतल बेचने वाले पकड़े

**जयपुर** । सिंधी कैम्प पुलिस ने खुदाई में मिला पुराना सोना सस्ते दामों में बेचने का झांसा देकर पीतल के बिस्कुट बेचने वाले 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से धोखाधड़ी कर लिए गए साढ़े 3 लाख रुपए बरामद कर लिए। पुलिस ने बताया कि 4 मार्च को परिवादी अहमद नगर महाराष्ट्र निवासी दलवी सुनील खंडू ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि आरोपी राहुल शर्मा ने उसके मोबाइल पर फोन कर पुरानी जान पहचान बताकर खेत में सोना मिलने की बात बताई। उसने बहन की शादी में पैसों की आवश्यकता बताकर सोने बेचने का बहना बनाकर परिवादी से साढ़े तीन लाख रुपए ले लिए और उसे दो सोने के बिस्कुट दे दिए। इसके बाद आरोपी और उसके दो अन्य साथियों ने परिवादी को ऑटो से सिंधी कैम्प छोड़ दिया और चकमा देकर वहां से भाग गए। दलवी सुनील ने जब सोने के बिस्कुट चैक किए तो वह नकली निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नम्बरों के आधार पर जुरहेरा भरतपुर निवासी तालिम, मुबिन और मुबारिक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इस प्रकार की वारदातों के मास्टर माइंड है जो अनजान मोबाइल नम्बरों पर कॉल करते हैं और ठगते हैं।

# हैरिटेज निगम में 2 साल बाद भी साधारण सभा की बैठक बुलाये जाने पर असमंजस?

## कांग्रेस पार्षद हस्ताक्षर अभियान चलाकर बोर्ड मीटिंग का मुद्दा उठा रहे, महापौर ने चुप्पी साधी

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम में कांग्रेस बोर्ड बनने के 2 साल बाद भी साधारण सभा की बैठक बुलाने पर असमंजस है। जहां सिविल लाइंस के कांग्रेस पार्षदों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर बोर्ड मीटिंग बुलाने का मुद्दा उठाया है, वहीं मेयर इस मुद्दे पर खामोश है। हालांकि उन्होंने मुख्यमंत्री और जयपुर परकोटे के कांग्रेस विधायकों को पत्र लिखकर हैरिटेज निगम में संचालन समितियों के गठन की मांग रखी है।

सूत्रों की मानें तो नगर निगम में प्रत्येक 60 दिन में साधारण सभा की बैठक बुलाई जानी होती है, लेकिन हैरिटेज निगम में मुनेश गुर्जर ने महापौर की कुर्सी संभालने के तुरंत बाद सिर्फ एक बार बोर्ड मीटिंग बुलाई थी। बीते दो साल में कांग्रेस-बीजेपी और निर्दलीय पार्षद लगातार साधारण सभा की बैठक बुलवाने के लिए धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन महापौर चुप्पी

- पार्षदों की नाराजगी के बीच महापौर मुनेश गुर्जर ने मंत्री शांति धारीवाल और परकोटे के चारों विधायकों को पत्र लिखकर हैरिटेज नगर निगम में संचालन समितियों बनाने की मांग उठाई

साधे बैठी है। सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों सिविल लाइंस क्षेत्र के कुछ पार्षदों ने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से मिलकर हैरिटेज नगर निगम में साधारण सभा नहीं बुलाये जाने की शिकायत की। जिस पर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने हैरिटेज निगम कमिश्नर विश्राम मीणा से पूछा कि उन्होंने बजट मीटिंग बुलाने के बजाय सीधे बजट प्रस्ताव सरकार को कैसे भिजवा दिया। मंत्री की नाराजगी के बाद कमिश्नर विश्राम मीणा ने पार्षदों से कहा कि आप बोर्ड मीटिंग बुलाने का प्रस्ताव दे दो, मैं मीटिंग बुलाने की तैयारी कर लूंगा। इसके बाद पार्षदों ने सिविल लाइंस क्षेत्र के 11-12 पार्षदों से तो इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करवा लिए हैं, अन्य पार्षदों को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो पार्षदों में सबसे ज्यादा नाराजगी संचालन समितियों का गठन नहीं होने को लेकर है। महापौर मुनेश गुर्जर को भी यही भय है कि अगर बोर्ड मीटिंग होती है तो पार्षदों की नाराजगी इस मुद्दे को लेकर जरूर होगी। यूं तो पार्षद कई बार यह मुद्दा उठा चुके। जब-जब पार्षद धरने पर बैठे, तब मंत्री-विधायकों ने जल्द ही समितियां बनाने का आश्वासन देकर उन्हें उठा दिया। ऐसे में अब चुनाव नजदीक आ रहा है तो मंत्री-विधायक भी पार्षदों का नाराज नहीं करना चाह रहे। उधर कांग्रेस पार्षदों में नाराजगी यह है कि हैरिटेज निगम में कांग्रेस का बोर्ड और कांग्रेस की महापौर होने के बावजूद भी हमारी सुनवाई नहीं हो रही है तो फिर कब होगी।

पार्षदों की इसी नाराजगी का भांपते हुए मेयर मुनेश गुर्जर ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और विधायकों को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने संचालन समितियों का जल्द गठन करने की मांग की है, ताकि निगम के कामकाज का विकेन्द्रीकरण हो और जनता को इसका फायदा मिल सके। उन्होंने लिखा कि संचालन समितियों का गठन बोर्ड स्तर पर बोर्ड बनने के बाद 90 दिन के अंदर करना जरूरी होता है। इसके बाद समितियों का गठन सरकार के स्तर पर होता है।

# ARBIT
it happens here...

राष्ट्रदूत
FRIDAY
10 March 2023
A-B





**International Wig Day**

Playing dress up has been a favourite pastime for children for ages. Why do we let go of the fun? International Wig Day has created a day where anyone and everyone can play along and wear a wig to change their appearance. You can choose to be silly, or serious. You can get a wig that will let you try out that haircut you've been thinking about, but aren't sure if you are brave enough to do it. Now you have a reason and way to try it on for sure!

#SPACE

## The Universe Holds Secrets

Webb telescope just found massive objects that shouldn't exist in deep space



Scientists expected the James Webb Space Telescope to reveal unknowns in the deepest realms of space.

But they certainly didn't anticipate this.

While scanning a region of the cosmos near the Big Dipper, a group of astronomers identified six faint objects as they appeared well over 13 billion years ago. They suspect the objects are ancient galaxies. Scientists expect such early collections of stars and swirling matter to be relatively small. After all, such galaxies hadn't had much time to form or grow. But these galaxies are giants, the researchers report.

"It's bananas," Erica Nelson, an astrophysicist at CU Boulder who worked on the new research, said.

It's bananas because the objects, which are "red and bright" in the Webb observations, might host billions of stars (and many more planets), similar to our Milky Way galaxy. These galaxies formed some 500 to 700 million years after the universe was created during the Big Bang, and at such a time there simply shouldn't have been enough matter around to create fantastic bursts of stars and solar systems, Nelson explained.

They're red because the universe is expanding, and the light traveling through it becomes stretched out, ultimately shifting to longer, redder wavelengths. Importantly, the research about these galaxies is just beginning. There is potential, for example, that some of these bright red masses are a different kind of primordial object, like a quasar (intensely hot, energetic matter spinning around a black hole and emitting tremendous amounts of light into space).

Astronomers using the Webb telescope have spotted the earlier galaxies, too, including some that formed just 350 million years after the Big Bang. But these galaxies are much smaller. They make more sense than the recently spotted behemoths.

"If even one of these galaxies is real, it will push against the limits of our understanding of cosmology," Nelson noted. Cosmology is the study of our universe's origins and evolution. Where'd we come from? And how did we get here?

### The Webb Telescope's Powerful Abilities


The Webb telescope, a scientific collaboration between NASA, the ESA, and the Canadian Space Agency, orbits the sun 1 million miles from Earth. It's designed to peer into the deepest cosmos and reveal unprecedented insights about the early universe.

*Here's how Webb is achieving unparalleled things, and likely will for decades:*

**Giant mirror:** Webb's mirror, which captures light, is over 21 feet across. That's over two and a half times larger than the Hubble Space Telescope's mirror. Capturing more light allows Webb to see more distant, ancient objects. As described above, the telescope is peering at stars and galaxies that formed over 13 billion years ago, just a few hundred million years after the Big Bang.

**Infrared view:** Unlike Hubble, which largely views light that's visible to us, Webb is primarily an infrared telescope, meaning it views light in the infrared spectrum. This allows us to see far more of the universe. Infrared has longer wavelengths than visible light, so the light waves more efficiently slip through cosmic clouds; the light doesn't as often collide with and get scattered by these densely-packed particles. Ultimately, Webb's infrared eyesight can penetrate places Hubble can't.

**Peering into distant exoplanets:** The Webb telescope carries specialized equipment called spectrometers that will revolutionize our understanding of these far-off worlds. The instruments can decipher what molecules exist in the atmospheres of distant exoplanets – be it gas giants or smaller rocky worlds. Webb will look at exoplanets in the Milky Way galaxy. Who knows what we'll find.





His ulterior motive was clear; he wanted to further complicate the situation under the garb of diffusing it. The crowd was swelling at a fast pace and this man in a dramatic style had been raising his voice pitch to aggravate the situation while feigning to help us. Time was running out of our hands and no appropriate solution seemed to be working out. Then I made a proposal to him - to hold me and Richhpal - and negotiate at his outfit, provided our vehicle with staff is given safe exit. At first he agreed with little persuasion but again came back to his rhetoric of handing over Nanalal to them. With every passing minute, the situation was worsening so I sent most of the staff in to safety of the vehicle but that too did not do much good as several adivasis mostly involved in wood smuggling were threatening the staff in the vehicle by shoving pointed sticks, rakes and spears at them.




Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex field director project tiger Sariska & keoladeo national park, Bharatpur*


# Narrow Escape From A Deadly Trap (...2)

#FORESTING

The victim instantaneously fell down on the ground. Richhpal and another guard ran to lift him up but he could not be brought back to his feet. He was crying at a high pitch drawing everybody's attention. By the time I reached the spot to understand the situation, many people from the village had gathered there. They were accusing us of oppressing the poor tribals. Richhpal and I were trying to diffuse the situation but the crowd did not disperse; instead more and more people had started to gather. Understanding the situation, I immediately got Nanalal moved to the safety of the vehicle. Richhpal suggested we leave the place immediately. He was right under the circumstances. Following his suggestion without losing any time we boarded the pickup with the arrested offenders and the seized material but try as we might, could not succeed in leaving the place.

### Ensuring Safety

Several villagers, chiefly tribals, showing collective aggression had blocked the thin earthen motor track by stacking logs, stones and bamboo bundles. They were shouting slogans against us. Richhpal, our one man army albeit with great difficulty but any how succeeded in removing these barricades from three points. We thought we would make it to the main road soon, but we had fallen in a trap, masterminded by some of the timber smugglers, running this illegal activity under the garb of merchant shop in this village. Their plot was unveiled when we reached the spot where the Nanalal's victim had fallen. To our surprise, now there were four more people lying on the ground in line with the 1st one hit by Nanalal, covered wholly by cloth - feigning dead. Several adivasis with lathis were aggressively shouting slogans accusing us of killing five innocent poor tribals.

And at this point they had erected almost an impenetrable barrier, using every possible material. Richhpal and I were busy in calming the agitated people but it was not easy for us to get out of this cleverly laid trap. Looking at the situation some other staff personnel too came down the vehicle to diffuse the situation in their own way but could not succeed and in the meantime taking advantage of the situation all the arrested offenders fled away from our custody pushing aside the demoralized forest personnel. It was not the best time to waste energy on chasing them; instead saving lives of our staff was my lone consideration. In the crowd, one Pooranmal, a general merchant and local liquor seller of the village, posing to be on our side, proposed to calm the aggressive tribals; provided we agree to handover Nanalal- who was falsely alleged to have killed the 1st person.

His ulterior motive was clear; he wanted to further complicate the situation under the garb of diffusing it. The crowd was swelling at a fast pace and this man in a dramatic style had been raising his voice pitch to aggravate the situation while feigning to help us. Time was running out of our hands and no appropriate solution seemed to be working out. Then I made a proposal to him - to hold me and Richhpal - and negotiate at his outfit provided our vehicle with staff is given safe exit. At first, he agreed with little persuasion but again came back to his rhetoric of handing over Nanalal to them. With every passing minute, the situation was worsening so I sent most of the staff in to safety of the vehicle but that too did not do much good as several adivasis mostly involved in wood smuggling were threatening the staff in the vehicle by shoving pointed sticks, rakes and spears at them.

And then, in this roaring unruly crowd Richhpal identified Roopa Gameti a tribal headman, much respected in the area, and called him by his name. Roopaji also responded to his call albeit bit coldly. Reaching him, Richhpal apprised him of the reality. The Gameti tried to confirm from the crowd but it was a bit difficult task under the conditions. He agreed to discuss this in our presence with some representatives from the crowd and we consented. Meanwhile, Roopaji's intervention ensured some safety to the staff in the vehicle.

### Safe Passage

As agreed we assembled at one of the houses owned by another general merchant. After a long conversation, Roopaji agreed to personally check whether someone had died or not? And reaching the site, he found just one person. The first one injured by Nanalal, had got up, sitting in an upright position on Roopaji's asking.

The tribals, provoked by dubious Pooranmal, insisted on a compensation worth ten thousand rupees for releasing us. I promised to get best possible treatment to the injured person at our cost but the tribals were insisting on fulfilment of their demand or they would set fire to the vehicle killing the staff. In fact they were being instigated by Pooranmal, suspected to be involved in smuggling of timber brought by these tribals on headloads here, to far off townships. Pooranmal's motive had surfaced clearly. He wanted to frighten us gravely to keep us away from attempting any raids in this area.

We also pressurized Roopaji not to fall under the trap of this tout Pooranmal, lest this incidence turns in to some bloodshed; after all harming Government servants on duty is bound to call for stern actions by the police and forest department simultaneously.

Though Roopaji was unhappy with the villagers for trapping us, leveling false charges of murdering innocent tribals but also he was highly annoyed with the driver for causing such grievous injury for a minor offence, committed by the poor tribal. I apologized for this act at our part and solicited his cooperation in giving us a safe passage. He nodded to try convincing tribals but also hinted that Pooranmal had been instigating them to realize at least ten thousand from us in order to discourage us from raiding this area in future ever.

Our threat had softened Roopaji but it had magic effect on Pooranmal, who immediately changed his tone taking a U-Turn from his early role. He swore his faithfulness to us and assured to do his best to diffuse the situation and took guarantee of our safety. That moment he outraced every chameleon in changing his colours.

Pooranmal insisted me to give him little time to calm down the violent tribals and till then we had to stay in the safety of his house. He was not a trustworthy person but looking at the circumstances, we had no choice. I decided to take a chance but sent a smart forester and Roopaji along with him.



Instigated Tribals gathered to attack forest personnel.



Salumber-Dhariawad border full of luxuriant Bamboo Forests.

> These were very anxious moments for me as neither Poornmal was trustworthy nor Roopaji had succeeded in quieting the violent individuals who were adamant to take revenge from Nanalal, who was still trapped in the pickup. But Pooranmal this time acted totally differently & in half an hour's time, he got the pickup freed & he himself removed the barricades allowing the vehicle to jump through the partial clearings in full view of the crowd.

These were very anxious moments for me as neither Poornmal was trustworthy nor Roopaji had succeeded in quieting the violent individuals who were adamant to take revenge from Nanalal, who was still trapped in the pickup gheraoed by several tribals. But Pooranmal this time acted totally differently and in half an hour's time, he got the pickup freed and he himself removed the barricades allowing the vehicle to jump through the partial clearings in full view of the crowd. He then approached us to announce this development and wanted us to leave instantly. Thanking Roopaji, I paid him whatever we had in our pockets to get the victim Bhima, treated properly and to support his family till he recovers properly. Roopaji showed gratitude and we left at rocket speed lest some new problem emerges.

### A Lesson Learned

Nanalal along with another forest guard had received some injuries during scuffles with the tribals but overall we came out safely. But the shocking incidence had scared Nanalal to death. I took over the steering wheel, as he seemed out of his wits. I very much wanted to punish Nanalal but pardoned him with strict warning for future, on request from the remaining staff as he had learned the lesson of his life in those two hours of the ordeal at Kirawali. He was highly apologetic and promised not to repeat such act ever in future.

Reaching Salumber Headquarters we unanimously decided not to involve police in this case as no one expected any positive action from them. Instead, the 3rd day with reinforcement of additional staff and vehicles we raided the village and surroundings and seized two truck loads of timber and green bamboo being smuggled through carts and headloads from jungle and stored in hideouts belonging to Pooranmal.

He was arrested and sent to jail. Realizing the sensitivity of the place, I created a Naka (HQ of a Forester) at Kirawali and Richhpal was made its first incharge. Patrolling was intensified yielding appreciable results in curbing illicit trade of forest produce from the adjoining forests. I got a scheme approved from the Divisional Forest Officer for increasing plantations annually in this area to supplement the losses caused to the forest by illicit felling and simultaneously provide employment to the local tribals. Also, with our efforts, an ayurvedic dispensary was opened by the Government in this remote village. Richhpal, as I rightly addressed him as a one man army, developed such good relations with these villagers that not only illicit fellings were curbed to a great extent but also the tribals got motivated to shift to other ways and means to earn their bread. Richhpal was aptly rewarded through promotion but kept at this Naka only, as much work was yet to be done here. After two years when I left this range on promotion, I was a happy man and a content officer. The Kirawali experience benefited me hugely throughout my long service especially in dealing with the tribals.

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com



Seized smuggled Timber Lot.



Tribals being Instigated to attack forest personnal.

#TRAVEL

## Planning To Escape?

For those who don't have a summer travel bucket list, this country is dotted with amazing places that are waiting to inspire awe in their visitors. Have a look!



Summer is just about to enter our lives, and we all will be looking for long getaways. Away from the scorching heat, bustling metro cities, and the daily boring routine. With the rising temperatures, everyone will be looking for the best places to visit in India to beat the heat and chillax.

From the high mountains of the Himalayas to the vast beaches of the Andaman Islands in the south, and from the Western Ghats to the Easter end of the Himalayas, you will find several tourist places in India for a summer vacation.

We have compiled a list of all the places that are worth a visit. Don't forget to pen down your favourite ones from these!

### Ladakh



Going north is always a good idea to escape the heat of inland city life and Ladakh, is the northernmost region of India. For those who are looking for thrilling places to visit in India in the summer, Ladakh is perfect for them. With myriads of things to do and places to visit in Ladakh, you can be sure of an ultimate vacation. With the highest of the mountains, mesmerizing lakes, spectacular views, and chilly weather. Ladakh is a perfect place to explore.

**Famous places in Ladakh :** Zanskar Valley, SpitukGompa, Pangong Tso Lake, Khardung-La Pass, and Hemis National Park.

### Spiti

Spiti is the twin region of Ladakh but, much-less explored and untouched than its counterpart. It is one of the most popular emerging destinations. Spiti is the place for people who like to ride their bikes on the most difficult and challenging roads.

With deep valleys covered with lush green vegetation and long stretches of winding roads, Spiti is amongst the best places in India to discover during summer. This hilly region of Himachal Pradesh is one of the coldest places in India and hence, is a great place to get away from the summer heat. From the oldest monasteries to breath-taking landscapes, there are many things to see here.

**Famous places in Spiti:** Kaza, Tabo, Chandra Taal, Kibber, and Pin Valley National Park.

### Auli

**Auli** is a hill station in Uttarakhand, which is one of the most beautiful places in India and a great place to spend your summer vacation. The lush green meadows and snow-covered peaks will make you gaze at them for hours and hours. The cold weather of Auli will make you forget about the scorching heat of the cities. It is a popular destination in India for a fun family vacation.

**Famous places in Auli:** Chattrakund Lake, Joshimath, GursoBugyal, and Artificial Lake.

### Kodaikanal



Kodaikanal is a quick weekend getaway for Bangaloreans just like, Nainital for Delhiites and Darjeeling for Kolkatans. Meadows, valleys, waterfalls, grasslands, and forests make this quaint little hill station one of the best tourist places in South India. Kodaikanal offers a plethora of activities to do such as boat rides, trekking, cycle rides, and yoga. The pleasant weather, the mesmerizing beauty, and the welcoming people will make you extend your summer holidays.

**Famous places in Kodaikanal:** Kodaikanal Lake, Pillar Rocks, Dolphin's Nose rock, Shembaganur Museum of Natural History, Bryant Park, Coaker's Walk, and Bear Shola Falls.

### Thekkady

Blessed are those who visit this one of the most magical tourist places in India. The hidden gem of South India, Thekkady is home to the largest tiger reserve in the country and hence, it is a favorite destination for nature lovers. With numerous things to do, Thekkady will make sure that you don't get bored when you visit during the summer holidays.


The aromatic air filled with fragrances of coffee and tea will capture your senses the moment you set your foot on the lands of Thekkady. Waterfalls and cascades are the added cherries on top of this delicious cake.

**Famous places in Thekkady:** Elephant Junction, Periyar Tiger Reserve, Spice Farms, and Rose Park.



Thekkady.

THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कव्वाल चिराग की हत्या के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

## हत्या के मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**सरवाड़, (निसं)।** शहर में धुलंडी के दिन टोल नाके के पास चिराग कव्वाल पर हमला करने से हुई मौत के बाद थाना प्रभारी सूर्यभान सिंह ने कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार किए तथा अन्य की तलाश जारी है। 24 घंटे में कव्वाल की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार सरवाड़ कव्वाली कार्यक्रम को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था। मंगलवार रात्रि को एक पक्ष के कुछ लोगों ने बैठे चिराग कव्वाल (35) एवं अन्य पर हमला कर दिया। घटना में चिराग कव्वाल बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सरवाड़ के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने मुश्ताक



चिराग कव्वाल की हत्या के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया।

हुसैन की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम शर्मा व पुलिस उप अधीक्षक खीव सिंह राठौड़ के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने

■ कव्वाली कार्यक्रम को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था

कार्रवाई करते हुए घटना में लिप्त जैन कॉलोनी सरवाड़ निवासी इरशाद (31) पुत्र इकबाल साबरी, गुलशाद उर्फ गुल्ली (23) पुत्र इरशाद साबरी, बेरी चौक सरवाड़ निवासी शेर अली (36) पुत्र छोटे राजा, आजाद कॉलोनी सरवाड़ निवासी अहमद (27) पुत्र बाबू खान, बड़ा मोहल्ला सरवाड़ निवासी सलमान (25) पुत्र छोटे राजा, बड़ा मोहल्ला सरवाड़ निवासी हसन (32) पुत्र छोटे राजा एवं दादाबाड़ी निवासी जुल्पकार उर्फ जुल्फी (24) पुत्र बाबू खान को गिरफ्तार कर लिया।

# पानी को लेकर दो भाइयों में विवाद, एक की मौत

## मृतक युवक की मां ने अपने पति, दूसरे बेटे सहित नौ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया

**अनूपगढ़, (निसं)।** खेत में पानी लगाने की बात को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया, जिसमें एक की हत्या कर दी गई। मृतक युवक की मां ने अपने पति, दूसरे बेटे समेत 9 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। घटना रामसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव कूपली के नजदीक चक18-एएस में कल रात हुई।

कूपली निवासी रणजीत बावरी (40) को सरपंच और कुछ अन्य व्यक्तियों ने गंभीर हालत में रामसिंहपुर के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। आज रणजीत के शव को पोस्टमार्टम के लिए श्रीबिजयनगर के सरकारी अस्पताल में लाया गया। अनूपगढ़ से डीएसपी जयदेव सिहाग भी घटनास्थल पर पहुंचे। दोपहर को मृतक रणजीत की मां पालकौर (70) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके पति गुरुदत्ताराम, दूसरे बेटे मलकीत सिंह, मलकीतसिंह की

■ पुलिस ने मुख्य आरोपी मलकीतसिंह को राउंडअप किया

पत्नी सुरजीतकौर, दो बेटों रोशन सिंह और गुरमीत सिंह के अलावा जग्गा सिंह और उसके दो बेटों गंगाराम और सतनाम और मनीराम पुत्र भंवरा राम निवासी चक 54 एनपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। महिला ने बेटे पर लाठी-गंडासी और अन्य हथियारों वार कर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है।

पालकौर ने दर्ज करवाए मुकदमे में बताया है कि लगभग 20 साल पहले वह पति से मनमुटाव हो जाने के कारण अपने बेटे रणजीत सिंह के साथ अलग रहने लगी थी। दूसरा बेटा मलकीत सिंह अपने पिता गुरु दत्ता के साथ रहता था। गुरुदत्ता सिंह और मलकीत सिंह उससे और उसके बेटे रणजीत से रंजिश रखते थे। आए दिन झगड़ा फसाद और विवाद करते थे। लोक लाज के कारण उसने कभी कोई कार्रवाई नहीं की। 8:30 बजे खेत में पानी लगाने की बारी थी। रणजीत ने अपने हिस्से के खेत में 8:30 बजे से 1:30 घंटे के लिए पानी लगाना था। इसके बाद मलकीतसिंह की डेढ़ घंटा पानी लगाने की बारी थी। रणजीत जब खेत में पानी लगा रहा था, तब मलकीत सिंह, उसके दोनों बेटे, पत्नी, पिता और अन्य लोग हथियारों से लैस होकर आ गए, जिन्होंने रणजीत को बुरी तरह से पीटा। पता चलने पर उसकी बेटी सुखी देवी छुड़वाने के लिए गई तो उसे भी हथियार दिखाकर उन लोगों ने वहां से भगा दिया। सुखी देवी जान बचाकर भाग गई। बाद में किसी ने पुलिस को झगड़े की सूचना दी। उसके बेटे रणजीत को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मलकीत सिंह को राउंडअप कर लिया है। वहीं बाकी आरोपी घटना में शामिल थे या नहीं, इसकी भी अभी जांच हो रही है।

# महंत से मारपीट, भागने पर किया था मजबूर

**ब्यावर, (निसं)।** विधायक शंकर सिंह रावत उनके पुत्र और पुत्री पर लगाए गए आरोपों से भाजपा पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता हतप्रभ है और आने वाले चुनाव के परिणामों को सोचकर भयभीत है। पिछले दिनों ब्यावर के समीपवर्ती प्राचीन नीलकंठ महादेव की धर्म स्थली पर मंदिर क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले को लेकर विधायक शंकर सिंह रावत, उनके परिवार व समर्थकों पर मुक़द्दमा दर्ज किया जा चुका है। मंदिर के महन्त सूरतनाथ ने उनके साथ हुई मारपीट और मंदिर से निकाले जाने का मुक़दमा उनके पुत्र के विरुद्ध दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में सूरतनाथ ने विधायक शंकर सिंह रावत के पुत्र पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने विधायक रावत और उनके परिवार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

आरोप लगाया है कि महंत सूरतनाथ को विधायक शंकर सिंह रावत किसी आश्रम से लेकर आए थे और पांच सौ रुपए के दस्तावेज़ पर इकरारनामा भी लिखा था। ग्राम पंचायत सेंदड़ा के सरपंच रतन सिंह भाटी, जवाजा किशनपुरा की सरपंच लीला, विधायक शंकर सिंह रावत और जैतारण के विधायक अविनाश गहलोत के हस्ताक्षर हैं। इस इकरारनामे में सूरतनाथ को एक स्वर में मंदिर का महंत स्वीकार किया है। विधायक शंकर सिंह रावत ने सूरतनाथ को भगवा दुशाला पहनाकर गद्दी पर बिठाया था। उसी महंत से उनके पुत्र ने मारपीट की और भागने को मजबूर कर दिया। बताया जा रहा है कि महंत को इतना पीटा गया कि उनको जान बचाने के लिए भागना पड़ा। विधायक रावत के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ हैं। जिसकी जांच पाली सीआईडी क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के नेतृत्व में हो रही है।

# ईंट-भट्टे पर आपस में भिड़े मजदूर

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पीलीबंगा थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों में रात्रि के समय झगड़ा हो गया। शराब के नशे में धुत्त मजदूर आपस में भिड़ गए। बात हाथापाई तक पहुंच गई। इस सम्बन्ध में एक मजदूर की ओर से कई जनों के खिलाफ मारपीट और छीनाझपटी करने के आरोप में पीलीबंगा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। हेड कॉन्स्टेबल राकेश मीणा ने बताया कि अंगनी ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है। वह, उसका भाई अनिल, बबलू, रविन्द्र व दो अन्य जने अपने क्वार्टर में होली का त्योहार मना रहे थे। तभी सचिन, सोनू, प्रवीण पुत्र महेन्द्र केवट निवासी करीबगंज जिला मन्नीपुरी उत्तर प्रदेश हाल 34 एसटीजी बागड़ी भट्टा व श्योकरण, राधे, बलवीर, महेन्द्र निवासी 34 एसटीजी बागड़ी भट्टा और 20-25 अन्य व्यक्ति शराब के नशे में उसके क्वार्टर में घुसे और मारपीट की।

# लूट मामले में आरोपियों की कराई शिनाख्त परेड

**हनुमानगढ़, (निसं)।** दंपती पर हमला कर सोने के कड़े और बालियां छीनने के मामले में बापर्दा गिरफ्तार तीनों आरोपियों की जिला जेल में शिनाख्त परेड करवाई गई। शिनाख्त परेड के बाद अब जंक्शन पुलिस आरोपी मनी (19) पुत्र सेवकसिंह, शिवा (25) पुत्र विजय और सरजीत उर्फ विक्की (32) पुत्र नरेद्र सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करेगी। इसके बाद पीसी रिमांड मंजूर करवाकर लूट का माल बरामद करने के प्रयास किए जाएंगे।

मनीष सुखीजा निवासी वार्ड 13, दुर्गा कॉलोनी ने 7 फरवरी को मुकदमा दर्ज करवाया था। उसने बताया कि उसके पिता अशोक सुखीजा और माता आशा सुखीजा पर नारंग होटल के पीछे बाइक सवार 3 लोगों ने हमला कर दिया। इन बदमाशों ने उसकी मां के हाथ में पहने सोने के 2 कड़े और कान में पहनी सोने की बालियां लूट ली और फरार हो गए। पीडित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शउरू की। पुलिस ने जांच करते हुए पिछले दिनों मनी, शिवा और सरजीत को बापर्दा गिरफ्तार किया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि इन तीनों ने 31 जनवरी की रात को संगरिया रोड पर पैदल जा रहे महिला और उसके भाई से जेवरात-नकदी, मोबाइल फोन लूटा था। लूट को लेकर 1 फरवरी को मुकदमा दर्ज करवाया गया था। इसके अलावा मनी ने अपने गांव के ही साथी जश्नप्रीत व हर्षप्रीत उर्फ जस्सा पुत्र मघरसिंह के साथ मिलकर 29 जनवरी को जंक्शन धानमंडी के पास एक महिला के कान में पहनी सोने की बालियां छीनी थी। जश्नप्रीत व हर्षप्रीत उर्फ जस्सा किसी अन्य मामले में सिरसा जेल में बंद हैं।

# सीएचसी का निरीक्षण किया

**बीकानेर, (निसं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पवार ने गुरुवार को लूणकरणसर के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में दवाईयों और जांचों की उपलब्धता, वार्डों की व्यवस्था, स्टाफ की उपस्थिति सहित अनेक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बीसीएमओ कार्यालय के कनिष्ठ सहायक अर्जुन सिंह के दो दिन से बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर उसके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वहां प्राप्त शिकायत के अनुसार डेलाना छोटी की सुलोचना लंबे समय से अनुपस्थित रहती है। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सुलोचना के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# नाबालिग लड़की को जबरन शराब पिलाई

■ बेटी को बुलाने आई मां को भी पीटा

**डूंगरपुर, (नि.सं.)।** डूंगरपुर के सदर थाना क्षेत्र में 17 साल की नाबालिग लड़की को शराब पिलाने और उससे छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। बेटी को बुलाने आई मां के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद पीड़िता को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआई मदनलाल ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि वह 11 वीं क्लास में पढती है। गुरुवार को दोपहर के समय वह घर पर थी। उस समय यशवंत पाटीदार ने फोन कर उसे बड़ी स्कूल के पास बुलाया, जहां उसको जबरन बीयर पिलाई। इस दौरान नीलेश भाटिया नाम का युवक भी वहां आ गया और फिर कुछ और लडके भी आ गए और ड्रिंक करने लगे। उस समय उसकी मां ने फोन कर जल्दी घर आने के लिए कहा लेकिन वह लेट हो गई। इस पर उसकी मां उसे ढूंढते हुए स्कूल के पास आ गई और थप्पड मारकर घर ले जाने लगी। इस पर रामा भाटिया, उसकी पत्नी, निलेश भाटिया और उसकी पत्नी ने उसको रोक लिया और सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और कपडे फाड दिए। पीडिता ने बताया कि लात.घूंसों से मारपीट के कारण उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई।

घटना के बाद मां ने उसे डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। थानाधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने जबरन शराब पिलाने, छेड़छाड़ करने, मारपीट करने और ब्लैकमेल करने की रिपोर्ट दी है। इस पर सदर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर किया जानलेवा हमला

■ ईंट व सरिए के वार से सिर से बहने लगा खून, 18 टांके आए

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के टिब्बी थाना इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। कुछ समय पहले दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश को लेकर पीडित पर ईंट और सरिए से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। परिजनों ने उसको अस्पताल पहुंचाया। सरिए से हमले के कारण पीडित के सिर में 18 टांके आए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई सुखपाल सिंह ने बताया कि देर शाम नवनीत कुमार (45) पुत्र टेकचंद अरोड़ा निवासी वार्ड 2 टिब्बी ने थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि उसकी कुछ समय पहले सतीश कुमार, सुभाषचन्द्र और सत्यदीप से कहासुनी हुई थी, जिसको लेकर वह रंजिश रखते हैं। वह अपने भाई अनिल कुमार के साथ मुख्य बाजार स्थित प्लॉट पर आया हुआ था। इस दौरान सतीश कुमार, सत्यदीप और सुभाष चंद्र हाथों में सरिया व ईंट लेकर आए। तीनों उसके भाई अनिल कुमार को प्लॉट से गला पकड़कर बाहर गली में ले गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वह अपने भाई को बचाने के लिए बाहर आया तो सुभाष ने उसके सिर पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह संभल नहीं पाया।

नवनीत ने बताया कि इसके बाद सुभाष और सत्यदीप ने उसको पकड़ लिया और सतीश से कहा कि इन दोनों भाइयों को जान से मार देते हैं। इस पर सतीश कुमार ने उसको मारने की नीयत से उसके सिर पर सरिए से जानलेवा वार कर दिया। सरिए से चोट लगने से उसके सिर से खून बहने लगा। पीडित ने बताया कि तीनों आरोपियों ने धमकी दी कि तुम दोनों में से आज एक तो पक्का मरेगा। नवनीत ने बताया कि हमले की जानकारी मिलने पर उसके चाचा भूपेन्द्र कुमार बचाने आए तो आरोपी मौके से भाग गए। एएसआई ने बताया कि पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नहर से मिला सड़ा-गला शव

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के नोहर में पुलिस ने बीकेएल नहर से अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया है। शव कई दिन पुराना होने के कारण पहचान लायक नहीं है। युवक के एक हाथ पर संदीप तो दूसरे हाथ पर एसपी लिखा हुआ है। नोहर पुलिस थाने के एएसआई मुंशी खां ने बताया कि सूचना मिली कि रोही असरजाना में बीकेएल नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है।

सूचना मिलने पर वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और 30-32 साल के युवक के शव को नहर से बाहर निकलवाया। सड़ी-गली अवस्था में मिले शव के एक हाथ पर संदीप, जबकि दूसरे पर अंग्रेजी में एसपी लिखा हुआ है और हनुमान जी का टैटू गुदा हुआ है। हल्की दाढ़ी है। कमर में लाल धागा बंधा है। एएसआई मुंशी खां ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव पंजाब-हरियाणा क्षेत्र से बहकर आने की संभावना है।

# बेर गांव में भिड़े दो पक्ष, तीन लोग हुए घायल

**हनुमानगढ़, (निसं)।** भिरानी थाना क्षेत्र के गांव बेर में होली की रात को दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान हुई मारपीट में दोनों पक्षों के तीन लोगों के चोटें आईं। इस सम्बन्ध में दोनों पक्षों की ओर से भिरानी पुलिस थाने में परस्पर मुकदमे दर्ज करवाए गए हैं।

भादरा सीओ नरेन्द्र पूनिया ने बताया कि योगेश (22) पुत्र कुलदीप जाट निवासी बेर ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि रात करीब 9.10 बजे वह अपने घर पर बैठे थे। तभी पड़ोस में रमेश जांगड़ा के घर में बैठे 10-15 आदमी शराब के नशे में आपस में गालियां दे रहे थे और ढोल बजा रहे थे। उसके बाद ये लोग गली में आकर जोर-जोर से गालियां देने लगे। तभी उसके पिता कुलदीप ने गली में जाकर इन लोगों को समझाया कि वे गालियां न दें, लेकिन ये लोग नहीं माने और कहा कि हमें कौन रोक देगा, हम तो ऐसे ही करेंगे। हम गांव के बदमाश हैं। बात बढ़ने लगी तो पड़ोसियों ने उनको उनके घर भेज दिया। उसके बाद वे भी अपने घर आ गए। कुछ देर बाद सोमपाल पुत्र बाघसिंह मेघवाल, उसके भाई विक्रम मेघवाल, विनोद पुत्र सतवीर मेघवाल व तीन अन्य जने उनके घर के गेट के आगे आए और गाली देने लगे। साथ ही उनके घर के अंदर ईंट और पत्थर फेंके। गेट पर डंडे मारने लगे। उसने गेट खोला तो विक्रम ने सिर पर डंडे से वार कर दिया। सोमपाल ने भी उस पर हमला किया। बचाव करते इन लोगों से हाथापाई हो गई। पड़ोसियों ने आकर छुड़वाया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष की तरफ से विक्रमसिंह (27) पुत्र दलवीर सिंह मेघवाल निवासी बेर ने रिपोर्ट दी कि सात मार्च को शाम के समय कुलदीप मील पुत्र शेरसिंह, योगेश व तनुज पुत्र कुलदीप सिंह, मोनू पुत्र शिवकुमार मील, सोहनलाल सांसी, सत्येन्द्र सांसी पुत्र सोहनलाल, किरण पुत्री कुलदीप मील ने उस पर उसके भाई सोमवीर (24) पर जानलेवा हमला कर दिया। इनके पास धारदार हथियार और पिस्तौल थे। इन्होंने मारपीट की व जातिसूचक गालियां दीं। मारपीट में उसके व भाई सोमवीर के चोटें लगी। पुलिस ने मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दोनों मामलों की जांच भादरा सीओ नरेन्द्र पूनिया कर रहे हैं।

# श्रीगंगानगर-जैसलमेर ट्रेन शुरू करने की मांग

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले को सीधे सीमावर्ती जिले जैसलमेर से जोड़ने वाली रेल सेवा श्रीगंगानगर-जैसलमेर एक्सप्रेस को बंद करने से लोगों में रोष है। समय-समय पर जिले के अलग-अलग हिस्सों से इस रेल सेवा को फिर से शुरू करने की मांग उठती रही है। गुरुवार को भी जिले के केसरीसिंहपुर में लोगों ने मांग के संबंध में रोष जताया। इन लोगों का कहना था कि यह रेल सेवा श्रीगंगानगर को सीधे जैसलमेर से जोड़ती थी। इससे श्रीगंगानगर से रामदेवरा के लिए सीधी रेल सेवा मिलती थी। वहीं इस रेल सेवा से बीकानेर तक भी एक अतिरिक्त रेल मिलती थी। पार्षद पवन सुरलिया, रवि कुमार, मोहन शर्मा, सुशील कुमार, डीसी महावर, विनोद कुमार, राजकुमार आदि की ओर से दिए ज्ञापन में कहा गया कि श्रीगंगानगर से शुरू की गई इस रेल सेवा से इलाके के लोगों को लाभ मिलता था।

# निरीक्षण दल ने टिब्बी से खाद्य सामग्री के छह सैम्पल भरे



सी.एम.एच.ओ. के निर्देश पर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए।

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले में गुरुवार को खण्ड टिब्बी से खाद्य सामग्री बनाने व बेचान करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही की एवं खाद्य सामग्री के छह सैम्पल भरे गए। इस दौरान दुकानदारों को साफ-सफाई रखने के निर्देश भी दिए गए।

सीएमएचओ डॉ. ओपी चाहर ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए जिले में खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही की गई। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश गर्ग, सहायक कर्मचारी हीरावल्लभ एवं गार्ड बालमुकंद ने खाद्य सामग्री को बनाने एवं बेचान करने वाले संस्थानों की जांच की एवं सैम्पल एकत्र किए। डॉ. चाहर ने बताया कि आज टिब्बी में मै. गुरुनानक डेयरी से पनीर, मै. सोनू किरयाना स्टोर से सुदर्शन ब्राण्ड गाय का घी, मै. श्री पवनपुत्र जोधपुर स्वीट्स से रसगुल्ला, मै. रिद्धि सिद्धि स्वीट्स से रसगुल्ला, तलवाड़ा झील से मै. पंजाब स्वीट्स हाउस से बर्फी एवं मै. श्री कन्हैया डेयरी से दही का सैम्पल संग्रहित किया। दुकानदारों को साफ-सफाई रखने, लाइसेंस बनाने एवं उन्हें समय पर नवीनीकरण करवाने के निर्देश भी दिए गए। संग्रहित किए गए सैम्पर्स को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है।

# दो युवकों से गांजा बरामद

**भीलवाड़ा, (निस)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के अहिंसा सर्किल इलाके में देर रात रोड साइड पर खड़े दो युवकों को पुलिस ने संदेह के आधार पर पकड़ा तो उनके पास एक किलो दो सौ ग्राम गांजा मिला, जिसे बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की अग्रिम जांच सदर पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू के आदेश से एसएचओ नंदलाल रिणवा, दीवान इस्लाम मोहम्मद, कांस्टेबल रावताराम, बबलू व चालक यशवंत के साथ रात में गश्त पर थे। वे, अहिंसा सर्किल के पास पहुंचे थे कि दो युवक रोड साइड पर अपनी उपस्थिति छिपाकर खड़े दिखे। इनमें से एक के हाथ में सफेद थैली थी। ये लोग थैली को एक-दूसरे को पकड़ाते नजर आये। पुलिस ने संदेह के आधार पर दोनों युवकों को पकड़ा।

पूछताछ करने पर युवकों ने खुद को सूर्या मोहल्ला, कोशिथल निवासी जितेंद्र सिंह (35) पुत्र भैंरूसिंह राजपूत व हरणी महादेव निवासी मनीष (22) पुत्र कालू जाट बताया। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो वे कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये और एसएचओ से उन्हें छोड़ देने की गुहार करने लगे। पुलिस ने इनके पास मिली थैली की नियमानुसार तलाशी ली तो उसमें गांजा मिला, जिसका वजन करने पर 1 किलो 200 ग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

# जीर्ण-शीर्ण हो रहा भीण्डर का सामान्य अस्पताल, बड़े हादसे के खतरे का अंदेशा

## भीण्डर हॉस्पिटल परिसर में कई जगहों पर गिर रहा है प्लास्तर

**भीण्डर, (नि.सं.)।** उदयपुर जिले के भीण्डर उपखण्ड मुख्यालय के स्व. गुलाबसिंह शक्तावत सामान्य चिकित्सालय का भवन जीर्ण-शीर्ण हो रहा हैं, जिससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। लेकिन चिकित्सालय प्रशासन इसकी मरम्मत करवाने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। चिकित्सालय परिसर में आउटडोर में पर्ची बनाने के काउंटर से लेकर वार्डों तक स्थिति खराब है। चिकित्सालय परिसर में कई जगहों पर प्लास्टर तो कई जगहों पर पत्थर उखड़ करके गिरने जैसे हो रहे हैं। चिकित्सालय परिसर में बनी हुई सडक पर भी बड़े-बड़े गड्डे हो रहे है। जिसकी भी मरम्मत नहीं हो पा रही है।

**कभी भी गिर सकता हैं प्रवेश द्वार का छज्जा :** भीण्डर हॉस्पिटल के आपातकालीन प्रवेश द्वार का छज्जा पूरी तरह से जीर्णशीर्ण हो रहा हैं और उससे प्लास्तर गिर रहा है। यहां से दिनभर में सैकड़ों मरीज और तीमारदार गुजरते हैं, कभी यहां से गुजरते समय ऊपर से अगर प्लास्तर नीचे आकर एकसाथ गिर जायेगा तो बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं लोगों ने बताया कि ये छज्जा वर्षों पूराना है। इस पर लगातार पानी गिरने से जीर्ण-शीर्ण हो चूका है।




भीण्डर हॉस्पिटल में प्रवेश द्वार का जीर्ण-शीर्ण अवस्था में छज्जा।

इसकी मरम्मत तुरन्त नहीं करवाई गई तो बडा हादसा हो सकता है।

**पर्ची काउंटर हो रहा जीर्ण-शीर्ण:-** भीण्डर हॉस्पिटल का पर्ची काउंटर जीर्ण-शीर्ण हो रहा है। यहां पर प्लास्टर के साथ-साथ पत्थर की पट्टियां भी उखड़ रही है। जबकि इस स्थान पर दिनभर में सैकड़ों मरीज अपनी पर्ची बनाने के लिए पहुंचते है। जीर्णशीर्ण

■ हॉस्पिटल के पर्ची काउंटर पर प्लास्तर के साथ पत्थर की पट्टियां भी उखड़ रही है

■ चिकित्सालय प्रशासन इसकी मरम्मत करवाने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है

हो रही पट्टिया अगर किसी के पैरों पर गिरेगी तो गंभीर घायल होने के साथ पैर टूटने का भी खतरा है। भीण्डर हॉस्पिटल में विभिन्न स्थानों पर टूट-फूट हो रही हैं, कई जगहों पर प्लास्टर उखड करके नीचे गिर रहा है। वहीं कई जगहों पर पानी लिकेज होकर पूरे भवन को खराब कर रहा है। वार्डों में भी स्थिति अच्छी नहीं है। वर्षों पूराने हो चूके भवन की मरम्मत के लिए सरकार से जारी होने वाला बजट का उपयोग कहां हो रहा हैं ये सवालियां निशान खड़ा करता है।

## संक्षिप्त

### मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी

**निवाई, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में गुरूवार को मतदाता साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उषा बागड़ी की अध्यक्षता में ईएलसी क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ सोना अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रभारी डॉ सोना अग्रवाल ने बताया कि शिविर के तहत 17 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने व मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। दक्ष प्रशिक्षक त्रिलोकचंद जैन ने छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए मतदाता पहचान पत्र बनवाने संबंधी प्रक्रिया एवं ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

### 26 हजार रुपए की सहायता दी

**देवली, (निसं)।** विगत दिनों ग्राम देवड़ावास वेन हादसे में 4 जनों की मौत हो गई थी। मृतकों में तीन पुरुष और एक महिला शामिल थी। उक्त दुर्घटना के मृतक ड्राइवर रवि कुमार के परिवार को देवली टैक्सी यूनियन की तरह से 26 हज़ार 500 रुपये की राशि इकट्ठा कर आर्थिक तौर पर मदद की गई । उल्लेखनीय है कि रवि कुमार अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था जिसकी दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के बाद उक्त परिवार पर जीवन यापन का भारी संकट पैदा हो गया है। साथ ही टैक्सी यूनियन ने आमजन से यह अपील भी की है कि रवि कुमार के परिवार को यथा सामर्थ्य ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद दी जाए हमें उक्त मृतक परिवार के लिए सहायता राशि एकत्रित करने में कोशिश करनी चाहिए।

### कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया

**राजगढ़, (निसं)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर संस्थानों में जमा पूंजी की अडानी की ओर से बर्बादी को लेकर क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा प्रभारी अंकित के नेतृत्व में मेला चौराहे के समीप धरना प्रदर्शन कर रोष जताया । इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने एलआईसी एवं एसबीआई सहित संस्थानों में अडानी की ओर से जमाके पूंजी की बर्बादी को लेकर जमकर प्रहार किया। इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ की पूर्व प्रधान शीला मीणा, राहुल मीणा, पीसीसी सदस्य गब्बर मीना, जिला परिषद सदस्य गोकुल राम मीणा अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नौ दिवसीय श्रीमहालक्ष्मी यज्ञ और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में श्री सीताराम बावड़ी आश्रम में गुरूवार से शुरू हुए नौ दिवसीय श्री महालक्ष्मी यज्ञ और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 11 सौ महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे शहर का भ्रमण किया।

बावड़ी आश्रम से कलश यात्रा शुरू हुई, इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारे से पूरा वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा

- शोभायात्रा में सजीव झंकियां रहीं आकर्षण का केंद्र
- 1100 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

में हाथी, घोड़े तथा बैंड बाजे अलग ही दृश्य बिखेर रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा से कलश यात्रा व शोभायात्रा का शहर वासियों ने स्वागत किया। शोभायात्रा में जीवंत झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान दूर-दराज आए संत भी शोभायात्रा में शामिल हुए। राम राजा, महालक्ष्मी व गणेश जी की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। यज्ञाचार्य महंत गणेशदास महाराज अयोध्या के नेतृत्व में विद्वानों ने वेदिका पूजन स्वस्तिवाचन, नवग्रह पूजन आदि प्रक्रियाओं के बाद अरणी मंथन किया और अग्नि देव के प्राकट्यय के बाद सभी देवताओं का आव्हान किया। अलग-अलग धार्मिक व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया।

इस मौके पर चार संप्रदाय के फूलडोलदास महाराज वृंदावन, सनकादिक आश्रम चित्रकूट के पीठाधीश्वर सुखरामदास ब्रह्मचारी महाराज, पीठाधीश्वर सनकादिक आश्रम चित्रकूट, महामण्डलेश्ववर सीतारामदास महाराज नर्मदा, महामंडलेश्वर रघुवंशदास महाराज कोटपुतली, विजयरामदास महाराज वल्लभगढ, पुरुषोत्तमदास महाराज नारायणपुरा, रामरत्नदास महाराज ब्रह्मपुरी जयपुर, गोबिन्ददास महाराज छत्तीसगढ़, सुदर्शनदास महाराज वृंदावन, रामप्रियदास टोंक, नरसिंहदास मांडोगढ़, महंत बालकदास पातालपुरी वाराणसी, महंत सियारामदास गुना मध्यप्रदेश, महंत सूरतदास जयपुर, महंत शिवदास रामेश्वरम तमिलनाडु, महंत श्रीरामदास महाराज मंडी हिमाचल प्रदेश, महंत अवधेशदास महाराज बयाना, महंत भगवानदास करनाल, महंत अवदेशदास बंशीवाले समेत काफी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालुगण मौजूद थे।



11 सौ महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे शहर का भ्रमण किया।

## विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई।

समीपवर्ती गांव भोजपुर में गुरुवार को आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक दीपचंद खैरिया के साथ कोटकासिम की प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान भी शामिल रही। विधायक के मीडिया सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि ग्राम भोजपुर में ग्रामीणों द्वारा ढोल एवं शहनाई से विधायक व प्रधान का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच निकिता कुमारी चौधरी ने प्रधान कोटे से तीन अलग-अलग स्थानों पर निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स मय नाली निर्माण कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया।

भोजपुर के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा विधायक दीपचंद खेरिया से विद्यालय को क्रमोन्नत करवाने का आग्रह किया जिस पर उन्होंने जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर विद्यालय को क्रमोन्नत करवाने का आश्वासन दिया।

प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विकास कार्यों के लिए धन की समस्या आड़े नहीं आने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान भोजपुर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों को प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान व विधायक दीपचंद खेरिया ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई।

## चेयरमैन को निलंबित करने की मांग

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर में एसीबी की ओर से भ्रष्टाचार के एक मामले में 13 फरवरी को गिरफ्तार होने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे सांभर चेयरमैन बालकिशन जांगिड़ के 23 दिन बाद भी सरकार के निलंबन के आदेश का इंतजार बना हुआ है।

इस मामले में भाजपाइयों ने गुरुवार को जिला कलेक्टर के नाम सांभर एसडीएम जयंत कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपकर निलंबित करवाए जाने का अनुरोध किया है। चेयरमैन जांगिड़ के ट्रेप होने के बाद से ही अनेक कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। लोगों को अपने आवासीय पट्टे हासिल करने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के पास सीमित शक्तियां प्राप्त होती है तथा चेयरमैन का पद प्रभावित होने के कारण उनसे जुड़े लोगों के अनेक कार्य नहीं हो रहे हैं।

टेंडर प्रक्रिया नए सिरे से जारी नहीं हो पा रही है जिसे जरूरी विकास कार्य भी बंद पड़े हैं। भाजपाइयों का कहना है कि सत्ता पक्ष जानबूझकर चेयरमैन के सस्पेंड ऑर्डर जारी नहीं होने दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी ने बताया कि नियमानुसार भ्रष्टाचार में गिरफ्तार होने के 48 घंटे बाद निलंबन की प्रक्रिया सरकार को जारी करनी चाहिए थी लेकिन कांग्रेस के चेयरमैन को बचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। गुरुवार को ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मेंद्र जोपट, एडवोकेट विजय प्रजापत, पूर्व चेयरमैन विनोद सांभरिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश माली, हलवाई ताराचंद माली, पार्षद पति प्रेम कुमार सैनी, मनोज पारीक, कपिल सोनी, रामेश्वर कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में मंत्री ने धरना दिया

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि केन्द्र सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को आबाद करने के लिए गरीबों का निवाला छीनने का कुत्सित प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने सरकारी खजाने की लूट की जो खुली छूट देश के चन्द नुमाईदों को दे रखी है उससे पूरा देश आर्थिक स्तर पर संकट की स्थितियों का सामना कर रहा है। मंत्री जूली गुरूवार को अडानी प्रकरण के विरोध में मालाखेडा ब्लॉक पर एसबीआई बैंक के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में केन्द्र की नीतियों से आमजन को अवगत करा रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में उच्च पदों पर आसीन संकीर्ण मानसिकता वाले भाजपाई देश के आवाम को गरीबी की दलदल में धकेलने का प्रयास कर रहे है। उन्होनें कहा कि उनकी अडानी ग्रुप से मित्रता एसबीआई व एलआईसी जैसे सरकारी उपक्रमों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। धरना प्रदर्शन में प्रधान दौलत जाटव, सिद्धार्थ व्यास, पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, लालाराम सैनी, हिम्मत सिंह चौधरी, नरेन्द्र सावत्री मीणा, बच्चू चौधरी, शिवचरण बलाई, मोहन मीणा, अनिल दुबे, शेरसिंह चौधरी, सोनू मीणा, मनोज मीणा सहित बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



मंत्री टीकाराम जूली ने अडानी प्रकरण के विरोध में मालाखेड़ा में आयोजित धरना प्रदर्शन में केन्द्र की नीतियों से अवगत कराया।

## कार्यशाला आयोजित

**मंडावरी, (निसं)।** नगर पलिका मुख्यालय पर गुरुवार को एसएमसी एवं एसडीएमसी की शिक्षण व्यवस्था उन्नयन सहित विभिन्न मौजूदा समय में चुनौतियों को लेकर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस आमुखीकरण कार्यशाला में दक्ष प्रशिक्षक प्रधानाचार्य राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय लालसोट अंजना त्यागी एवं अनिता शर्मा द्वारा विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की जिम्मेदारी एवं अपेक्षित व्यहवार सहित सुदृढीकरण शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ावा एवं अन्य शिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विद्यालय प्रबंध समिति से जुड़े सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। दक्ष प्रशिक्षक अंजना त्यागी द्वारा मौजूद प्रशिक्षण ले रहे संभागीय को विद्यालय स्तर पर किस तरह से शिक्षा में गुणवत्ता एवं बालिका सुरक्षा एक जिम्मेदारी सहित कई विषयों पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित संभागीय के समक्ष भामाशाहो को प्रेरित करना एवं आवश्यकता अनुसार सुदृढीकरण विषय पर खुद के विचार व्यक्त किए गए।

उक्त प्रशिक्षण में आयोजक अध्यक्ष स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा सेजवाल रही । कार्यक्रम का संचालन स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता सचिव रामकेश मीणा द्वारा किया गया। वही मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस सदस्यों की आमुखीकरण कार्यशाला में उपस्थिति को लेकर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सराहना की गई।

## हादसे में छात्र की मौत

**राजगढ़, (निसं)।** क्षेत्र के टहला थाना के ग्राम राजौरगढ़ के समीप बस दुर्घटना ग्रस्त हो जाने के कारण स्कूली छात्र की मौत हो गई। बस हादसे में करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस के अनुसार नीलकंठ राजोर गढ़ निवासी राजेश शर्मा ने मामला दर्ज कराया कि उसका पुत्र अभिनव 13 वर्ष बस में सवार होकर दौसा जा रहा था। बस चालक की लापरवाही से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मेरे पुत्र की मौत हो गई। इस हादसे में अनीता मीणा 30 वर्ष, विकास अट्ठारह सहित करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना पर थानागाजी विधायक कांति मीणा एसडीएम ओमप्रकाश मीणा चिकित्सालय पहुंचे और मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा।

## कुश्ती में पहलवानों ने दमखम दिखाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के निकट श्री काकड़ का बालाजी ढाणी गलकट्यया मऊ में कुश्ती का दंगल का आयोजन किया गया जिसमें 1100 रूपये की पांच कुश्ती, 2100 रूपये पांच एवं एक कुश्ती 31 सौ रुपए की करवाई गई ।

- 2100 रूपये की पांच एवं 31 सौ रुपए की एक कुश्ती हुई

मेला कमेटी कांकड़ बालाजी के सुरेश सामोता व भीवांराम जाखड़ ने बताया कि पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा व गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति मैं मेले का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार श्री बड़ा बालाजी मेला में भी कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया । क्षेत्र की जनता के आस्था के प्रतीक कस्बे में श्री कृष्ण गौशाला के पीछे स्थित श्री बड़ा बालाजी के मेले व कुश्ती दंगल इनामी योजना के तहत लॉटरी से इनामी निकाली गई इसी दिन हर वर्ष की तरह मेला स्थल पर लक्की ड्रा खोला खोला गया।

जिसमें होंडा मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन, मोबाइल, म्यूजिक सिस्टम सहित कुल 50 इनामें रखी गई थी इस अवसर पर रात्रि को जागरण का भी आयोजन किया गया।मेले के अवसर पर बड़े बालाजी का अलौकिक श्रृंगार कर प्रसाद वितरण भी किया गया।

## फागोत्सव धूमधाम से मनाया

**मनोहरपुर, (निसं)।** लिजेंड्स ग्रुप मनोहरपुर के द्वारा प्रथम मनोहरपुर फागोत्सव गांधी चौक में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में युवा और बुजुर्ग शामिल हुए जो उजाला बैंड और श्याम डी जे की धुनों पर थिरके। इस मौके पर 2 क्विंटल गुलाल उड़ाई गई, कार्यक्रम में ठंडाई और अल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में श्री राम सेवा समिति और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग कर कार्यक्रम को व्यवस्थित बनाये रखा। फागोत्सव में पुष्कर होली की तर्ज पर कपड़ा फाड़ होली भी आयोजित की गई। अनिल, रमेश योगेश, गौरव, राहुल, अविनाश, राहुल, मोहनलाल, नवलकिशोर, राजू, अभय, मनीष, संजय, राजेन्द्र, अजय, मोहनलाल, महेंद्र, पंकज इत्यादि मौजूद रहे।

## फागोत्सव में कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर में दरवाजे वाले बालाजी मंदिर परिसर में बीती रात्रि में बड़ी ही धूमधाम के साथ फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फागोत्सव के दौरान बाबा श्याम का अलौकिक दरबार व सजी छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। फागोत्सव के साथ ही फाल्गुन माह को विदा किया गया। फागोत्सव के दौरान बाहरी कलाकारों निशा शर्मा एण्ड पार्टी के दौरान एक से बढ़कर प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें बाबा श्याम का निशा शर्मा ने गुणगान कर धमाल पर भक्तों को खूब नचाया। वहीं जमकर भक्तों ने नृत्य कर बाबा के संग फूलों की होली खेली। दरवाजे वाले बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक लक्की अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा डिप्टी महावीर प्रसाद चौटिया, थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़, कलाकार निशा शर्मा,रामोतार सहित अन्य कलाकारों सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजन लौगों का माला पहनाकर,श्याम दुपट्टा ओढाकर एवं प्रतिक चिन्ह भेंट सम्मान किया गया।

# अडानी घोटाले के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया

**लालसोट, (निसं)।** ब्लॉक व चांदसेन नगर कांग्रेस कमेटी लालसोट द्वारा एसबीआई बैंक नगर पालिका के पास केंद्र सरकार की मित्र नीति से हुए अडानी घोटाले का आरोप लगा इस निति के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया।

धरने के दौरान मांग की कि मोदी सरकार तुरंत संयुक्त संसदीय समिति का गठन कर इस अडानी घोटाले की निष्पक्ष जांच करे ताकि सभी निवेशकों का पैसा सुरक्षित हो। मामले को लेकर कांग्रेसियों द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस मौके पर पीसीसी सदस्य कमल मीणा पीसीसी सदस्य स्वायत शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा रामविलास शर्मा लालसोट पंचायत समिति प्रधान नाथू लाल मीणा उप प्रधान कैलाश दुसाद लालसोट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर रामफुल सैनी चांदसेन ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष कमल दत्त सैनी ब्लॉक कांग्रेस कोऑर्डिनेटर जगदीश राड़ा संरपच संघ अध्यक्ष हेमराज मीणा पार्षद सद्दाम हुसैन विजय गुर्जर कपिल पुरोहित कमलेश सैनी राजेश सैनी सुनील चतुर्वेदी इरफान खान जिला अध्यक्ष कांग्रेस सोशल मीडिया अशोक कटारिया लालसोट ब्लॉक कांग्रेस सोशल मीडिया संयोजक रोहित पंसारी राजेंद्र पांखला ओम प्रकाश सैनी जीतू बडाया सीएम सुकारिया गिरधर शर्मा टेकचंद मालिया महेश धोबी सूरज सैनी पदम सैनी चंदा लाल सैनी सिराज मोहम्मद चिरंजी लाल सैनी शिवाराम सैनी अमित कापड़िया राहुल जोशी एमडी बंटू ठेकेदार एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरेंद्र बकोरिया, नंदू मंडावरा रामजीलाल सैनी एवं अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




लालसोट उपखंड मुख्यालय पर कांग्रेस जनों ने अडानी घोटाले पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

## सांसद ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अलवर सांसद

- 50 लाख रू. की पंचायतों के विकास के लिए की घोषणा

महंत बालक नाथ योगी ने ग्रामीण विधानसभा का दौरा किया।

इस दौरान अलवर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत घेघोली, देसूला, गूंदपुर, भजीट, केरवा जाट, सालपुर, खेडली सैय्यद, इत्यादि ग्रामीण पंचायतों में जनसुनवाई चौपाल आयोजित करते हुए उनके द्वारा केंद्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 5० लाख रू. की घोषणा की गई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के किसान वर्ग के लिए जो जनकल्याणकारी योजनाएं जारी की है उन के माध्यम से आज किसान ना केवल आत्मनिर्भर बन रहा है बल्कि वह सशक्त भारत के निर्माण में अपनी प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

## सार-समाचार

### विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत चिमनपुरा सड़क से इटावा की ओर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक रामलाल शर्मा और पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने किया। उक्त सड़क का निर्माण कार्य 18.76 लाख की लागत से होगा। जेहरी वाली ढाणी, इटावा भोपजी में आयोजित सड़क शिलान्यास समारोह में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा विधायक रामलाल शर्मा, प्रधान रामस्वरूप यादव सहित जनप्रतिनिधियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मोके पर पंचायत समिति सदस्य महेश यादव, मुकेश बलेसरा, सोहन सबलानिया रामेश्वर बर्रा, राधेश्याम शर्मा, ओम प्रकाश बर्रा, भगवान सहाय यादव, श्रवण शर्मा, पूरण सिंह निर्वाण, गोपाल सिंह निर्वाण, रामेश्वर बिरानिया, छीतर लील, महेश बोस, ओमप्रकाश बुनकर, लालचन्द्र चोरियां, राजू चोरियां, भास्कर जांगिड़, कैलाश टेलर, अजय पलसानिया, गोविन्द शर्मा, राकेश शर्मा, रामवतार शर्मा, मूलशंकर मेहता, ब्रजेश बिरानिया, रामजीलाल सेनी, सुभाष योगी, चंद्रवीर सिंह, मनोज आशीष गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अव्यवस्थाओं से मरीज परेशान

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर राज्य सरकार द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांच के लिए विभिन्न मशीनें तो लगा दी गई है, परन्तु उनके मेंटिनेंस की कमी के चलते वह खराब होकर मात्र कबाड़ बनकर रह गई। शिक्षाविद् शक्ति सिंह ने बताया कि अस्पताल की बायोकेमेस्ट्री मशीन पिछले कई महीनों से खराब होने के कारण मरीजों को उक्त जांच हॉस्पिटल के बाहर निजी डायनोस्टिक सेन्टर पर करवाने की मजबूरी बनी हुई है। परन्तु इस ओर किसी का भी ध्यान केन्द्रित नहीं हो रहा है। वहीं पर्ची काउण्टर पर भी कई बार तकनीकी खराबी के चलते मरीजों की भीड़ लग जाती है। इसकी वजह से मरीजों को घन्टों तक लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ठीक इसी तरह की समस्या दवा वितरण काउण्टर पर भी देखने को मिल रही है।

### हाथ से हाथ जोड़ो अभियान जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** भारत जोड़ो यात्रा के तहत राजस्थान आये कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य की सभी 200 विधानसभा सीटों पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पद यात्रा कर गाँव व ढ़ाणी तक आमजन के बीच भारत जोड़ो यात्रा के संदेश के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवा रहे है। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में भी उक्त अभियान निरन्तर जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी व नारहेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुल आर्य के नेतृत्व में ग्राम नांगल पण्डितपुरा, टमोरीवास, हांसियावास में घर-घर पद यात्रा निकालकर पत्रकों का वितरण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर अपार जोश, उत्साह व उल्लास के साथ पद यात्रा निकालते हुए देश भक्ति के नारे भी लगाये।

### होली मिलन समारोह 12 को

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री खंडेलवाल वैश्य समाज श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष नंदकिशोर खूंटेटा ने बताया कि समाज का स्वर्ण जयंती एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन 12 मार्च रविवार को कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला में गोपाल लाल गुप्ता पूर्व लोकायुक्त न्यायाधीपति की अध्यक्षता व अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा जयपुर के अध्यक्ष रमेश रमेश चंद खंडेलवाल तूंगावाला के मुख्य आतिथ्य में मनाया जाएगा। खूंटेटा के अनुसार राज कुमार गुप्ता आईपीएस कमांडेंट एसडीआरएफ राजस्थान, पुरुषोत्तम गुप्ता मैनेजिंग ट्रस्टी श्री खंडेलवाल वैश्य तीर्थ स्थान खंडेलाधाम,श्री राम कृष्ण आकड़ महामंत्री श्री खंडेलवाल वैश्य स्थान खंडेलवाल धाम खंडेला तथा अरविंद कूलवाल अध्यक्ष खंडेलवाल वैश्य समाज झोटवाड़ा जयपुर समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम अनुसार इस दिन दोपहर 1 बजे से खेलकूद प्रतियोगिता, दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत एवम् सम्मान सायकाल 6 बजे से प्रितीभोज का आयोजन किया जाएगा।

### न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी

**दूदू, (निसं)।** राजस्थान अधिवक्ता संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर कस्बे में न्यायालयों में न्यायिक कार्य का बहिष्कार अनिश्चितकालीन समय के लिए आज भी जारी रहा। अधिवक्ता संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान की रुपरेखा अनुसार आज अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को लेकर न्यायालय परिसर में अध्यक्ष अशोक कुमार दायमा के नेतृत्व में धरना दिया गया। धरने में अधिवक्ता हरीश साहू, मुकेश बाना, नानूराम धाभाई, निरंजन पारीक, संजय सिंह, बलवंत काटवा क्रमिक अनशन पर बैठे। अध्यक्ष अशोक दायमा ने बताया कि धरने में ताज मोहम्मद, रामजी लाल शर्मा, नसीम उल हक,निशा पारीक, ओमप्रकाश तंवर, राधे श्याम लक्षकार,कन्हैया लाल सैनी,शेख अनवर , मोहित हैं, अमर प्रजापत, शिवराम शर्मा, भालचंद्र दायमा, दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा निकाली

**सांभरझील, (निसं)।** काजीपुरा में सत्यनारायण भगवान मंदिर की सोलहवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में गुरुवार को वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना की गई। कलश यात्रा बालाजी मंदिर काकड़ की ढाणी से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई निकाली गई। 511 महिलाओं ने कलश धारण कर इसमें भाग लिया। ग्रामवासियों द्वारा शरबत, शिकंजी, अल्पाहार दिया गया। जगह जगह पुष्प वर्षा से श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। सरपंच नवरत्न माचीवाल ने बताया कि सभी भक्तजनों के सहयोग से भव्य कलश यात्रा निकाली गई और रात्रि में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह और सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत होंगे।

### स्कूल में प्रिंटर व कुर्सियां भेंट की

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्भा की तलाई पचार में गुरुवार को भामाशाह गोधाराम निठारवाल ने प्रिंटर भेंट किया। इससे पूर्व भामाशाह बद्रीराम मुकेश कुमावत तथा नाथूराम सुरेश बेडवाल द्वारा पांच पांच कुर्सियां प्रदान की गई। इसके साथ ही राजेंद्र बगड़िया और श्रवण कुलड़िया द्वारा कक्षा कक्षों की खिड़कियों और विद्यालय के मुख्य द्वार की मरम्मत कराई गई है। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक राजेंद्र सरोज ने बताया कि गणतंत्र दिवस और विद्यालय के वार्षिक उत्सव के दौरान उक्त भामाशाहों ने घोषणा की थी। सरोज ने आगे बताया कि भामाशाहों ने आज तक अपनी सभी घोषणाओं को पूरा कर दिया है।

### होली मिलन समारोह

**खैरथल, (निसं)।** महावर वैश्य नवयुवक मंडल की ओर से पिछले 35 साल से मनाए जाने वाले होली मिलन समारोह में पूरे समाज के सपरिवार शामिल होने की परंपरा को इस बार भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। आयोजक महावर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता ने बताया कि विशाल एवं भव्य महावर भवन में 35वें होली मधुर मिलन एवं वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि धीरज कुमार गुप्ता उप आयुक्त आयकर विभाग जयपुर एवं विशिष्ट अतिथि हेमंत गुप्ता उपखंड अधिकारी (एसडीएम)जयपुर,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के. एम. गुप्ता, दिल्ली से आये गोविन्द गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, महावर धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक डाटा,सुरेश जाखड़,हरिकृष्ण गुप्ता लगभग सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**फुलेरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी की अडानी नीति के खिलाफ शुक्रवार को प्रातः 11 बजे सांभरलेक स्थित एलआईसी ऑफिस के सामने कांग्रेसीयों का धरना प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्षा पुष्पा मेघवाल के नेतृत्व में किया जायेगा। ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री अलीमुद्दीन जोया ने बताया कि धरना प्रदर्शन में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, सांभर प्रधान, फुलेरा-सांभर-नरैना नगर अध्यक्ष, सरपंच एवं पंचायत समिति सदस्य सहित ब्लॉक के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**मालपुरा, (निसं)।** सिकोईडीकोन संस्था शाखा मालपुरा द्वारा लक्षण परियोजना के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रमों की श्रंखला में गुरूवार को महेश सेवा सदन में महिला अधिकार व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक पीएम पाल, प्रोग्रामर प्रसुन मठपाल, मिनाक्षी शर्मा कॉडिनेटर, अनिल भारद्वाज, प्रहलाद जाट, डॉ. मिनिमय शर्मा, सरपंच रूचिता सैनी, एडवोकेट गीता वालिया, नमिता पारीक, व्याख्याता अलका पारीक ने महिलाओं को शिक्षा के महत्व, किशोरी बालिकाओं को शिक्षा व स्वास्थ्य, महिला टीकाकरण सहित महिला अधिकारो व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की जानकारी दी।

### स्नेह मिलन समारोह 12 मार्च को

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में होली के मौके पर उत्साह का माहौल है। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं द्वारा रंगोत्सव आयोजित कर होली की खुशी मनाई जा रही है। इस खुशी के अवसर पर रविवार 12 मार्च को सुबह 10 बजे से भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड की ओर से होली के रंग अपनों के संग गीत संगीत के साथ होली महोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम मनोज ग्रोवर कृषि फार्म, सरकारी अस्पताल के सामने आयोजित किया जाएगा। कुलदीप धनकड ने बताया कि इसमें लोक कलाकारों द्वारा होली के गीतों व भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

# अपराधियों की पोस्ट लाइक व फॉलो करने वालों के खिलाफ अभियान जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रदेश में तेजी से बढ़ रही आपराधिक घटनाओं, वारदातों की रोकथाम के लिए राज्य सरकार व पुलिस द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं अपराधियों व असामाजिक तत्वों के महिमा मंडन के लिए सोशल मीडिया पर अपराधियों को फॉलो करने वाले एवं उनकी पोस्टों को शेयर व लाईक करने के साथ-साथ अवैध हथियारों व बदमाशों के साथ रॉबिनहुड पोस्ट डालने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

आपको बता दें कि जयपुर ग्रामीण एसपी डॉ. राजीव पचार द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अपराधियों व असामाजिक तत्वों की रॉबिनहुड पोस्टों व उनके पेज को फॉलो, लाईक, कमेंट व शेयर करने वाले अनुयायियों के विरूद्ध क्षेत्र में विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए एएसपी विधा प्रकाश व डीएसपी गौतम कुमार जैन के सुपरविजन में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में सरूण्ड थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हिस्ट्रीशीटर एवं हार्डकोर अपराधियों एवं महाकाल गैंग के गैंगस्टरों व असामाजिक तत्वों को लाईक व कमेंट करने के साथ-साथ गिरोह बनाकर आमजन को धमकी देने व डराने वाले चार बदमाशों अजय कुमार (23) पुत्र महेश उर्फ महेन्द्र बावरिया, राजेन्द्र (24) पुत्र प्रेमचंद मेघवाल, हेमंत कुमार (20) पुत्र कृष्ण कुमार मेघवाल व पिन्टु (19) पुत्र राजेश कुमार गुर्जर सभी निवासी ग्राम नौरंगपुरा, थाना सरूण्ड को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने बताया कि चारों बदमाशों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। साथ ही महाकाल गैंग से इनके सम्बंधों का भी पता लगाया जा रहा है। इनमें अजय कुमार बावरिया वर्ष 2020 में ब्लाईंड मर्डर के मामले में बंद रहा है जो जमानत पर है। वहीं बदमाश राजेन्द्र हिस्ट्रीशीटर अपराधी विक्रम उर्फ गद्दार का भाई है जो भी आदतन अपराधी है। साथ ही अपराधी पिन्टु बदमाश लडकों की गैंग बनाकर अपने आपको महाकाल गैंग का सदस्य बताता है।


सरूण्ड थाना पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ आदतन अपराधी हैं चारों बदमाश, गैंग बनाकर जगह-जगह लोगों को धमकी देने व डराने का कार्य करते हैं

## चाकसू कृषि मंडी में अव्यवस्था का आलम

**चाकसू, (निसं)।** इन दिनों कृषि उपज मंडी में किसान अपनी जीन्स बेचने आ रहे हैं लेकिन गेट पास सही समय पर नहीं बनाए जाने के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

कृषि उपज मंडी प्रशासन द्वारा जिस किसान का गेट पास सुबह 11 बजे तक बन जाता है उन्हीं किसानों की जिंसों की बोली व तुलाई का कार्य उसी दिन हो पाता है यदि गेट पास 11 बजे बाद बन पाता है तो किसानों का माल व्यापारी खाली तो करवा लेंगे लेकिन उसकी नीलामी व तुलाई इत्यादि उस दिन नहीं होकर दूसरे दिन होती है। जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है।

वही किसानों का आरोप है कि मंडी प्रशासन ने वैसे तो गेट पास बनाने के लिये 2 काउंटर बना रखे हैं एक पर तो कर्मचारी बैठता है लेकिन दूसरे पर कर्मचारी नदारद रहता है जिससे गेट पास काउंटर पर किसानों की लंबी भीड़ लग जाती है और गेट पास बनने में समय लगने से 11 बज जाते है जिससे किसान का समय निकल जाता है और उसे अपनी जिंसों को बेचने के लिये दूसरे दिन आना पड़ता है।

## सार-समाचार

### भाबरू थाना प्रभारी का निधन



**पावटा, (निसं)।** भाबरू पुलिस थाने में थाना प्रभारी के पद पर कार्यरत अतरसिंह ने बीती रात एसएमएस अस्पताल में अंतिम सांस ली। पिछले 6 दिनों से मौत से जूझ रहे थाना प्रभारी जिंदगी की जंग हार गए। थाना प्रभारी अतरसिंह के निधन से क्षेत्र व पुलिसकर्मियों में शोक की लहर छा गई। दिवंगत थाना प्रभारी अतरसिंह की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव ग्राम फूसापुर मुंडावर के लिए रवाना हुई। इस दौरान चंदवाजी, मनोहरपुर, शाहपुरा, भाबरू में पुलिसकर्मियों व ग्रामीणों ने पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने सलामी भी दी। इन मौके पर शाहपुरा डीएसपी सुरेंद्र कृष्णिया, थाना प्रभारी अरुण पूनिया, मनोहरपुर थाना प्रभारी मनीष शर्मा, चंदवाजी थाना प्रभारी उदयसिंह समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बता दे कि 2 मार्च को भाबरू पुलिस थाने में रोल कॉल लेते समय थाना प्रभारी अतरसिंह को हार्ट अटैक आया था। इसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें जयपुर एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। वहीं विधायक इन्द्राज गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियों ने ग्राम फूसापुर मुंडावर पहुँचकर भाबरू थाना प्रभारी अत्तरसिंह यादव के अंतिम संस्कार में शामिल हुये।

### विप्र सेना ने पीले चावल बांटे



**मालपुरा, (निसं)।** विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में 19 मार्च को होनी वाली ब्राह्मण महापंचायत के सफल आयोजन को लेकर विप्र सेना ने गुरूवार को घर-घर पहुंच पीले चावल बांटे। विप्र सेना के चन्द्रप्रकाश शर्मा चन्दु दादा ने बताया कि ब्राह्मण समाज की 6 सूत्री मांगों को लेकर 19 मार्च को जयपुर में ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन होगा। महापंचायत में मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 38 ग्राम पंचायतों के 10 हजार ब्राह्मण की महापंचायत में उपस्थिति के लिए कोर कमेठी बनाई गई है जो कि क्षेत्र के गांव-ढाणी पहुंच कर विप्र जनों को पीले चावल बांट महापंचायत के उद्देश्य से अवगत करवा जयपुर पहुंचने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

### विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित



**चाकसू, (निसं)।** कस्बा स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में कक्षा 12 के भैया बहिनों का शुभकामना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केसर देवी शर्मा, रामदयाल सेन व्यवस्थापक आदर्श शिक्षा समिति जयपुर, कार्यक्रम की अध्यक्ष रचना शर्मा, स्थानीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नाथू लाल खंडेलवाल, प्रबंध समिति व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती, प्रबंध समिति के सदस्य सत्यनारायण सांवरिया, के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। उच्च माध्यमिक प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत ने बताया कि कक्षा 12 में 87 भैया /बहिन कला तथा विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत है। जिन्हें भविष्य की शुभकामना के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कजोड़ सैनी, शंकर गुर्जर, अर्जुन बैरवा, गणपत सिंह सिसोदिया वरिष्ठ आचार्यो सहित, विद्यालय स्टाफ व कक्षा एकादशी द्वादशी के भैया /बहिन उपस्थित रहे।

### मुकेश जिला सह प्रभारी नियुक्त

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक सुरेन्द्र सिंह नरूका ने प्रदेश सह संयोजक सतीश शर्मा व देवांग चतुर्वेदी एवं जयपुर सम्भाग प्रभारी सुरेश मानका की सहमति से कोटपूतली निवासी एड. मुकेश कुमार चनेजा को चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग जिला जयपुर उत्तर का जिला सह प्रभारी एवं एड. उदयसिंह तंवर को कोटपूतली विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति पर चनेजा व तंवर ने प्रदेश संयोजक नरूका व जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ समेत अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

## सरकारी अस्पताल के चिकित्सक पर आरोप लगाये

**टोंक, (निसं)।** शहर के सआदत अस्पताल में नियुक्त हड्डी रोग चिकित्सक सुरेश सैनी पर निजी अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन कराने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि चिकित्सक ने पीड़ित के भाई के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है कि वह मरीज का ऑपरेशन कराने से पहले पर्ची लेकर चला गया।

वहीं दूसरी तरफ पीड़ित के भाई निवाई की जनता कॉलोनी निवासी धारासिंह ने सआदत अस्पताल के डॉ. सुरेश सैनी के खिलाफ धमकाने तथा निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने का दबाव बनाने की रिपोर्ट दी है। दोनों मामलों की जांच कोतवाली के एएसआई श्रवण शर्मा कर रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक परिवादी धारा सिंह के भाई पवन कुमार का गत दिनों पैर की हड्डी का ऑपरेशन होना था। वह 23 फरवरी को सआदत अस्पताल में भर्ती हुआ था। डॉक्टर सुरेश सैनी ने जनाधार मांगा, जनाधार की जांच कराई तो वह चालू नहीं था। इस पर डॉक्टर सुरेश सैनी ने पवन से कहा कि तुम आयुष्मान हॉस्पिटल चले जाओ।

वहां पर 25 हजार में आज ही ऑपरेशन हो जाएगा। यहां सरकारी हॉस्पिटल में ऑपरेशन कराओगे तो 8 हजार रुपए लगेंगे। ऐसे में वह आयुष्मान में जाने के बाद एक अन्य निजी हॉस्पिटल में चला गया और 10 हजार रुपए में ऑपरेशन करा लिया। इससे नाराज होकर डॉ. सुरेश सैनी ने उसकी शिकायत कोतवाली में कर दी। इधर, पीएमओ ने बताया कि सुरेश सैनी को पहले भी एक मामले में नोटिस दिया गया है। अभी के मामले की जानकारी नहीं है।

■ पीड़ित के भाई ने धमकाने व निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने का दबाब बनाने का आरोप लगाया

# भाजपा सरकार के खिलाफ बैंकों के सामने प्रदर्शन किया

**बहरोड़/मुंडावर, (निसं)।** अडानी घोटाले में संलिप्त केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विरोध में बहरोड़ तथा मुंडावर तहसील में एसबीआई बैंकों के सामने प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य कवीता धर्मपत्नी पूर्व विधायक मेजर ओपी यादव एवं बस्तीराम यादव प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी तथा ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा संगठित रूप से विरोध प्रदर्शन किया गया।

मुंडावर में एसबीआई बैंक के सामने पीसीसी की कविता यादव के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम पटेल की अध्यक्षता में मोदी सरकार के पूंजीपति मित्रों को सरकारी खजाना लुटाने की खुली छूट तथा अडाणी घोटाले से देश की जनता के पैसे का भ्रष्टाचार पूर्ण तरीके से दुरुपयोग करने की बात कहते हुए पूर्व प्रधान रोहित चौधरी एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मचंद बोहरा सहित पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू खटीक, पूर्व पार्षद बाबूलाल, एमपीएस रुपेश, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अशोक पटेल, नेमीचंद शीलगांव, मुकेश, चरण सिंह गुर्जर आदि सैकडों कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं बहरोड़ में ऑफिसर कॉलोनी के सामने स्थित एसबीआई बैंक शाखा के सामने प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी उपाध्यक्ष बस्तीराम यादव के नेतृत्व में अलवर जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, पंडित लक्ष्मी नारायण शर्मा, जिला पार्षद संजय यादव, डॉ रामचंद्र यादव एवं विपिन शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंचों के द्वारा नरेंद्र मोदी की पूंजीपति पोषक केंद्र सरकार के खिलाफ धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया गया।



बहरोड़ व मुण्डावर में कांग्रेसियों ने बैंकों के बाहर प्रदर्शन किया।

## अंजना त्यागी व चेतना बंशीवाल सम्मानित

**लालसोट, (निसं)।** भारत स्काउट गाइड संघ के नवाचार सम्पूर्ण दौसा जिले में आमजन की जुबान पर है और ये नवाचार सराहनीय और अनुकरणीय है ये कहना था दौसा के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण माली का।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संघ लालसोट द्वारा संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्काउटिंग क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने के लिये बालिका लालसोट प्रिंसिपल अंजना त्यागी और महात्मा गाँधी खोहरापाडा की प्रिंसिपल चेतना बंशीवाल को नारी शक्ति सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपक पुरोहित ने कहा कि हम सबको मिलकर प्रयास करने चाहिए कि महिलाओं को अधिक से अधिक अवसर मिले,उन्होंने महिलाओं के विशिष्ट क्षेत्रों में योगदान पर भी प्रकाश डाला । इस अवसर पर मूलचन्द मीना टीटी कॉलेज की रेंजर शिवानी सैनी और अदिति शर्मा ने स्टॉप वयोलेन्स प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि रेंजर बालिकाओ को किस प्रकार महिला और बालिकाओं के कानूनी एवं संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करना चाहिये। इस अवसर पर जमात विधालाय प्रिंसिपल उषा शर्मा व निजि विधालय की सुनीता गुप्ता वंदना सेठी को भी सम्मानित किया गया ।

## समारोह की तैयारियां जारी

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत हिंगोनिया के बालाजी मंदिर में रविवार व सोमवार को शिखर कलश प्रतिष्ठा समारोह होगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर पर की जा रही हैं। बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि मंदिर के नवनिर्माण के बाद समारोह के आयोजन को लेकर प्रधान कुंड की बोली लगाई जिसमें लाखा लांगडी के 4 लाख 51 हजार में छोडी गई है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 12 से 13 मार्च को आयोजित होगा। जिसमें हिंगोनिया बालाजी मंदिर पर 12 मार्च को सुबह 10 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। बाद दोपहर 2:30 बजे से अग्नि स्थापना के बाद प्रतिमाएं शिखर आदि देवताओं को स्थापित देवताओं के लिए शांतिक पौष्टिक हवन बाद देवालय वास्तु पूजन, शिखर आदि देवताओं का स्नपन व धान्याधिवास होगा।

## कांग्रेस का होली मिलन समारोह आयोजित

**चौमूं, (निसं)।** शहर के सामोद रोड मोहन वाटिका गार्डन में गुरुवार को चौमूं कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन में खानु खां बुधवाली चेयरमैन वक्ख बोर्ड राजस्थान, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, नानूराम कुमावत ओबीसी प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष, गिरिराज देवंदा कोर्डिनेटर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान, कृष्ण कान्त जोशी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, डॉ हनुमान बराला, डॉ सी बी यादव ने पार्टी को मजबूत करने व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लेकर अपनी-अपनी विचार रखे।

इस मौके पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चौमू विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे मे बताया। पूर्व विधायक सैनी ने कहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं बरती जाएगी। हमेशा उनका मान सम्मान रखा जाएगा। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि ग्राम मंडा भिंडा व इटावा भोजजी मे सीएससी क्रमोन्नत हुई आदि कांग्रेस के 4 साल में किए गए विकास कार्यों के बारे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बताते हुए आमजन तक पहुंचाने की बात कही।

## एसडीएम ने लोगों की फरियाद सुनी

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड सभागार में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई एसडीएम सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में एसडीएम ने लोगों की फरियाद सुनी और समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारीयों को निर्देश दिए।

एसडीएम सुनील कुमार ने बताया कि जनसुनवाई में कुल 12 परिवेदनाएं आई है, जिसमें बिजली, पंचायतीराज और अतिक्रमण से बंद रास्तों को खुलवाने की शिकायत मिली है। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए है । इस मौके पर तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा, नायब तहसीलदार शिवानी शर्मा, जलदाय एईएन युवराज सैनी, बिजली एईएन रमेश गुर्जर सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे ।

# कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव शुरू

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में नवनिर्मित श्रीसीताराम जी मंदिर में पंच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव का आगाज गुरुवार को स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज के सानिध्य में लगभग 2100 महिलाओं की विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ।

मंदिर आचार्य विष्णु दास ने बताया कि कलश यात्रा बोराज फोर्ट करणी माता मंदिर से भारी लवाजमे के साथ जिसमें सजीव झांकियां, घोड़े ,पालकी, रथ में बैंड बाजे के साथ रवाना होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री सीताराम जी मंदिर पहुंची। जहां यज्ञाचार्य पंडित कृष्ण अवतार शास्त्री के नेतृत्व में मुख्य यजमान ठाकुर त्रिवेंद्र सिंह व रामस्वरूप खोरानिया सहित 51 जोड़ों ने मंडप में प्रवेश ,पूजा अर्चना व अग्नि स्थापना आदि के बाद आहुतियां दी। कलश यात्रा व मूर्तियों के नगर भ्रमण के दौरान मुख्य मार्गों पर तोरण द्वार सजाए गए जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई । इस मौके पर पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री द्वारा समारोह में श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्यमंत्री सलाहकार दूदू विधायक बाबूलाल नागर ,पूर्व विधायक प्रेम चंद बेरवा ,पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद कडवा ने शिरकत की ।दूदू एसडीएम के निर्देश पर समारोह में शांति व्यवस्था बनाए रखने में मोजमाबाद थाना अधिकारी रामलाल मीणा ,बालाजी पुलिस चौकी इंचार्ज छाजूराम ,मामराज ,कमल ,गजानन्द,बीट अधिकारी रामनिवास ,आर ऐ एस दूदू की टीम ने अहम भूमिका निभाई । इस मौके पर सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा, पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर, श्याम मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह शेखावत ,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोपाल सांखला एडवोकेट जितेंद्र कुमावत, भागचंद्र अग्रवाल ,मुन्ना भाई शेख़, शिशपाल प्रजापत, विजय सांखला, पंकज जैन ,अर्जुन कड़वा, धारा सिंह चौधरी, उपसरपंच राजेश कुमावत, घनश्याम कुमावत, कपूर मल, कानाराम प्रजापत ,विनोद सोनी, भागचन्द सोनी सहित आसपास के सैकड़ों कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


कलश यात्रा के दौरान राम दरबार की सजीव झांकी सजाई।

## चिकित्सा मंत्री सड़कों का शिलान्यास करेंगे

**मंडावरी, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के प्रयासों से स्वीकृत हई 3 करोड रुपए लागत से करीब 6 किलोमीटर लंबाई की आठ जगहों पर बनने वाली सड़कों का शुक्रवार को मंत्री मीणा शिलान्यास करेंगे।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता रितिक मीणा एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के शहरी वार्डों में चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा स्वीकृत कराई गई सड़कों का शिलान्यास एक सादा समारोह के दौरान चिकित्सा मंत्री द्वारा किया जाएगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता रितिक मीणा ने बताया कि स्टूडेंट टेलर प्याऊ से रतन चौधरी के मकान तक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल ओलड्या माली की ढाणी तक हमीरपुरा रोड से बद्री लाल झंडया वाली ढाणी हमीरपुर रोड से राधाकिशन मास्टर की ढाणी बद्री सरपंच की ढाणी मेन बस स्टैंड से शीतला माता खुर्रा रोड हमीरपुरा रोड मेन हाईवे से गोरा वाली ढाणी नगरपालिका बाउंड्री मेन श्यामपुरा रोड से चौकीदार वाली ढाणी लाकडा ढाणी आदि आठ जगहों पर सीसी एवं टाइल्स रोड का निर्माण कराया जाएगा।

# हत्याकांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**टोंक/देवली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के गांवड़ी गांव में फरवरी माह में एक महिला की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार दोपहर वृद्ध महिला हत्याकांड के मामले में खुलासा कर दिया है।

हत्याकांड के मामले में पुलिस ने एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। दरअसल उक्त हत्याकांड का खुलासा टोंक पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने किया है। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि गत 2 फरवरी को गावडी निवासी लादी देवी की मवेशी चराने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने अकेला पाकर उसका गला दबाकर वह हाथ काट कर हत्या कर दी। तत्पश्चात हत्यारों ने वृद्ध महिला के हाथों की कलाइयां काटकर चांदी के कड़े निकाल कर मौके से फरार हो गए। उक्त दौरान पुलिस ने वृद्ध महिला की हत्या पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही थी। इसके बाद उक्त मामला ब्लाइंड मर्डर तब्दील होता चला जा रहा था। घटना के बाद पुलिस ने अलग अलग टीम गठित की तथा जिला व समीपवर्ती क्षेत्रों में मैन टू मैन मार्किंग करते हुए प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। पुलिस की टीमों ने करीब 500 व्यक्तियों से पूछताछ की तथा गावड़ी में ही कैंप लगाकर निगरानी करना शुरू कर दिया था। इस दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए रामकिशन मोगिया मुरैना एमपी में फरारी काटने की जानकारी मिली। वही पुलिस टीम के यह सामने आया कि रामकिशन उर्फ नरेश मोग्या घटनास्थल के पास देखा गया था। पुलिस ने 10 दिन तक जंगल में भीलवाड़ा में पीछाकर रामकिशन मोग्या को दस्तयाब करके उच्चाधिकारियों के समक्ष पेश किया गया । डिटेन किए जाने पर संदिग्ध रामकिशन के पास से साढ़े 13 किलोग्राम चांदी के आभूषण भी बरामद हुए हैं। वहीं रामकिशन से मनोवैज्ञानिक व तकनीकी आधार पर गहनता से पूछताछ किए जाने पर हत्यारे ने वृद्ध महिला की हत्या करना स्वीकार कर लिया है।

■ ईनामी आरोपी पर 15 मामले दर्ज, साढे 13 किलो चांदी बरामद


पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया।



इस तरह की चीजें हर क्रिकेटर के साथ होती है, आप एक क्रिकेटर का नाम बताइये, जिसने शुरू से लेकर अंत तक लगातार कंस्टिटेंसी से रन बनाए है और इस तरह की चीजें आपके लिए अच्छी होती है। - गौतम गम्भीर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, के एल राहुल को लेकर।

**आज का खिलाड़ी**



**एश्टन एगर**

बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर के मन में भारत के टेस्ट दौरे से बिना मैच खेले वापस भेजे जाने के बाद कोई 'बुरी भावना' नहीं है क्योंकि वह जानते हैं कि शीर्ष स्तर के क्रिकेट में स्थिति काफी 'निर्मम' होती हैं। एगर भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के सीनियर स्पिनरों में से एक के रूप में गए थे लेकिन पहले दो टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने के बाद स्वदेश लौट आए। पहले दो टेस्ट में उन पर ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और बाएं हाथ के मैथ्यू कुहनेमैन को तरजीह दी गई जिन दोनों को टेस्ट पर्दापण का मौका मिला।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एक मात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# शतकवीर उस्मान ख्वाजा के दम पर अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया मजबूत

## ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए



अहमदाबाद, 09 मार्च। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (104 नाबाद) के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को चार विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली।

सीरीज में दो अद्धर्शतक बना चुके ख्वाजा ने भारत में पहला टेस्ट शतक जड़ते हुए 251 गेंद पर 15 चौकों की बदौलत 104 रन बनाये। ख्वाजा पिछले 12 साल में भारत में टेस्ट शतक जड़ने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई वामहस्त बल्लेबाज हैं। इससे पहले मार्कस नॉर्थ ने 2010/11 दौरे पर बेंगलुरु टेस्ट में शतक जड़ा था।

ऑस्ट्रेलिया के अन्य बल्लेबाज पिच पर पांव जमाने के बाद आउट होते गये, लेकिन कैमरन ग्रीन ने अंत में 64 गेंद पर आठ चौकों की मदद से 49 रन की पारी खेल डाली। स्टंप्स तक ख्वाजा और ग्रीन के बीच पांचवें विकेट के लिये 85 रन की साझेदारी हो चुकी है और दोनों क्रीज़ पर मौजूद हैं।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बाकी तीन मैचों से बिलकुल अलग मिली। पिच ने पहले सत्र में स्पिन गेंदबाजों को अत्यधिक मदद नहीं दी। शुरुआती ओवरों में उमेश यादव की गेंद दो बार ट्राविस हेड के बल्ले को छूती हुई भी निकली लेकिन विकेटकीपर श्रीकर भरत उसे लपक नहीं सके।

हेड ने इन दो जीवनदानों का लाभ उठाते हुए आक्रामकता दिखाई और पहले विकेट के लिये ख्वाजा के साथ 15 ओवर में 61 रन की साझेदारी की। भारतीय स्पिनरों ने हालांकि अनुशासनात्मक गेंदबाजी जारी रखी और हेड 32 रन बनाकर रविचंद्रन अश्विन (57/1) का शिकार हो गये।

लंच से पहले मोहम्मद शमी (65/2) ने मार्नस लाबुशेन को आउट करके भारत की मैच में वापसी करवाई। लंच के बाद हालांकि ख्वाजा और कप्तान स्टीव स्मिथ की धैर्यवान बल्लेबाजी ने भारतीय गेंदबाजों को थकाने का काम किया। ख्वाजा ने पारी के 49वें ओवर में चौका लगाकर अपना अद्धर्शतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें कोई सफलता नहीं मिली और ख्वाजा-स्मिथ की जोड़ी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने चाय तक और कोई विकेट गंवाये बिना 149 रन बना लिये।

स्मिथ-ख्वाजा के बीच 79 रन की साझेदारी के बाद भारत को विकेट की सख्त जरूरत थी जो उसे रवींद्र जडेजा (49/1) ने दिलाया। जडेजा की एक गेंद उम्मीद से कम उछली और स्मिथ के बल्ले से छिटककर विकेटों में जा टकराई। स्मिथ 135 गेंद पर तीन चौकों के साथ 38 रन बनाकर आउट हुए। स्मिथ के करियर में ऐसा पहली बार हुआ है कि वह छह पारियों में अद्धर्शतक ना बना सके हों।

स्मिथ का विकेट गिरने के कुछ देर बाद शमी ने पीटर हैंड्सकॉम्ब (17) को भी सस्ते में पवेलियन भेज दिया, हालांकि इसके बाद ग्रीन और ख्वाजा की जोड़ी विकेट पर जम गयी। ग्रीन ने समय-समय पर खराब गेंदों को निशाना बनाया, जबकि ख्वाजा धैर्य के साथ शतक की ओर बढ़ते रहे।

ख्वाजा ने दिन के आखिरी ओवर की पहली गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया। वह पिछले पांच साल में भारतीय सरजमीन पर पूरा दिन बल्लेबाजी करने वाले पहले बल्लेबाज हैं। इससे पहले दिनेश चांदीमल ने 2017 में दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन 25 रन से पारी आगे बढ़ाते हुए नाबाद 147 रन बनाये थे। दिन का खेल खत्म होने तक ग्रीन ने भी ख्वाजा का बखूबी साथ दिया और वह अपने अद्धर्शतक से सिर्फ एक रन दूर हैं।

## भारत में शतक जड़ना हमेशा खास होता है : ख्वाजा

अहमदाबाद, 09 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के वामहस्त सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को 104 रन की नाबाद पारी खेलने के बाद कहा कि वह हमेशा से भारत में शतक जड़ना चाहते थे और यह उनके लिये खास अनुभव है।

ख्वाजा ने मैच के बाद कहा, काफी सारी भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह एक लंबा सफर रहा है। मैं इससे पहले दो बार भारत आ चुका हूं और आठ टेस्ट मैचों में मैदान पर ड्रिंक्स लेकर आया हूं। एक ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के रूप में आप हमेशा भारत में शतक जड़ना चाहते हैं। यह बेहद खास है। ऑस्ट्रेलिया के लिये पारी की शुरुआत करने वाले ख्वाजा ने दिन का खेल खत्म होने तक 251 गेंद पर 15 चौकों के साथ 104 रन बना लिये। वह पिछले 12 साल में भारतीय सरजमीन पर टेस्ट शतक जड़ने वाले पहले वामहस्त ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं। उनसे पहले मार्कस नॉर्थ ने ऑस्ट्रेलिया के 2010/11 भारत दौरे पर बेंगलुरु टेस्ट में शतक जड़ा था। इसके अलावा ख्वाजा पिछले छह साल में भारत में मेज़बान टीम के खिलाफ पूरा दिन बल्लेबाजी करने वाले पहले बल्लेबाज भी हैं। ख्वाजा से पहले श्रीलंकाई बल्लेबाज दिनेश चांदीमल ने 2017 दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन 25 रन से शुरुआत करते हुए 147 रन की अविजित पारी खेली थी।

ख्वाजा ने अपनी पारी के बारे में कहा, (ट्राविस) हेड ने शुरुआत में आक्रामकता दिखाई। उन्हें दूसरे छोर से देखना बहुत अच्छा था। पिच बहुत अच्छी थी और मैं आसानी से अपना विकेट गंवाना नहीं चाहता था। यह मेरे लिये एक मानसिक जंग थी। आपको लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करना होता है।

ख्वाजा के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट के नुकसान पर 249 रन बना लिये। भारत में अपना पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले ख्वाजा और कैमरन ग्रीन (49 नाबाद) के बीच 85 रन की अविजित साझेदारी हो चुकी है।

# मुंबई के आगे कैपिटल्स पस्त

मुंबई, 09 मार्च। वामहस्त स्पिनर साइका इशाक (13/3), इज़ी वॉन्ग (10/3) और हेली मैथ्यूज़ (19/3) की उत्कृष्ट गेंदबाजी के बाद यास्तिका भाटिया (41) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई इंडियन्स ने बुधवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से मात दी।

मुंबई की गेंदबाजी के आगे लाचार नज़र आयी कैपिटल्स की पूरी टीम 105 रन पर सिमट गयी। मुंबई ने 106 रन का लक्ष्य 15 ओवर में हासिल करके टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

कप्तान मेग लैनिंग ने 41 गेंद पर पांच चौकों के साथ कैपिटल्स के लिये सर्वाधिक 43 रन बनाये, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने 18 गेंद पर तीन चौकों के साथ 25 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा कैपिटल्स का कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका और टीम 18 ओवर में ही ऑलआउट हो गयी।

डब्ल्यूपीएल के जरिये लोकप्रियता हासिल करने वाली साइका ने तीन ओवर में मात्र 13 रन देकर लैनिंग और रोड्रिग्स सहित तीन बल्लेबाजों को आउट किया। वॉन्ग ने चार ओवर में मात्र 10 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि मैथ्यूज़ ने चार ओवर में 19 रन देकर तीन सफलताएं हासिल कीं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए यास्तिका ने 32 गेंद पर आठ चौकों की मदद से 41 रन बनाकर कैपिटल्स को लगभग मैच से बाहर कर दिया। यास्तिका और मैथ्यूज़ (32) लक्ष्य तक पहुंचने से पहले आउट हो गयीं, जिसके बाद नैट सिवर ब्रंट (23 नाबाद) और हरमनप्रीत कौर (11 नाबाद) ने मुंबई को जीत तक पहुंचाया।

कैपिटल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनकी ओर से पिछले मैचों जैसा दमखम देखने को नहीं मिला। शुरुआती दो मैचों में 200 का आंकड़ा पार करने वाली कैपिटल्स मुंबई की गेंदबाजी के आगे संघर्ष करती नज़र आयी।

साइका ने पारी के दूसरे ओवर में शेफाली वर्मा (02) का विकेट लेकर अपना खाता खोला, जबकि पूजा वस्त्राकर ने चार ओवर बाद एलिस कैप्सी (06) को पवेलियन लौटाया। अगले ही ओवर में वॉन्ग की गेंद पर मारिज़ाने काप का विकेट गिरने से कैपिटल्स की बल्लेबाजी चरमरा गयी।

इसके बाद हालांकि लैनिंग-रोड्रिग्स की जोड़ी ने कुछ देर के लिये पारी को संभाला। रोड्रिग्स ने क्रीज़ पर आते ही नैट सिवर-ब्रंट को दो चौके जड़कर कैपिटल्स के ऊपर दबाव कम किया। लैनिंग ने 11वें ओवर में अमेलिया केर को तीन चौके जड़कर पारी की रफ्तार बढ़ाई। लैनिंग-रोड्रिग्स ने चौथे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी करके कैपिटल्स की पारी को संभाला ही था कि तभी साइका ने दोनों को पवेलियन लौटा दिया। साइका ने 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर रोड्रिग्स को बोल्ड किया, जबकि ओवर की आखिरी गेंद पर लैनिंग को हरमनप्रीत कौर के हाथों कैचआउट करवाया।

लैनिंग के रूप में कैपिटल्स का पांचवां विकेट 84 रन पर गिरा और इसके बाद टीम सिर्फ 21 रन ही जोड़ सकी। वॉन्ग ने तानिया भाटिया और राधा यादव को आउट करके अपना स्पेल पूरा किया, जबकि मैथ्यूज़ ने जेस जॉनसन, मिन्नू मनी और तारा नॉरिस को आउट करके कैपिटल्स की पारी समाप्त की।

कैपिटल्स को छोटे लक्ष्य की रक्षा करने के लिये पहले ओवर से ही रनों पर लगाम रखनी थी, हालांकि यास्तिका ने ऐसा नहीं होने दिया। यास्तिका की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई ने पावरप्ल में बिना कोई विकेट गंवाये 47 रन जोड़ लिये। पावरप्ले के बाद हालांकि कैपिटल्स ने रनगति पर लगाम कसते हुए यास्तिका को पवेलियन भेजा। पारी की रफ्तार धीमी पड़ने पर मैथ्यूज़ भी 31 गेंद पर 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

दिल्ली ने भले ही मैच खत्म होने से पहले संघर्ष किया लेकिन छोटे लक्ष्य के सामने मुंबई के पास घबराने का कोई कारण नहीं था। सिवर-ब्रंट ने दबाव खत्म करने के लिये 13वें ओवर में दो चौके जड़े, जबकि हरमनप्रीत ने अगले ओवर में दो चौके जमाकर हाथ खोले।

## तेज गेंदबाजों के लिए 'रोटेशन' महत्वपूर्ण : महाम्ब्रे

अहमदाबाद, 09 मार्च। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अभी तक स्पिनरों का दबदबा रहा है और ऐसे में भारत का तेज गेंदबाजों की अदला-बदली (रोटेशन) करने पर सवाल उठाए जा रहे हैं लेकिन गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे ने गुरुवार को कहा कि यह फैसला तेज गेंदबाजों को भविष्य में फायदा पहुंचाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन उस्मान ख्वाजा के नाबाद शतक की मदद से चार विकेट पर 255 रन बनाए हैं।

पहले दो टेस्ट मैचों में भारत की तरफ से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज खेलें जबकि तीसरे टेस्ट मैच में शमी की जगह उमेश यादव को लिया गया था। शमी को उस मैच में विश्राम दिया गया था। चौथे टेस्ट मैच में सिराज की जगह शमी को शामिल किया गया। महाम्ब्रे से पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद पूछा गया कि क्या विश्राम देने से तेज गेंदबाजों की लय प्रभावित होती है, उन्होंने कहा,"आपको फैसला करना होता है क्योंकि आपको प्रत्येक गेंदबाज का व्यक्तिगत तौर पर कार्यभार भी देखना होता है।"

उन्होंने कहा," जिस तरह से हमने शमी को देखा हमें लगा कि उन्हें विश्राम दिए जाने की जरूरत है। इससे हमें सिराज या उमेश जैसे गेंदबाजों को मौका देने का भी अवसर मिला।"

महाम्ब्रे ने कहा," हमें इस श्रृंखला के बाद होने वाले मैचों पर भी गौर करना होगा। अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल है और हमें उस पर भी गौर करने की जरूरत है। ऐसे में आपको कभी-कभी गेंदबाजों को रोटेट करना पड़ता है और यह खिलाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है।"

## मेंडिस, करुणारत्ने के अद्धर्शतक, श्रीलंका 300 के पार

क्राइस्टचर्च, 09 मार्च। श्रीलंका ने गेंदबाजों के लिये मददगार परिस्थितियों में कुसल मेंडिस (87) की अगुवाई में बल्लेबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को छह विकेट गंवाकर 305 रन बना लिये। मेंडिस ने अपनी 87 रन की अद्धर्शतकीय पारी में मात्र 83 गेंद खेलकर 16 चौके लगाये। श्रीलंका ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए ओशाडा फर्नांडिस (13) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन मेंडिस की प्रत्याक्रामक बल्लेबाजी उनके काम आयी। मेंडिस ने कप्तान डिमुथ करुणारत्ने के साथ दूसरे विकेट के लिये 137 रन की साझेदारी की। करुणारत्ने ने मेंडिस का साथ निभाते हुए 87 गेंद पर 50 रन बनाये, जिसमें सात चौके शामिल रहे। मेंडिस और करुणारत्ने के एक साथ आउट होने के कारण न्यूजीलैंड की कुछ उम्मीदें जगीं, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज एंजलो मैथ्यूज़ ने पारी को संभाल लिया।

## इंडोनेशिया को रौंदकर भारत ने एशियाई कप की ओर बढ़ाया कदम

वियत ट्राई सिटी (वियतनाम), 09 मार्च। भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर में गुरुवार को इंडोनेशिया को 6-0 से रौंदकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वियत ट्राई स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा ग्रुप-एफ मुकाबले में मेमोल रॉकी की टीम ने दोनों अर्द्धों में तीन-तीन गोल करके अपने वर्चस्व का बराबर विभाजन किया। नेहा (चौथा, 21वां मिनट) और सुमति कुमारी (74वां, 90 1वां मिनट) ने भारत के लिये दो-दो गोल किये, जबकि काजोल डिसूज़ा (45वां मिनट) और अपूर्णा नरज़री (56वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। पिछले मैच में सिंगापुर को 7-0 से रौंदने वाली भारतीय टीम छह अंकों के साथ ग्रुप तालिका में पहले स्थान पर है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने पांच पहलवानों को एशियाई चैम्पियनशिप के ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दी

नयी दिल्ली, 09 मार्च। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरूवार को पांच पहलवानों को आगामी 2023 एशियाई चैम्पियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा शुक्रवार से कराये जाने वाले ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने छुट्टी के दिन की गई विशेष सुनवाई में कहा कि याचिकाकर्ता पहलवान अनुज कुमार, चंदर मोहन, विजय, अंकित और सचिन मोर को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति दी जाए और उनकी काबिलियत के आधार पर आंका जाए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि ट्रायल में भागीदारी का अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि अदालत ने पहलवानों की योग्यता के आधार पर कोई राय बनाई है और इस पर चयन समिति का फैसला अंतिम होगा।

न्यायमूर्ति ने कहा, "इस स्थिति और तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि प्रतिभाशाली पहलवान होने के नाते याचिकाकर्ताओं को बाहर नहीं किया जाना चाहिए कि ट्रायल्स में इनसे अधिक प्रतिभा वाले पहलवान होंगे, इस अदालत की राय है कि याचिकाकर्ता को कल और परसो इनके संबंधित वर्ग में होने वाले ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए।" अदालत पांच पहलवानों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं और जिन्होंने नौ से 14 अप्रैल तक कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित ट्रायल्स से बहार किये जाने की शिकायत की है।

याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व उनके वकील राहुल राठौड़ कर रहे हैं, जिन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूएफआई द्वारा अपनाया जाने वाला मानंदड पूरी तरह से अनुचित और मनमाना है जिससे ट्रायल्स में उन पहलवानों को शामिल किया गया जो या तो उनसे कमतर हैं या फिर उनके बराबर हैं।

## अदालत के गलियारे में नहीं होने चाहिए खिलाड़ीः दिल्ली उच्च न्यायालय

नयी दिल्ली, 09 मार्च। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगामी एशियाई खेलों के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के मद्देनजर घुड़सवारों की चयन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अदालत के गलियारे में नहीं बल्कि स्टेडियमों में होना चाहिए और जिनका उद्देश्य देश को गौरवान्वित करना है, उन्हें खेल महासंघों द्वारा मानसिक पीड़ा का शिकार नहीं बनाया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने तीन घुड़सवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के प्रतिनिधियों में पेशेवर रवैये की दयनीय स्थिति से काफी दुखी थे और मौजूदा मामला ऐसा लगता है कि जिसमें एक संस्था अपनी पूरी ताकत कुछ व्यक्तिगत खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से बाहर करने के लिये इस्तेमाल कर रही है।

चिराग खंडाल, शशांक सिंह कटारिया और यश नेनसी की याचिका महासंघ द्वारा 19वें एशियाई खेलों के लिए चयन मानंदड में शुरू किये गये कुछ बदलावों से संबंधित है। इन एशियाई खेलों का आयोजन इस साल सितंबर-अक्टूबर में चीन के हांगजोऊ में किया जायेगा। अदालत ने सात मार्च को जारी किये गये अपने आदेश में कहा, "कोई भी (खिलाड़ी) जो अपने देश का गौरवान्वित करने का लक्ष्य रखता है, उसे महासंघ और इसके अधिकारियों द्वारा मानसिक पीड़ा का शिकार नहीं बनाया जाना चाहिए। पिछले 18वें एशियाई खेलों में भारत की पदक तालिका में निचले स्थान की स्थिति को देखते हुए हमारे सारे प्रयास अपने खिलाड़ियों को सहयोग भरा वातावरण मुहैया कराने के होने चाहिए ताकि उनका ध्यान सिर्फ अपने प्रदर्शन में सुधार करने और टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करने पर लगा रहे। '

## बायर्न म्यूनिख ने पीएसजी को चैंपियन्स लीग से बाहर किया

म्यूनिख, 09 मार्च। बायर्न म्यूनिख ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर किया जिससे लियोनल मेस्सी और काइलियान एमबाप्पे का पीएसजी के साथ यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया।

म्यूनिख ने बुधवार को पीएसजी को 2-0 से हराकर कुल 3-0 के स्कोर के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पीएसजी के पूर्व खिलाड़ी किंगस्ले कोमैन ने प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में म्यूनिख की ओर से गोल दागा था। दूसरे चरण में पीएसजी के एक अन्य पूर्व खिलाड़ी एरिक मैक्सिम चोपो मोटिंग और सर्गी गनाबरी ने गोल किए।

# नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मनाया गया भारत-ऑस्ट्रेलिया की 75 साल की दोस्ती का जश्न

अहमदाबाद, 09 मार्च। भारत तथा ऑस्ट्रेलिया की दोस्ती के 75 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की उपस्थिति में गुरुवार को यहां नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर '75 इयर्स ऑफ़ फ्रेंडशिप थ्रू क्रिकेट' समारोह आयोजित किया गया।

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के स्वागत के लिये स्टेडियम परिसर में विशाल होर्डिंग्स लगाये गये। 75 इयर्स ऑफ फ्रेंडशिप थ्रू क्रिकेट की इबारत वाले होर्डिंग्स पर दोनों देशों के पूर्व और वर्तमान क्रिकेट के दिग्गजों को भी दिखाया गया। होर्डिंग्स को न केवल गलियारों, अभ्यास क्षेत्र और अन्य पैदल मार्गों में रखा गया बल्कि पारंपरिक साइटस्क्रीन के पास भी एक प्रमुख स्थान मिला।

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का अंतिम मैच विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम, नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार को प्रारंभ हुआ। टेस्ट मैच आरम्भ होने से पहले श्री मोदी तथा श्री अल्बनीज ने अपने-अपने देश की क्रिकेट टीम के कप्तानों को कैप देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे।

मोदी तथा अल्बनीस ने एक बग्गी में बैठकर पूरे स्टेडियम का चक्कर लगाया और वहां उपस्थित हजारों क्रिकेट प्रेमियों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान लोगों के हर्षघोष से स्टेडियम गूंज उठा। दोनों देशों के प्रधानमंत्री तथा स्टेडियम में उपस्थित सभी लोग भारत और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान गायन में शामिल हुए। राष्ट्रगान के बाद दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने अपने-अपने देश की टीम के खिलाड़ियों के साथ हाथ मिला कर उनका उत्साहवर्धन किया। मोदी तथा अल्बनीस ने दोनों देशों के बीच 75 वर्ष की क्रिकेट मैत्री की झलक दर्शाने वाली गैलरी भी देखी। दोनों नेताओं ने स्टेडियम की प्रेसिडेंशियल गैलरी में बैठ कर मैच की शुरुआत के कुछ पलों का आनंद लिया। मैच शुरू होने से पहले ग्राउंड पर खिलाडियों ने परम्परागत गुजराती गरबा खेला। इस अवसर पर गुजरात के मंत्री एवं राज्य के मुख्य सचिव राज कुमार सहित उच्चाधिकारी, बीसीसीआई के सचिव जय शाह सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।


**नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**
जी-4, विनोबा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर फोन 2366045
रजिस्ट्रेशन न. 2560L **आम सूचना** दि. 21.02.2023
मैं, कुंदन कँवर धर्मपत्नी श्री जितेन्द्र सिंह, निवासी मौहल्ला राजपूतों का, प्रागपुरा, तहसील कोटपूतली, जिला जयपुर, राजस्थान 303107 हाल निवासी मकान नम्बर 46, चोरडिया कॉलोनी (नवजीवन), जसवंत नगर, खातीपुरा, जयपुर, राजस्थान- 302012 ने समिति की योजना चोरडिया कॉलोनी, खातीपुरा में भूखण्ड संख्या 46, एरिया 220.00 वर्गगज को श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री सुरेश चन्द से दिनांक 30 मार्च 1999 को विक्रय पत्र द्वारा खरीदा था जिसका रजि. 506 बुक नं. 1, वोल्यूम नं. 3, पेज नं. 120 को सब रजिस्ट्रार तृतीय में अंकित है एवं अजीम खां पुत्र श्री नत्थू खां को नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर में भूखण्ड संख्या 46 एरिया 183.94 वर्गगज को जरिये आवंटन पत्र व साईड प्लान प्राप्त कर लिये थे। उसके पश्चात उक्त प्लाट को श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री सुरेश चन्द ने जरिये मुख्तारनामा आम अपने नाम करवा लिया था। उपरोक्त कागजात हमसे गुम हो गए है। जिसकी हमने पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर में गुमशुदगी की सूचना दिनांक 08.02.2022 को दे दी थी जिसका इन्द्राज गुमशुदगी रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 18 पर किया गया है जिससे हमने डुप्लीकेट आवंटन- पत्र जारी करने के लिये समिति से निवेदन किया है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि इसमें किसी को कोई ऐतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की अवधि में समिति कार्यालय में अपना एतराज प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पश्चात् कोई ऐतराज स्वीकार नहीं होगा तथा डुप्लीकेट आवंटन- पत्र जारी कर दिया जावेगा।
**मंत्री**
**नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर**

